kanwhizztimes

@kanwhizztimes lucknow

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-27 ❑ मंगलवार, 24 फरवरी 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित व दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12




दिल्ली में हुए ऐतिहासिक एआई शिखर सम्मेलन में पूरी दुनिया ने भारत के सामर्थ्य की जमकर सराहना की है। इससे पता चलता है कि प्रौद्योगिकी को लेकर हमारे युवा साथियों की सोच पूरी मानवता के बहुत काम आने वाली है। — नरेन्द्र मोदी


दुनिया की सबसे पारदर्शी कैब सर्विस होगी भारत टैक्सी : शाह 11

विधानसभा में विधायक निधि फंड बढ़ाने की मांग पर विधायकों ने खोला मोर्चा 12


# सिंगापुर में पहले दिन हुए 20 हजार करोड़ के एमओयू

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यथ के नेतृत्व में मिली बड़ी सफलता

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में टीम यूपी को सिंगापुर में निवेश प्रस्ताव हासिल करने में बड़ी सफलता मिली है।

दौरे के पहले दिन कुल 19,877 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और कंपनियों से हुए यह समझौते प्रदेश के औद्योगिक विकास व रोजगार के लिए अहम माने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निवेशकों के बीच स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश सरकार निवेशकों को पारदर्शी नीतिगत ढांचा, त्वरित स्वीकृतियां और बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सिंगापुर में निवेश समझौता ज्ञापनों में एक बड़ा प्रस्ताव यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप की ओर से आया है, जिसने ग्रुप हाउसिंग, लाजिस्टिक पार्क और डेटा सेंटर परियोजनाओं में 6,650 करोड़ रुपये के निवेश से जुड़ी तीन एमओयू किए हैं। इन परियोजनाओं से शहरी विकास, औद्योगिक गतिविधियों और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को नई गति मिलने की उम्मीद है। तीनों परियोजनाओं से 20 हजार से अधिक रोजगार भी सृजित होंगे। इसके अलावा गोल्डन स्टेट कैपिटल (जीएससी) ने यूपी में 100 मेगावाट क्षमता के डेटा सेंटर की स्थापना के लिए 8,000 करोड़ रुपये निवेश करने की घोषणा की जबकि प्राइवेट इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट ग्रुप (पीआईडीजी) ने नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और कृषि सह सोलर (एग्री-पीवी) परियोजनाओं में 2,500 करोड़ रुपये निवेश का समझौता ज्ञापन किया। एवीपीएन लिमिटेड ने भी नवीकरणीय ऊर्जा और एग्री-पीवी क्षेत्र में 2,727 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई। इन परियोजनाओं से उत्तर प्रदेश के हरित ऊर्जा लक्ष्यों को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने निवेश के साथ-साथ कौशल विकास पर भी विशेष जोर दिया। तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण (टीवीईटी) को सुदृढ़ करने के लिए आईटीई एजुकेशन सर्विसेज (आईटीईईएस) के साथ सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी के तहत आईटीईईएस शैक्षणिक विकास, बुनियादी ढांचे के उन्नयन, नेतृत्व क्षमता निर्माण, आईएसक्यू प्रमाणन तथा क्वालिटी एश्योरेंस जैसे क्षेत्रों में परामर्श और तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा। इससे प्रदेश की कौशल व्यवस्था को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करना है।



- ❑ कौशल विकास को भी मिला वैश्विक सहयोग डेटा सेंटर व ग्रीन एनर्जी पर रहा विशेष फोकस
- ❑ लाजिस्टिक पार्क व डेटा सेंटर में करेगा 6,650 करोड़ का निवेश
- ❑ जीएससी 100 मेगावाट क्षमता के डेटा सेंटर की स्थापना के लिए 8,000 करोड़ करेगा निवेश
- ❑ पीआईडीजी नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन व कृषि सह सोलर में लगाएगी 2,500 करोड़
- ❑ एवीपीएन लिमिटेड भी नवीकरणीय ऊर्जा-एग्री-पीवी क्षेत्र में लगाएगी 2,727 करोड़ रुपये

### यूपी विरासत, आस्था और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का संतुलित मॉडल पेश कर रहा : योगी

लखनऊ। सिंगापुर में बसे भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को नए भारत और नए उत्तर प्रदेश की स्पष्ट और आत्मविश्वास से भरी तस्वीर प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि जो उत्तर प्रदेश कभी दंगों और कर्फ्यू के लिए जाना जाता था, वही आज विकास, निवेश, आस्था, औद्योगिक प्रगति और वैश्विक विश्वास का केंद्र बन चुका है।

अब वह दंगों वाला यूपी नहीं है। अब उत्तर प्रदेश में न कर्फ्यू है, न दंगा, अब उत्तर प्रदेश में सब चंगा है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में नए उत्तर प्रदेश की बदली तस्वीर, विरासत और विकास के संगम तथा कानून-व्यवस्था में आए व्यापक परिवर्तन को विस्तार से रखा। इस दौरान सीएम योगी ने उपस्थित सभी लोगों को आगामी होली पर्व की ● शेष पेज 11 पर

# ‘डॉ यूनुस ने नहीं किया संविधान के तहत काम’

एजेंसी

ढाका। बंगलादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने कहा है कि अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफ़ेसर मुहम्मद यूनुस ने संवैधानिक प्रावधानों का पालन नहीं किया और श्री युनूस ने उन्हें पद से हटाने के लिए साजिश भी रची । उन्होंने आरोप लगाया कि न तो उन्हें विदेश दौरों की जानकारी दी गयी और न ही राज्य के मामलों पर कोई जानकारी उपलब्ध करवाई गयी थी।

कालेर कंठ अखबार ने श्री शहाबुद्दीन के हवाले से कहा कि मुख्य सलाहकार कई बार विदेश गए, लेकिन लौटने के बाद कभी राष्ट्रपति से मुलाकात नहीं की और न ही किसी तरह की लिखित रिपोर्ट सौंपी, जबकि यह उनका संवैधानिक दायित्व था।

राष्ट्रपति ने कहा, ''मुख्य सलाहकार ने संविधान के किसी भी प्रावधान का पालन नहीं किया। जब भी वह विदेश जाते थे, उन्हें लौटकर राष्ट्रपति से मिलना और परिणामों की जानकारी लिखित रूप में देना चाहिए था। वह 14 से 15 बार विदेश गये, लेकिन एक बार भी मुझे सूचना नहीं दी। वह कभी मुझसे मिलने नहीं आये। श्री शहाबुद्दीन ने कहा कि उस अवधि में उन्हें ''पूरी तरह अंधेरे में रखा गया'' और कोसोवो तथा कतर की उनकी प्रस्तावित दो विदेश यात्राएं भी रोक दी गयीं। श्री शहाबुद्दीन ने तत्कालीन राजनीतिक तनाव का उल्लेख करते हुए कहा, उस स्थिति में मुझे डॉ. यूनुस का एक भी फोन कॉल नहीं आया। वह न तो मेरे पक्ष में थे और न ही मेरे खिलाफ। स्वाभाविक रूप से मैंने भी उनसे किसी तरह की मदद नहीं मांगी।''



❑ न तो विदेश दौरों की जानकारी दी गयी और न ही राज्य के मामलों पर कोई जानकारी उपलब्ध करवाई गयी मुझे हटाने की रची गयी साजिश : बंगलादेशी राष्ट्रपति शहाबुद्दीन

उन्होंने कहा कि कूटनीतिक हलकों ने भी उन्हें असंवैधानिक तरीके से हटाने का विरोध किया, जिसे उन्होंने ''एक बड़ी ताकत'' बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि 2024 के उग्र छात्र आंदोलन के बाद अंतरिम सरकार के दौरान उन्हें हटाने के बार-बार प्रयास किये गये, लेकिन सेना और बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के समर्थन से संवैधानिक निरंतरता बनी रही। उन्होंने कहा, ''एक समय तो मुझे हटाकर असंवैधानिक तरीके से एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश को राष्ट्रपति पद पर बैठाने की साजिश भी रची गयी, लेकिन उस न्यायाधीश ने संविधान का हवाला देते हुए प्रस्ताव ठुकरा दिया। श्री शहाबुद्दीन ने 22 अक्टूबर 2024 की रात बंगभवन के बाहर हुए प्रदर्शनों को ''डरावनी रात'' बताते हुए कहा कि भीड़ को उकसाया गया, राष्ट्रपति आवास को लूटने की कोशिशें हुईं, जिन्हें बाद में सेना की तैनाती से नियंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि विदेशों में बंगलादेश मिशनों से उनके चित्र हटाया जाना भी उन्हें पद से हटाने के प्रयासों का संकेत था। राष्ट्रपति ने कहा अपमानजनक परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने संविधान की निरंतरता की रक्षा के लिए दृढ़ता बनाए रखी।

## संक्षेप

### अजित पवार विमान हादसा: महाराष्ट्र सरकार ने सीबीआई जांच की सिफारिश की

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने पिछले महीने बारामती में हुए विमान हादसे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत के मामले की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार देर शाम बताया कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की ओर से सीबीआई जांच की मांग करते हुए पत्र मिला था। इसके बाद राज्य सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से मामला सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया। अब इस प्रकरण की जांच सीबीआई के साथ-साथ नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और राज्य सीआईडी द्वारा भी जारी रहेगी। श्री फडणवीस ने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) 28 जनवरी को बारामती में हुए विमान हादसे की जांच कर रहा है और जल्द ही प्रारंभिक रिपोर्ट पेश करेगा। उन्होंने कहा, ''रिपोर्ट आने दीजिए, उसके बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचें। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, हम सभी स्तब्ध हैं, परिवार निश्चित रूप से गहरे सदमे में है। सभी शंकाओं का समाधान किया जाएगा और पूरी सच्चाई सामने लाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दुर्घटनाग्रस्त विमान की मालिक कंपनी वीएसआर द्वारा संचालित सभी उड़ानों का ऑडिट शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वह स्वयं चार-पांच बार उसी विमान से यात्रा कर चुके थे। वॉयस रिकॉर्डर से डाटा निकालने के लिए निर्माता कंपनी से तकनीकी सहायता ली गई है।

### किशतवाड़ में टेरर नेटवर्क का खात्मा : सेना बोली- 326 दिन तक ऑपरेशन चलाया, 7 आतंकी मारे

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किशतवाड़ जिले में 326 दिनों तक चले हाई-एल्टीट्यूड ऑपरेशन में सात खतरनाक आतंकवादी मारे गए हैं। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर (16 कोर) ने सोमवार को यह जानकारी दी। व्हाइट नाइट कोर ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स‘ पर पोस्ट किया, ''किशतवाड़ इलाके में 326 दिनों तक लगातार हाई-एल्टीट्यूड अभियान चलाए गए। सेना ने मुश्किल इलाकों में ठंडे, गीले और बर्फीले मौसम के बीच आतंकवादियों को ट्रैक किया। इस दौरान कई बार मुठभेड़ हुई। व्हाइट नाइट कोर की टुकड़ियों, जम्मू कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने खुफिया एजेंसियों के मजबूत खुफिया तंत्र के आधार पर आखिरकार किशतवाड़ के चटरू क्षेत्र में सभी सात कुख्यात आतंकवादियों को मार गिराया।'' इनमें से एक 10 लाख का इनामी आतंकी कमांडर सैफुल्लाह के होने का संदेह है। अगर जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर सैफुल्ला है तो सुरक्षाबलों की ये सफलता जैश के नेटवर्क की कमर तोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। पोस्ट में आगे कहा गया, ''ऑपरेशन में मदद के लिए एफपीवी ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी, आरपीए/यूएवी और संचार साधनों के रूप में टेक्नोलॉजी का लगातार इस्तेमाल किया गया।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर डबल डेकर बस पलटी, छह मरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के गोसाईगंज क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सोमवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जौखंडी गांव के पास तेज रफ्तार स्लीपर कोच डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। हादसे में खबर लिखे जाने तक पांच लोगों के मौत की सूचना है, जबकि 31 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस पंजाब के लुधियाना और पानीपत से यात्रियों को लेकर बिहार के दरभंगा और अररिया की ओर जा रही थी। सोमवार शाम करीब 4:30 बजे गोसाईगंज थाना क्षेत्र के खेमा खेड़ा और जौखंडी गांव के पास 11.6 के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर तेज गति के कारण बस बेकाबू होकर पलट गई। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और चालक को नींद आना बताया जा रहा है।

सूचना मिलते ही गोसाईगंज पुलिस, आपदा राहत टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज भेजा गया, जहां से गंभीर रूप से घायल यात्रियों को केजीएमयू ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। कमिश्नर विजय विश्वास पंत समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।



# टीएमसी मुकुल रॉय का निधन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ राजनेता एवं विधायक मुकुल रॉय का रविवार देर रात कोलकाता में निधन हो गया। वह 71 साल के थे।

श्री रॉय का लंबे समय से शहर के एक निजी अस्पताल में गुर्दे से जुड़ी दिक्कतों समेत कई बीमारियों का इलाज चल रहा था। श्री रॉय को इलाज के दौरान दिल का दौरा पड़ा था। उनके निधन से पूरे राजनीतिक माहौल में मातम छा गया है। श्री रॉय के निधन की खबर आने के तुरंत बाद, तृणमूल कंग्रेस के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक उनके घर के बाहर जमा होने लगे। पार्थिव शरीर को दोपहर में पश्चिम बंगाल विधानसभा ले जाया जाएगा, जहां अध्यक्ष और विधायकों के अंतिम दर्शन करने की उम्मीद है। बाद में पार्थिव शरीर को कांचरापाड़ा में उनके घर ले जाया जाएगा। श्री रॉय को अक्सर ‘बंगाल राजनीति का चाणक्य‘ कहा जाता है। वह कई सालों से सेहत से जुड़ी दिक्कतों से जूझ रहे थे और अक्सर अस्पताल में भर्ती रहते थे। उनके हाल के सालों में राजनीतिक करियर में कई उतार-चढ़ाव ● शेष पेज 11 पर

# पहली आतंकवाद-विरोधी नीति जारी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने सोमवार को भारत की पहली व्यापक आतंकवाद-रोधी नीति जारी की। इसे ‘प्रहार‘ नाम दिया गया है। इस नीति में सीमा पार से होने वाले आतंकवाद, साइबर हमलों, ड्रोन और उभरती तकनीकों के गलत इस्तेमाल जैसे खतरों का प्रमुखता से जिक्र किया गया है। नीति में यह भी बताया गया है कि केवल सीमा पार से होने वाला आतंकवाद ही खतरा नहीं है, बल्कि आपराधिक हैकर और अन्य राष्ट्र भी भारत को निशाना बना रहे हैं।

नीति में कहा गया है कि भारत को जल, थल और वायु मार्गों से आतंकवादी खतरों का सामना करना पड़ता है। इसमें यह भी बतया गया है कि बिजली, रेलवे, विमानन, बंदरगाह, रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु उर्जा जैसे अर्थव्यवस्था के अहम क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए क्षमताएं विकसित की गई हैं।

मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए रणनीति दस्तावेज में कहा गया है कि भारत आतंकवाद को किसी खास धर्म, जाति, राष्ट्रीयता या सभ्यता से जोड़कर नहीं देखता। इसमें यह भी कहा गया है कि देश लंबे समय से सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद का सामना कर रहा है, जिसमें जिहादी आतंकवादी संगठन और उनके मुखौटा संगठन लगातार हमलों की योजना बना रहे हैं।

नीति में अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) जैसे वैश्विक आतंकवादी संगठनों के नाम का भी जिक्र किया गया है और कहा गया है कि ये जासूसों (स्लीपर सेल) के जरिये भारत में हिंसा भड़काने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि कईधशों से कट्टरपंथी आतंकवाद को बढ़ावा देने की साजिश रच रहे हैं। नीति में यह भी बताया गया है कि सीमा पार से साजिशकर्ता उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। खासकर पंजाब और जम्मू-कश्मीर में ड्रोन का इस्तेमाल बढ़ा है। आतंकवादी समूह अब संगठित आपराधिक नेटवर्क का इस्तेमाल अपने संचालन और नई भर्ती के लिए कर रहे हैं। दस्तावेज में बताया गया है कि डिजिटल मोर्चे पर आतंकवादी सोशल मीडिया, इंस्टेट मैसेजिंग एप, एनक्रिप्शन टूल, डार्क वेब और क्रिप्टो वॉलेट का इस्तेमाल कर प्रचार, धन जुटाने और संचालन संबंधी मार्गदर्शन के लिए कर रहे हैं। इससे उनकी गतिविधियां गुमनाम बनी रहती हैं। नीति में कहा गया है कि रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल, परमाणु विस्फोटक, डिजिटल (सीबीआरएनईडी) सामग्री तक आंतकवादियों की पहुंच और उसका उपयोग करने के प्रयासों को रोकना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। ड्रोन और रोबोट का घातक उद्देश्यों के लिए दुरुपयोग करना भी चिंता का ● शेष पेज 11 पर




❑ केंद्र ने प्रहार नाम दिया, इसमें कहा- आतंकवादी इंटरनेट के जरिए भर्तियां और जिहाद का महिमामंडन करते हैं, नागरिकों के हितों की रक्षा पर जोर

# इंडी अलायंस का नेतृत्व छोड़ें राहुल : मणिशंकर

एजेंसी

कोलकाता। कंग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने रविवार को कोलकाता में कहा कि ममता दीदी के बिना इंडिया गठबंधन खत्म हो जाएगा। क्योंकि ममता बनर्जी इस गठबंधन की लीडर हैं। उनके साथ, दो-चार और लोग हैं जो यह जगह पा सकते हैं।

मुझे लगता है कि राहुल गांधी को गठबंधन का नेतृत्व करने की बजाय छोटी पार्टियों को मौका देना चाहिए। फिर चाहे वह स्टालिन हों, ममता दीदी हों, अखिलेश हों, तेजस्वी हों, या कोई और राहुल गांधी को इन लोगों को जिम्मेदारी देनी चाहिए। वहीं, जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक सावल के जवाब में कहा कि कोई यह नहीं कह सकता कि अय्यर को अपनी राय देने का हक नहीं है। लेकिन, जब फैसला होगा, तो वह इंडिया ब्लॉक लेगा और सभी दल इस पर चर्चा करेंगे। लीडरशिप के मुद्दे पर पहले इंडिया ब्लॉक के अंदर ही चर्चा होनी चाहिए, लेकिन राहुल गांधी ने भाजपा और सरकार से लड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

मणिशंकर अय्यर ने पश्चिम बंगाल में कंग्रेस कार्यकर्ताओं के ममता बनर्जी का समर्थन करने पर कहा, ‘मैं खुद टीएमसी में ममता दी का पहला नेशनल सेक्रेटरी था। मैं दिसंबर 1997 के आखिर में यहां पार्टी में शामिल हुआ था। लेकिन तीन हफ्ते के अंदर ही मुझे एहसास हो गया कि यह पार्टी बंगालियों की है और मैं बंगाली नहीं हूं। तो फिर मैं वहां क्या करता? इसलिए मैंने पार्टी छोड़ दी, लेकिन तीन हफ्ते तक मैं ममता दी का राइट-हैंड मैन था जब उन्होंने यह पार्टी बनाई। कंग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने बुधवार को कहा ● शेष पेज 11 पर



❑ गठबंधन की लीडर बनें ममता, उमर अबदुल्ला बोले-राहुल ने बीजेपी से लड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी

# राष्ट्रपति भवन में राजाजी की प्रतिमा का अनावरण

## लुटियंस की जगह लगाई गई राजाजी की प्रतिमा, राष्ट्रपति मुर्मू ने किया अनावरण

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन परिसर में आजाद भारत के पहले और एकमात्र भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती सी. राजगोपालाचारी (राजाजी) की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने राजाजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को समर्पित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। यह प्रदर्शनी 24 फरवरी से 1 मार्च तक राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान में आने वाले आम नागरिकों के लिए खुली रहेगी।

अशोक मंडप के समीप ग्रैंड ओपन सीढ़ी पर स्थापित राजाजी की यह प्रतिमा पहले वहां लगी एडविन लुटियंस की प्रतिमा के स्थान पर लगाई गई है। इसे औपनिवेशिक मानसिकता के अवशेषों को समाप्त करने और भारत की सांस्कृतिक विरासत तथा राष्ट्रीय आत्मगौरव को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रपति भवन में स्थापित की गई राजाजी की प्रतिमा का अनावरण करना उनके लिए ऐतिहासिक अवसर है। राजाजी को सम्मानित कर देश ने अपने आत्मगौरव का सम्मान किया है। उन्होंने स्मरण कराया कि जब राजाजी गवर्नमेंट हाउस (अब राष्ट्रपति भवन) पहुंचे थे, तब उन्होंने अपने कक्ष में रामकृष्ण परमहंस और महात्मा गांधी के चित्र लगाए थे। इससे उन्होंने यह संदेश दिया कि भारत भले ही औपचारिक रूप से डोमिनियन रहा हो, लेकिन भारतीयों के हृदय में स्वराज स्थापित हो चुका था।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की विरासत पर गर्व करने और गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का जो राष्ट्रीय अभियान चल रहा है, उसमें राजाजी के आदर्श स्पष्ट रूप से परिलक्षित होते हैं। ब्रिटिश शासन के दौरान शासक जनता से दूरी बनाए रखते थे, लेकिन स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र का मूल सिद्धांत जन-जन से जुड़ाव है। राष्ट्रपति भवन राष्ट्र का भवन है और इसके द्वार सभी देशवासियों के लिए खुले हैं। राष्ट्रपति ने ‘विकसित भारत 2047’ के लक्ष्य की ओर अग्रसर देशवासियों से राजाजी के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजाजी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे और विधि, स्वतंत्रता संग्राम, सामाजिक-आर्थिक सुधार, प्राचीन भारतीय ग्रंथों, तमिल एवं अंग्रेजी साहित्य, कविता, संगीत, राजनीति और प्रशासन जैसे अनेक क्षेत्रों में उनका योगदान अतुलनीय रहा है। इस अवसर पर आयोजित ‘राजाजी उत्सव’ को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राजाजी की प्रतिमा का अनावरण औपनिवेशिक प्रभाव से मुक्ति की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रक्रिया एक सतत परिवर्तन है, जो शासन, कानून, शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रीय पहचान के क्षेत्रों में दिखाई दे रही है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ‘गुलामी मानसिकता से मुक्ति’ की परिकल्पना को अनेक पहलों के माध्यम से साकार किया गया है। इनमें राजभवनों को लोकभवनों के रूप में विकसित करना, औपनिवेशिक काल के आपराधिक कानूनों को निरस्त करना, इंडिया गेट के ● शेष पेज 11 पर



# तेजस विमान में तकनीकी खराबी आई थी, दुर्घटनाग्रस्त नहीं हुआ: एचएएल

नयी दिल्ली। रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने वायु सेना के एक स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान के इस महीने के शुरू में दुर्घटनाग्रस्त होने की रिपोर्टों का खंडन करते हुए कहा है कि इस विमान को तकनीकी गड़बड़ी का सामना करना पड़ा था और उसे किसी भी तेजस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना नहीं है। वायु सेना के लिए तेजस बनाने वाले उपक्रम एचएएल ने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने तथा तेजस विमानों की उडान रोके जाने की मीडिया में आई रिपोर्टों पर सोमवार को स्पष्टीकरण दिया। एच ए एल ने कहा कि एलसीए तेजस के किसी भी विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की कोई सूचना नहीं है। सार्वजनिक उपक्रम ने कहा कि जिस घटना का मीडिया में हवाला दिया जा रहा है वह ज़मीन पर हुई एक मामूली तकनीकी समस्या थी। सार्वजनिक उपक्रम ने कहा है कि तेजस का समकालीन लड़ाकू विमानों में विश्व में सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा रिकॉर्ड है और वह इसे बनाये हुए है। एचएएल ने कहा है कि मानक संचालन ● शेष पेज 11 पर

# ग्रीन एनर्जी पर आया अन्नदाता का दिल,प्रयागराज में पीएम कुसुम योजना का सौ फीसदी लक्ष्य हुआ पूरा

❐ किसानों की सिंचाई की लागत को कम करने के लिए पीएम कुसुम योजना वरदान साबित हो रही है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार संकल्पित है । खेती की लागत को कम करने के लिए सरकार कई तरह से प्रयास कर रही है। किसान सिंचाई के लिए डीजल पंप का उपयोग करते हैं । डीजल की कीमतों में हो रही बढ़ोत्तरी की वजह से किसानों की खेती की लागत अधिक आती है। किसानों की सिंचाई की लागत को कम करने के लिए पीएम कुसुम योजना वरदान साबित हो रही है । प्रयागराज जनपद में इस योजना ने सौ फीसदी का लक्ष्य हासिल किया ।

## योजना में जनपद ने हासिल किया फीसदी लक्ष्य

प्रयागराज में इस योजना के लिए बड़ी संख्या में किसान आगे आ रहे हैं। प्रयागराज के कृषि उप निदेशक पवन कुमार विश्वकर्मा बताते हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत जनपद में 254 का लक्ष्य मिला था जिसकी सौ फीसदी प्राप्ति हो चुकी है। किसानों की तरफ से इस योजना का लाभ लेने के लिए अभी तक 302 लोगों ने टोकन लिया था जिसमें 254 के लक्ष्य की प्राप्ति हो चुकी है। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार भी प्रदेश में सोलर ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग को बढ़ावा देने के लिए किसानों और उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित कर रही है। प्रदेश के नए बजट में इसकी एक झलक देखी जा सकती है जहां पीएम कुसुम और पीएम सोलर ऊर्जा के 1500 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

## सोलर एनर्जी के उत्पादन में मिल रही सब्सिडी से किसानों की सोच में आया बदलाव

पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को अपने खेतों पर सोलर पैनल लगाने से सरकार की ओर से 90 फीसदी तक की मदद मिलती है । इस योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से किसानों को 30% , राज्य सरकार की तरफ से 30% और अन्य वित्तीय संस्थानों की तरफ से 30% की सब्सिडी दी जाती है । इस तरह योजना में सिर्फ 10% ही किसानों को देना होता है । प्रयागराज के मेजा के हरबारी लखापुर गांव की सीमांत कृषक नीतू मिश्रा कहती हैं कि सीमांत किसान की आर्थिक स्थिति को देखते हुए बिजली और डीजल का खर्च बड़ी समस्या होती है। इसका विकल्प उन्हें पीएम कुसुम योजना में मिला । उन्होंने पीएम सोलर की दो यूनिट अपने खेतों में स्थापित कराई हैं जिनसे उनका ट्यूबवेल और पॉली हाउस में रोशनी का पूरा खर्च बच गया है। उनका फायदा देखकर गांव के दूसरे किसान भी इसकी तरफ मुड़ रहे हैं। किसान इससे पैदा होने वाली सौर ऊर्जा बेचकर भी कमाई कर सकता है।

सोलर पंप का उपयोग सिर्फ खेती और सिंचाई में ही नहीं बल्कि बिजली उत्पादन में भी किया जा सकता है । इस योजना के जरिए बिजली या डीजल से चलने वाले सिंचाई पंप को सोलर एनर्जी से चलने वाले पंप में बदला जा सकता है ।इसके बाद जो भी बिजली बचती है उसे वितरण कंपनियों को बेचा जा सकता है ।

# जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

❐ बैठक में जनपद के विभिन्न व्यापार मंडलों के प्रतिनिधि, व्यापारीगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संगम सभागार में जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न व्यापार मंडलों के प्रतिनिधि, व्यापारीगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत श्रम विभाग एवं ईपीएफओ के अधिकारियों द्वारा रोजगार सृजन और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम–प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना–पर प्रस्तुतीकरण के साथ हुई, जिसमें व्यापारियों को योजना के लाभ एवं पंजीयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।बैठक में पूर्व बैठकों में उठाई गई समस्याओं के निस्तारण की प्रगति से व्यापारियों को अवगत कराया गया तथा संतुष्ट प्रकरणों को सहमति से निक्षेपित किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक माह प्रस्तावित बैठक से पूर्व संबंधित विभाग व्यापार बंधुओं के साथ समन्वय बैठक अवश्य करें।शहर के विभिन्न मुद्दों पर भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जानसेनगंज चौराहे पर रेखी ब्रदर्स की बिल्डिंग ध्वस्तीकरण के बाद समाप्त हुए सार्वजनिक शौचालय के पुनर्निर्माण हेतु नगर निगम को उपयुक्त स्थान चिह्नित करने को कहा गया। रीवा रोड स्थित जारी बाजार में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्थायी सफाईकर्मी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए। शाहगंज थाना से सस्ता बाजार मार्केट तक नशेड़ियों की गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु आबकारी, नगर निगम, पुलिस विभाग एवं प्रशासन की संयुक्त टीम बनाकर प्रवर्तन कार्रवाई और पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए।फाफामऊ निवासी राजीव सिंह की भूमिधरी जमीन पर अराजक तत्वों द्वारा देवस्थान स्थापित करने के प्रयास की शिकायत पर नगर निगम, उपजिलाधिकारी व एसीपी की संयुक्त टीम से जांच कराने को कहा गया। नवाबगंज के दहियावा रोड बाजार में जलभराव की समस्या के समाधान हेतु निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। सोरांव क्षेत्र में स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता पर पूर्ण कराने, लोकनाथ चौराहे पर विद्युत तारों को व्यवस्थित कर अंडरग्राउंड व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित विभिन्न प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि व्यापार बंधुओं से संबंधित सभी प्रकरणों का ससमय, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को सुगम वातावरण मिल सके। बैठक में नगर निगम, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, पुलिस कमिश्नरेट सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री जनता बस सेवा संचालन से जनता ने जताया आभार



कोरांव,प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश सरकार की योगी सरकार ने ग्रामीणों के लिए मुख्यमंत्री जनता बस सेवा शुरू की है, जिससे उन्हें कम किराये में सुरक्षित और सुगम यात्रा का लाभ मिल रहा है। इस सेवा के तहत, बडोखर से देवघाट खजूरी होकर कोरांव बस स्टैंड से परिवहन निगम द्वारा संचालित बस सेवा सुबह 6:50 बजे प्रयागराज जीरोरोड बस स्टैंड के लिए रवाना होती है, जो लगभग 8:50 बजे तक जीरोरोड पहुंचा देती हैश।इसके अलावा, कोरांव स्टैंड से सुबह 7:30 बजे मेजारोड होकर प्रयागराज के लिए भी बस सेवा शुरू की गई है। इसी तरह, कोरांव से मांडा जिगना मिर्ज़ापुर होकर वाराणसी के लिए भी बस सेवा शुरू की गई है।इस सेवा के तहत, यात्रियों को दुर्घटना बीमा का भी लाभ मिल रहा है। सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित और सुगम परिवहन सुविधा प्रदान करना है।

## अब यातायात होगा सुगम जल्द , होगा गड्ढा मुक्त सड़क



**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बड़ोखर मंडल में देवघाट से टुडियार मार्ग का भूमि पूजन किया गया, जो 16 किलोमीटर लंबा है। इस सड़क के बनने से क्षेत्र की जनता को आने-जाने में सुविधा होगी। विधायक राजमणि कोल ने भूमि पूजन किया, जिसमें लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। यह सड़क पहले बहुत खराब थी और लोगों को इससे परेशानी होती थी।

## मोटर साइकिल से गिरने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल



**कोरांव प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** झूलनी मझिगवा गांव के राम जी को मोटर साइकिल से गिरने के कारण सिर में चोट लगी थी। उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, इसलिए परिजन उन्हें कोरांव के चौधरी हेल्थ केयर हॉस्पिटल लाए। डॉ आनंद त्रिपाठी और डॉ बीके चौधरी ने उनका इलाज किया और लगभग एक सप्ताह आईसीयू में रखने के बाद अब उन्हें जनरल वार्ड में शिफ्ट किया गया है। डॉ भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि उन्होंने राम जी का इलाज किया और उनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए उनका इलाज किया। परिजनों ने डॉक्टर्स का आभार प्रकट किया है।

## प्रयागराज में सराय एक्ट को लेकर सख्ती, पंजीयन निरस्तीकरण की चेतावनी

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सराय एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत गेस्ट हाउस, होटल, लॉज व धर्मशाला के प्रोपराइटर अथवा प्रबंधक में परिवर्तन होने पर नवीनीकृत नाम अनिवार्य रूप से सराय एक्ट के रजिस्टर में दर्ज कराया जाए। इसके लिए संबंधित अभिलेखों व पूर्व पंजीयन प्रमाण-पत्र सहित अपर जिलाधिकारी कार्यालय में आवेदन करना आवश्यक होगा। निरीक्षण के दौरान यदि अभिरक्षित रजिस्टर से भिन्न नाम पाया गया तो संबंधित प्रतिष्ठान का पंजीयन निरस्त करते हुए नियमानुसार संचालन बंद कराने की कार्रवाई की जाएगी। एडीएम नगर ने यह भी चेतावनी दी है कि बिना पंजीयन अथवा अनधिकृत रूप से संचालित गेस्ट हाउस, होटल, लॉज व धर्मशालाओं के संचालक तत्काल सराय एक्ट के अंतर्गत पंजीयन कराएं। जनसुरक्षा और पर्यटकों की सुरक्षा को देखते हुए बिना पंजीयन संचालित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर उन्हें बंद कराया जाएगा।

## जितेंद्र कोल की हत्या का आखिर कोरांव पुलिस ने किया खुलासा

**कोरांव, प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । कोरांव पुलिस ने एक हत्या के मामले का अनावरण किया है, जिसमें 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मृतक जितेंद्र कुमार की लाश को पहाड़ी में गड्ढे में छिपा दिया गया था। आरोपियों में आशीष निवासी हरदौन सूरज कोल निवासी हरदौन मनीष कोल लखापुर और रुपा देवी निवासी लखापुर शामिल हैं।पुलिस ने बताया कि जितेंद्र कुमार ने रुपा देवी के साथ बलात्कार किया था और शादी से इनकार कर रहा था। इसी तरह उसने सूरज की बहन के साथ भी बलात्कार किया था। आरोपियों ने मिलकर जितेंद्र कुमार की हत्या कर दी और उसके शव को पहाड़ी में छिपा दिया।गिरफ्तार आरोपियों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को जल्द ही अदालत में पेश किया जाएगा गिरफ्तार करने में मुख्य रूप से इंस्पेक्टर थाना कोरांव राकेश कुमार वर्मा , उपनिरीक्षक सेवालाल , चौकी इंचार्ज बडोखर प्रहलाद कुमार पाल , उपनिरीक्षक अरविंद कुमार सिंह , उपनिरीक्षक मोनिश आलम ,महिला उपनिरीक्षक शिवानी पटेल , हेड कांस्टेबल अवधेश सिंह , कांस्टेबल पंकज सोनकर शामिल थे।

## टोल प्रोजेक्ट में निवेश के नाम पर 56 लाख की ठगी, छह पर मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिविल लाइंस थाने में टोल प्लाजा प्रोजेक्ट में निवेश के नाम पर 56 लाख रुपये की कथित ठगी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने ठेकेदार बृजेश पांडेय, उसके भाई शैलेश (लेश) पांडेय समेत छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।पीड़ित अनुग्रह कुमार, निवासी टंडन रोड सिविल लाइंस, ने तहरीर में बताया कि आरोपियों ने खुद को टोल शुल्क संग्रह का अधिकृत ठेकेदार बताते हुए नेमी ब्रिज सेक्शन से जुड़े नेशनल हाईवे-30 पर टोल संचालन का टेंडर मिलने का दावा किया। कहा गया कि उदयपुर (राजस्थान) की एक फर्म के साथ साझेदारी है और निवेश करने पर छह माह में रकम डेढ़ गुना लौटाई जाएगी ।शिकायत के मुताबिक झांसे में आकर पीड़ित ने पहले 18 लाख और बाद में 38 लाख रुपये दे दिए। जब तय समय पर रकम वापस मांगी गई तो आरोपियों ने भुगतान से इनकार कर दिया। बाद में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से जानकारी लेने पर पता चला कि संबंधित फर्म के साथ टोल प्लाजा संग्रह को लेकर कोई संविदा या भागीदारी नहीं है ।सिविल लाइंस पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस का दावा है कि तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रेमी आधी रात पहुंचा प्रेमिका के घर, परिजनों ने चोर समझकर की पिटाई

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कलयुग की प्रेम कहानी का एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। प्रेमिका से मिलने आधी रात उसके घर पहुंचे युवक को परिजनों ने चोर समझ लिया और पकड़कर पिटाई कर दी। हंगामा बढ़ने पर किसी ने डायल 112 पर सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब मामला प्रेम प्रसंग का पाया तो बिना किसी कानूनी कार्रवाई के लौट गई ।बताया जा रहा है कि मडुआडीह क्षेत्र की एक युवती का दूसरे गांव के युवक से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों को जानकारी होने पर युवती की शादी दूसरी जगह तय कर दी गई, जिसकी बारात 26 फरवरी को आनी है। शादी की खबर सुनकर प्रेमी व्याकुल हो गया। सूत्रों के अनुसार एक सप्ताह पूर्व दोनों प्रयागराज रेलवे स्टेशन से भागने की कोशिश में पकड़े गए थे ।बीती मध्य रात्रि युवक कथित तौर पर प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गया। आहट होते ही परिजनों ने उसे दबोच लिया और चोर समझकर धुनाई कर दी। प्रेमिका ने बीच-बचाव कर उसे बचाने का प्रयास किया ।पुलिस के पहुंचने पर जब पूरा मामला प्रेम संबंध का निकला तो किसी पक्ष की ओर से तहरीर न देने के कारण कार्रवाई नहीं हुई। युवती के परिजनों ने नाराजगी जताते हुए उसका मोबाइल फोन भी अपने कब्जे में ले लिया है। घटना के बाद पूरे इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और अब सबकी नजरें 26 फरवरी को होने वाली शादी पर टिकी हैं।

# केंद्रीय गृह मंत्री से मिलने नई दिल्ली पहुंचे पत्नी संग नीरज त्रिपाठी



❐ प्रयागराज वापस आने पर कार्यकर्ताओं ने किया नीरज त्रिपाठी का स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। नीरज त्रिपाठी ने अपनी पत्नी कविता के साथ अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री व सहकारिता मंत्री से नई दिल्ली में मुलाकात की, जिसमें प्रयागराज के विकास और जनसमस्याओं पर चर्चा हुई। उन्होंने विकास कार्यों की सूची लेकर बातचीत की और पांच विधानसभाओं पर भी चर्चा की। वापस आने पर, अनिल मिश्र अधिवक्ता अपर शासकीय अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद समेत अन्य लोगों ने उनके आवास पर जोरदार स्वागत किया। नीरज त्रिपाठी ने कहा कि अगर पार्टी ने उन्हें फिर से टिकट दिया और जनता का सहयोग मिला, तो वह नेता नहीं, बेटे के रूप में जनता के बीच विकास का कार्य करके खरा उतरने का काम करेंगे।

# उत्तराखंड से हजारों की संख्यां में गुरु रविदास जी अनुगायी बनारस पहुंचे

❐ हजारों की संख्या में गुरु रविदास जी जन्म स्थल गोवर्धनपुर बनारस स्थित गुरु रविदास मंदिर में पहुंच कर मथा टेका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी । इटली में वर्तमान प्रवासी रविदासिया समाज, सामाजिक कार्यकर्ता , इटली में खुशी टी वी के संचालक,डॉ खुशीराम सुमन के निर्देशानुसार ,उत्तराखंड प्रदेश से सुप्रसिद्ध रविदासिया धर्म के कथा वाचक रामानन्द सागर उर्फ शील जी महाराज के सानिध्य मे गुरु रविदास जी अनुगायी हजारों की संख्या में गुरु रविदास जी जन्म स्थल गोवर्धनपुर बनारस स्थित गुरु रविदास मंदिर में पहुंच कर मथा टेका और उन्होंने कहा गुरु रविदास जी हमेशा मानवतावादी सन्देश दिया दिया।

गुरु रविदास जी द्वारा कल्पित 'बेगमपुरा' का अर्थ है ''दुःख रहित नगर'', जो 16वीं शताब्दी में एक जातिविहीन, वर्गविहीन, कर-मुक्त और शोषण-मुक्त आदर्श समाज की क्रांतिकारी कल्पना थी। उन्होंने अपने भजनों में एक ऐसे आध्यात्मिक और सामाजिक शहर का वर्णन किया जहाँ समानता, प्रेम और स्वतंत्रता हो, और कोई भी भूखा न रहे, जो आज भी सामाजिक न्याय के लिए प्रेरणा है। गुरु रविदास जी ने पूरे देश में भ्रमण कर भाईचारा सामाजिक सदभावना, समरसता का उपदेश दिया । वह स्थान जहाँ कोई 'गम', चिंता या कष्ट न हो। यहाँ ऊँच-नीच, वर्ग या जाति-आधारित कोई भेदभाव नहीं है। यहाँ कोई टैक्स नहीं है और न ही कोई निजी संपत्ति का स्वामी है, जिससे संपत्ति का कोई लालच नहीं है। यह एक ऐसा शहर है जहाँ हर व्यक्ति स्वतंत्र है और किसी को किसी का डर नहीं है।यह शोषित व उत्पीड़ित वर्ग के लिए एक क्रांतिकारी दृष्टि है, जो आधुनिक सामाजिक सदभावना है उनके साथ राजेश कुमार,रामेश्वर, राजेन्द्र,मांगेराम, अमन, आरुष, अनिकेत, कुलदीप, आशीष, रेखा, रीना, तारा, अंजू मीरा, पिंकी देवी, मुनेश, नीरज कुमार,सुलेंद्री,साक्षी,लक्ष्मी,अर्जुन, सविता,संगीता, अनिल सरदार आदि हज़ारों की संख्या में मौजूद रहे हैं।

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के सफल क्रियान्वयन पर जोर

❐ योजना के तहत पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारी को 6 माह की निरंतर सेवा पूर्ण करने पर 15,000 की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संगम सभागार में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के संबंध में वर्कशॉप का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, प्रयागराज ने बताया कि यह योजना 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 तक प्रभावी रहेगी। योजना का उद्देश्य रोजगार सृजन, विनिर्माण को बढ़ावा और कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है। योजना के तहत पहली बार रोजगार पाने वाले कर्मचारी को 6 माह की निरंतर सेवा पूर्ण करने पर 15,000 की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। वहीं अतिरिक्त रोजगार सृजित करने वाले प्रतिष्ठानों को दो वर्ष तक और विनिर्माण क्षेत्र को चार वर्ष तक प्रोत्साहन दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिला, तहसील व ब्लॉक स्तर पर प्रचार-प्रसार हेतु कैंप आयोजित करने तथा अधिक से अधिक प्रतिष्ठानों को पंजीयन के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। वर्कशॉप में विभिन्न विभागों, उद्योग संगठनों व श्रम विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता की।

# उत्तर मध्य रेलवे ने चलाई होली स्पेशल ट्रेनें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। यात्रियों की सुविधा को मुजफ्फरपुर, दानापुर, धनबाद, बेंगलुरु व नई दिल्ली के लिए अतिरिक्त फ़ेरेप्रयागराज, 23 फरवरी 2026। होली के मद्देनज़र बढ़ती यात्री भीड़ को देखते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने कई होली विशेष ट्रेनों के अतिरिक्त फ़ेरे संचालित करने का निर्णय लिया है। इन ट्रेनों के माध्यम से बिहार, झारखंड, दिल्ली और बेंगलुरु रूट पर यात्रियों को राहत मिलेगी।रेल प्रशासन के अनुसार, गाड़ी संख्या 05219/05220 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल साप्ताहिक विशेष ट्रेन 27 व 28 फरवरी 2026 को एक-एक फ़ेरा लगाएगी। इसी प्रकार 03257/03258 दानापुर-आनंद विहार टर्मिनल साप्ताहिक विशेष ट्रेन 22 फरवरी से 2 मार्च 2026 तक निर्धारित तिथियों पर दो-दो फ़ेरे संचालित करेगी।इसके अतिरिक्त 03309/03310 धनबादऽदिल्ली साप्ताहिक विशेष ट्रेन 24 फरवरी से 4 मार्च 2026 के बीच तीन-तीन फ़ेरे लगाएगी। वहीं 03251/03252 दानापुरऽसर एम. वि. ट. बेंगलुरु विशेष ट्रेन 25 फरवरी से 6 मार्च 2026 तक आठ-आठ फ़ेरे चलायी जाएगी।रेलवे ने यह भी निर्णय लिया है कि गाड़ी संख्या 02397/02398 शेखपुरा-नई दिल्ली-शेखपुरा विशेष ट्रेन 1 व 2 मार्च 2026 को एक-एक फ़ेरा लगाएगी। यह ट्रेन शेखपुरा से चलकर वारिस अलेगंज, नवादा, तिलैया, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड तथा पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन होते हुए नई दिल्ली पहुंचेगी।सभी विशेष ट्रेनों में एसएलआर, सामान्य, स्लीपर, एसी तृतीय, एसी द्वितीय, इकॉनमी तथा कुछ ट्रेनों में एसी प्रथम एवं भोजनालय यान की सुविधा उपलब्ध रहेगी।रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा से पूर्व आरक्षण स्थिति की जानकारी प्राप्त कर लें और समय से स्टेशन पहुंचें। होली पर्व के दौरान भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा व निगरानी की भी व्यवस्था की गई है।

# रायबरेली रोड स्थित माधव सेवा आश्रम में विधि विधान से अनुष्ठान संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । अवध अग्निहोत्र संघ के तत्वावधान में अग्निहोत्र जयन्ती के पावन अवसर पर रायबरेली रोड पर माधवसेवा आश्रम में सूर्यास्त के निश्चित समय पर सामूहिक वैदिक यज्ञ अग्निहोत्र संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में आगंतुकों एवं अग्निहोत्र-कर्ताओं ने 25 हवनपात्रों में स्वयं अग्निहोत्र करके इसके महत्व को कार्यक्रम में आये लोगों को समझाया।

सामूहिक अग्निहोत्र से पूर्व एक घण्टे का महामृत्युंजय यज्ञ भी जनकल्याण हेतु किया गया। आयोजन के मुख्य संचालक रामचंद्र ने बताया कि आज से 63 वर्ष पूर्व अग्निहोत्र को पुनर्जीवित करते हुए प्रथम अग्निहोत्र यज्ञ माधव पोतदार साहिब जी ने 22 फरवरी 1963 में महाशिवरात्रि को बैरागढ़ भोपाल में प्रारंभ किया था । तभी से जगह जगह आज के दिन को अग्निहोत्र जयंती के रूप में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाता है। आयोजन में आये सभी लोगों को अग्निहोत्र पत्रक एवम प्रसाद भी बांटा गया।अवध अग्निहोत्र संघ के द्वारा दी गयी आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रामाणिक वैदिक अग्निहोत्र के असीमित लाभ न केवल यज्ञकर्ता को बल्कि उनके परिवार, समाज और इस पूरी सृष्टि को प्राप्त होते हैं। रामचंद्र ने बताया कि अग्निहोत्र पर्यावरण प्रदूषण से मुक्ति का सबसे सरल सहज एवम सुगम उपाय है।अग्निहोत्र एक ऐसा सूक्ष्म यज्ञ है जिस पर बहुत कम खर्च में असीमित लाभ मिलता है।वस्तुतः ये परमपिता परमेश्वर के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए प्रतिदिन सूर्योदय और सूर्यास्त के निश्चित समय पर गाय के घी से मिश्रित दो चुटकी साबुत चावल अक्षत को गाय के कंडों पर अग्नि प्रज्वलित कर आहुति देकर किया जाता है जो शारीरिक, मानसिक और तमाम प्रकार की विषाणुजनित बीमारियों को वातावरण से शीघ्र मिटाने में समर्थ है जिसे वैज्ञानिकों ने सिद्ध भी किया है।सामूहिक अग्निहोत्र यज्ञ का कार्यक्रम रामचंद्र के निर्देशन में सतीश गुप्ता,डॉ.निशिकांतमिश्र,प्रदीप दीक्षित,विजय अग्निहोत्री आदि के सहयोग से सफल रहा।

## संत गाडगे जी महाराज एक सच्चे मनवाता के प्रतीक थे: सुरेन्द्र कुमार

हरदोई । कॉग्रेस अनुसूचित जाति विभाग उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र कुमार ने संत गाडगे जी महाराज के जन्म दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया और कहा संत गाडगे महाराज (23 फरवरी 1876 महाराष्ट्र के एक महान समाज सुधारक, कीर्तनकार और स्वच्छता के प्रतीक थे। उनका मूल नाम 'देबूजी झिंगराजी जानोरकर' था, जिन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों, दलितों की सेवा और अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष में लगा दिया। वे फटे कपड़ों में कीर्तन करते हुए गाँवों में सफाई करते थे और चंदा लेकर शिक्षा व धर्मशालाओं के लिए स्कूल, अस्पताल बनवा हाथ में झाड़ू लेकर चलते थे और सार्वजनिक स्थलों की सफाई करते थे, लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाते थे। उन्होंने कीर्तन के दौरान अंधविश्वास, पशु बलि और सामाजिक रूढ़ियों का कड़ा विरोध किया।वह शिक्षा को बेहद जरूरी मानते थे और कहते थे कि ''शिक्षा के लिए खाने की थाली भी बेचनी पड़े तो बेच दो''।उन्होंने भीख में मिले पैसों से धर्मशालाएं, गोशालाएं, अस्पताल और शिक्षण संस्थान बनवाए। उन्होंने मानवतावाद और विज्ञान का संदेश दिया और मूर्तिपूजा के बजाय इंसानों में भगवान खोजने को कहा। वह निःस्वार्थ सेवा' और 'सादगी' के मूरत थे, जो जीवन भर एक कौपीन और लाठी लेकर समाज सुधार के लिए भटकते रहे। उनका जीवन आज भी स्वच्छता और सामाजिक सेवा के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## मेजारोड में ज्वेलरी दुकान का ताला तोड़ चोरी, लाखों के गहने-नकदी पार

प्रयागराज। मेजा थाना क्षेत्र के मेजारोड स्थित आरबी ज्वेलर्स (पति, मिर्ज़ापुर रोड) में बीती रात अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर दुकान में रखे हजारों रुपये के आभूषण और नकदी पार कर दी। तीन साल के भीतर यह तीसरी चोरी की घटना बताई जा रही है, जिससे क्षेत्रीय व्यापारियों में आक्रोश और भय का माहौल है।दुकान मालिक राहुल चंद्र सेठ ने बताया कि वह रोज की तरह रविवार शाम करीब 7 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोमवार सुबह लगभग 7 बजे दुकान पहुंचे तो शटर का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।


उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| --- | --- |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14210-SLR-F1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 09.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.03.2026 at 10:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 19402-SLR-F1-LKO-SBIB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 09.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.03.2026 at 10:40 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12231-SLR-R1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 09.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.03.2026 at 10:50 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 09.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.03.2026 at 11:00 hrs |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

604/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर योजना पर विवाद उपभोक्ताओं ने जताई आर्थिक बोझ की आशंका

❒ उपभोक्ता संगठनों का कहना है कि तकनीकी उन्नयन के नाम पर बार-बार मीटर बदलने की प्रक्रिया का आर्थिक भार अंततः आम जनता पर डाला जा रहा है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में स्मार्ट मीटर योजना को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। उपभोक्ता संगठनों का कहना है कि तकनीकी उन्नयन के नाम पर बार-बार मीटर बदलने की प्रक्रिया का आर्थिक भार अंततः आम जनता पर डाला जा रहा है, जो चिंता का विषय है।

## 2जी-3जी से 4जी तक का सफर

उत्तर प्रदेश में वर्ष 2019 में स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत 2जी एवं 3जी तकनीक आधारित मीटरों से की गई थी। उस समय कई उपभोक्ता संगठनों ने पुरानी तकनीक लगाए जाने पर आपत्ति जताई थी और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्नत तकनीक के मीटर लगाने की मांग की थी। बाद में उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि तकनीकी उन्नयन की जिम्मेदारी एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (क्क्ट्टख्र) की होगी, जो उस समय स्मार्ट मीटर स्थापना का कार्य कर रही थी।

## आरडीएसएस योजना के तहत मीटर बदलाव

वर्तमान में लगभग 12 लाख पुराने तकनीक के स्मार्ट मीटरों को आरडीएसएस योजना (टद्गफ्थद्बध्द्गद क्द्बपन्द्बथ्फ्द्बधद्ब ट्टद्गदध्थ्- ट्टदद्बद्गद्बद्ग) के अंतर्गत बदला जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश के करीब 2 करोड़ 80 लाख उपभोक्ताओं के घरों में 4जी तकनीक आधारित स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। उपभोक्ता संगठनों का सवाल है कि यदि भविष्य में फिर तकनीकी बदलाव होता है, तो उसका खर्च कौन वहन करेगा? क्या यह भार भी उपभोक्ताओं पर ही डाला जाएगा?

## मीटर शुल्क और ईंधन अधिभार पर चिंता

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बिजली कंपनियां मीटर शुल्क को टैरिफ में शामिल कराने में सफल होती हैं, तो उपभोक्ताओं को प्रति मीटर लगभग 100 रुपये या उससे अधिक मासिक अतिरिक्त भुगतान कई वर्षों तक करना पड़ सकता है। इसके साथ ईंधन अधिभार शुल्क (FCA) का भार अलग से जुड़ सकता है। ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े जानकारों का कहना है कि यदि स्मार्ट प्रीपेड मीटर की लागत और अन्य प्रभार पूरी तरह उपभोक्ताओं पर स्थानांतरित किए गए, तो घरेलू बजट पर इसका सीधा असर पड़ेगा।

## उपभोक्ता परिषद की प्रतिक्रिया

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को पारदर्शिता और सुविधा देना होना चाहिए, न कि कंपनियों को लाभ पहुंचाना। उन्होंने मांग की कि यदि केंद्र और राज्य सरकारें तकनीकी उन्नयन के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो उसका व्यय सरकारी स्तर पर वहन किया जाए। सुधार के नाम पर उपभोक्ताओं पर बार-बार आर्थिक बोझ डालना स्वीकार्य नहीं है।

## आगे क्या?

ऊर्जा क्षेत्र में सुधार और डिजिटलीकरण आवश्यक माना जाता है, लेकिन उपभोक्ताओं का कहना है कि नीति निर्माण के दौरान पारदर्शिता और दीर्घकालिक योजना जरूरी है। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि तकनीकी उन्नयन और उपभोक्ता हितों के बीच संतुलन कैसे स्थापित किया जाता है।

# आधुनिकता के दौर में संस्कारों को नहीं छोड़ना चाहिए: राज्यपाल

❒ विद्या भारती कर रहा है बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ संस्कारो को देने का काम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । अर्जुनगंज स्थित महामना सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में आयोजित कम्प्यूटर लैब के उद्घाटन समारोह में पहुंची प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा की विद्या भारती बच्चों को अच्छी व संस्कार युक्त शिक्षा देने का कार्य बखूबी के रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रजवलित कर राष्ट्रगान से शुरुआत की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आठ वर्ष की आयु में बच्चों को अच्छे और बुरे कार्य समझने की छमता हो जाती है, इसलिए बच्चों के सामने ऐसा वार्ताओं करे जिससे बच्चों पर कोई फर्क न पड़े। मंच उन्होंने कहा कि बच्चों को संस्कार देने का पहला काम माँ और पिता का होता है। विद्यालय के निर्माण में लोगो द्वारा दान दिए जाने पर उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि दान सबसे उत्तम दान माना जाता है।कार्यक्रम के दौरान कहा कि आधुकिता के दौर में बदलाव करते रहना जरूरी है नही तो आप पीछे रह जाओगे, लेकिन बदलाव के दौरान संस्कारो को नही छोड़ना चाहिए। आपके अच्छे संस्कार आपकी पहचान को कायम रखते है।उन्होंने संस्कारो पर बात करते हुए दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विदेशी अतिथियों के सामने कांग्रेसियो द्वारा किये गए नग्न होकर विरोध प्रदर्शन की चर्चा करते हुए कहा की ऐसे संस्कार भी कभी नही देना चाहिए। जहां अपने साथ देश को शर्मिंदा होना पड़े। उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चों द्वारा रामायण की प्रस्तुत की गई झलक पर कहा कि आधुनिकता के दौर में सबसे बड़ा परिवर्तन महिलाओं में देखने को मिला उन्होंने कहाँ कि जो सीता पहले अपने पैरों को ढक कर रखती थी आज कर दौर में महिलाओं के कपड़े कम हो गए है। अपने बच्चियों की सुरक्षा ने लिए आपको अपने घर से बाहर तक सजग रहने की जरूरत है। आप बच्चियों को शाम छह बजे तक जिस तरह घर आने की सलाह देते है उसी तरह अपने बालको को भी शाम को जल्द घर आने को बोले ।कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी को खेल किट व अन्य सामाग्री प्रदान की। राज्यपाल महोदया ने लोगो से आग्रह किया कि जिन के घरों में 9 से 15 साल के बच्चे है वह अपने बच्चों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए क्वृ वैक्सीन जरूर लगवा ले। वंदे मातरम गीत से साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक बिनीत जी, विद्यालय का कार्यभार देख रहे सुरेंद्र मिश्रा, विनय तिवारी, रुद्र कुमार , सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार स्कूली वैन पलटी, तीन मासूम घायल

❒ तेज रफ्तार नाबालिग चला रहा था स्कूली वैन, डेढ़ दर्जन छात्र मासूम छात्र वैन में थे सवार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब,लखनऊ । बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के चंद्रिका देवी मंदिर रोड पर सोमवार दोपहर बड़ा हादसा टल गया, जब आदर्श सरस्वती जूनियर हाईस्कूल की स्कूली वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी पानी की टंकी से टकराने के बाद बीच सड़क पर पलट गई। हादसे के समय वैन में करीब डेढ़ दर्जन बच्चे सवार थे। दुर्घटना में तीन बच्चे घायल हो गए, जबकि अन्य छात्र बाल-बाल बच गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अवकाश के बाद करीब ढाई बजे वैन बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। इसी दौरान वाहन तेज रफ्तार में अचानक अनियंत्रित हो गया और टंकी से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन पलट गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और तत्परता दिखाते हुए वैन में फंसे बच्चों को बाहर निकाला। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

मौके पर पहुंचे अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक कैलाश दुबे ने बिना देर किए अपने वाहन से घायल बच्चों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत खतरे से बाहर बताई गई। घायल छात्रों में अक्षांश 10 वर्ष कक्षा 4, विभा 6 वर्ष एलकेजी और प्रज्ञान 6 वर्ष एलकेजी शामिल हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि वैन चालक नाबालिग था और लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि वैन न तो मानक पीले रंग की थी और न ही उस पर पीली नंबर प्लेट लगी थी, जो स्कूली वाहनों के लिए अनिवार्य है। इससे परिवहन नियमों की गंभीर अनदेखी उजागर हुई है।स्कूल के प्रधानाचार्य विष्णु नारायण द्विवेदी ने बताया कि वैन इंदौराबाग निवासी गुड्डू की है, जो बीकामऊ और किशुनपुर के बच्चों को प्रतिदिन लाने-ले जाने का कार्य करता है। घटना के समय वाहन कौन चला रहा था, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। घटना के बाद अभिभावकों में रोष व्याप्त है और स्कूल वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन व परिवहन विभाग की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं।

# बंद मकानों में चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । राजधानी के थाना मड़ियांव पुलिस ने बंद मकानों की रेकी कर ताला-खिड़की तोड़कर चोरी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 18 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण, 100 ग्राम पीली धातु, लगभग एक किलो सफ़ेद धातु, दो मोबाइल फोन, 8800 रुपये नकद तथा चोरी में प्रयुक्त टीवीएस राइडर बाइक बरामद की है।

एडीसीपी उत्तरी ऋषभ रुणवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया।पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में बंद पड़े मकानों में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं। इस संबंध में दर्ज मुकदमों की जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदातें स्वीकार कीं।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सोनू वर्मा उर्फ बोगा (42) और सुंदर लाल गुप्ता (40) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों के खिलाफ पहले से ही चोरी व गैंगस्टर एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।अभियुक्त पहले बंद मकानों की रेकी करते थे और मौका पाकर ताला या खिड़की तोड़कर घर में घुस जाते थे। चोरी किए गए जेवरात स्थानीय बाजार में बेचकर रकम आपस में बांट लेते थे।इस कार्रवाई में थाना मड़ियांव प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्रा, उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार, उपनिरीक्षक अमित कुमार साहू, उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सत्येंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल आकाश सिंह, हेड कांस्टेबल दुर्गेश सिंह, हेड कांस्टेबल अशफाक अहमद, हेड कांस्टेबल पवन कुमार (सर्विलांस टीम), कांस्टेबल दिव्यांश यादव एवं कांस्टेबल मयंक कुमार शामिल रहे।

## ग्रीन कॉरिडोर बनाकर 19 मिनट में ट्रॉमा सेंटर पहुंचा मरीज, मेडिकल स्टाफ ने ट्रैफिक पुलिस की सराहना की

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी में इंसानियत और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करते हुए ट्रैफिक पुलिस ने गंभीर हालत में एक मरीज को समय से पहले अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। पीजीआई से किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर तक ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एंबुलेंस को महज़ 19 मिनट में सकुशल पहुंचाया गया।बताया जा रहा है कि मरीज की हालत अत्यंत गंभीर थी और उसे तत्काल ट्रॉमा सेंटर पहुंचाना आवश्यक था। सूचना मिलते ही चौक ट्रैफिक इंस्पेक्टर जमानत अब्बास ने अपनी टीम के साथ मोर्चा संभाल लिया। पूरे रूट पर तैनाती कर ट्रैफिक को डायवर्ट किया गया और कुछ ही मिनटों में ग्रीन कॉरिडोर तैयार कर दिया गया।ट्रैफिक पुलिस की सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता और बेहतर समन्वय के चलते एंबुलेंस बिना किसी बाधा के निर्धारित समय से पहले ट्रॉमा सेंटर पहुंच गई। समय रहते इलाज शुरू होने से मरीज की स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।अस्पताल के मेडिकल स्टाफ ने ट्रैफिक पुलिस के इस सराहनीय कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की।उनका कहना था कि यदि एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंचती तो स्थिति और गंभीर हो सकती थी।ट्रैफिक पुलिस टीम की इस तत्परता ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे केवल यातायात व्यवस्था संभालने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मानव सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

## खेत में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, गांव में सनसनी

**बख्शी का तालाब, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर बेहड़ा गांव में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव खेत में अमरूद के पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार 27 वर्षीय कन्हैयालाल पुत्र स्व. रामकुमार रविवार रात घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजनों द्वारा खोजबीन की गई, पर उनका कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह उनके चाचा दिनेश जब खेत पर पहुंचे तो उन्होंने कन्हैयालाल को पेड़ से गमछे के सहारे लटका देखा। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक की पत्नी पूनम और छोटी बेटी एंजेल का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। बीकेटी थाना के अतिरिक्त निरीक्षक कैलाश चंद्र दुबे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मातृ भाषा रत्न सम्मान से नवाजे गए शिक्षक हरिश्चंद्र सिंह



**बख्शी का तालाब,लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बख्शी का तालाब इंटर कॉलेज के शिक्षक हरिश्चंद्र सिंह को ल्मातृ भाषा रत्नङ्क मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान नेपाल की साहित्यिक संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन द्वारा भारत-नेपाल मैत्री, देवनागरी लिपि संरक्षण तथा हिंदी-नेपाली भाषाओं के प्रचार-प्रसार में योगदान के लिए प्रदान किया गया। संस्था अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु ने प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। हरिश्चंद्र सिंह शिक्षा में नवाचार और रचनात्मक लेखन के लिए सक्रिय रहे हैं। सम्मान की सूचना मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

## यश का क्षय होना मृत्यु समान है: कौशिक चैतन्य



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** व्यास पीठ से ब्रह्मचारी कौशिक चैतन्य जी महाराज ने कहा कि किसी का समय या असमय अंत हो जाना ही मृत्यु नहीं है, बल्कि किसी यशस्वी व्यक्ति के यश का जब क्षय हो जाता है। उसका मान मर्दन हो जाता है। उसका पराभव हो जाता है। एक तरह से तब भी उसकी मृत्यु हो जाती है।इक्यावन शक्ति पीठ मंदिर प्रांगण में हो रही श्रीमद भागवत कथा का सोमवार को दूसरा दिन था। इस सात दिवसीय भागवत कथा में लखनऊ शहर के अलावा आसपास के गांवों के सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया।इस धार्मिक अनुष्ठान में कथा यजमान पुष्पा दीक्षित, कथा संयोजक तृप्ति तिवारी एवं वरद तिवारी, कथा व्यवस्थापक तनय तिवारी, स्तुति तिवारी, आचार्य धनंजय पाण्डेय, गीता पाण्डेय, समाजसेवी नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान व नमन तिवारी अहम भूमिका निभा रहे हैं। दूसरे दिन की कथा में लेटे हुए हनुमान मंदिर के महंत डॉ विवेक तांगरी ने विशेष उदबोधन दिया। उन्होंने कहा कि पुण्य आत्माओं को ही भागवत कथा कहने-सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है।कथा क्रम में कौशिक चैतन्य जी महराज ने कहा कि कलयुग में हर किसी को आनन्द और संतुष्टि की तलाश है। लेकिन, हम सब संतुष्टि और प्रसन्नता को बाहर खोज रहे हैं। हमें आंनद और संतुष्टि की खोज अपने भीतर करनी चाहिए।

# सामूहिक नकल कराने को लेकर एसटीएफ ने दो को दबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदो में दिनांक 17ए फरवरी 2026 से प्रारम्भ बोर्ड परीक्षाओं में सामूहिक नकल कराने वाले नकल माफियाओं पर प्रभावी कार्यवाही हेतु एसटीएफ उ0प्र0 को निर्देशित किया गया है। जिसके अनुपालन में एसटीएफ की समस्त टीमों/यूनिटों द्वारा अभिसूचना सकंलन एवं कार्यवाही की जा रही है।

एसटीएफ फील्ड इकाई वाराणसी को अभिसूचना संकलन के दौरान ज्ञात हुआ कि आज दिनांक 23 फरवरी 2026 को प्रथम पाली में हाई स्कूल के अंग्रेजी विषय की परीक्षा में भगेलू दास इण्टर कॉलेज, करूवी बहलोलपुर थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर के प्रधानाचार्य / केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा नकल कराया जा रहा है। परीक्षा कक्ष में कुछ परीक्षार्थियों के स्थान पर साल्वरों को बैठाकर कापी लिखवायी जा रही है, जिसके लिये छात्रों से भारी धनराशि वसूली की गयी है। प्राप्त सूचना पर निरीक्षक अनिल कुमार सिंह एसटीएफ वाराणसी के नेतृत्व में एसटीएफ टीम द्वारा भगेलू दास इण्टर कॉलेज पर नियुक्त स्टेटिक मजिस्ट्रे श्री अरविन्द्र कुमार सिंह व श्रीमती मनोरमा सिंह आदि को साथ लेकर उक्त विद्यालय के सम्बन्धित कक्षों में चेकिंग की गयी तो कक्ष संख्या-12 में परीक्षार्थी शुभम यादव के स्थान पर सॉल्वर शिवम यादव बैठकर कापी लिखते हुये पाया गया, जिसे प्रधानाचार्य के साथ गिरफ्तार करते हुये उपरोक्त बरामदगी की गयी।उपरोक्त के सम्बन्ध में गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ एवं अभिसूचना संकलन से पाया गया कि दिनांक 23 फरवरी 2026 को प्रातः प्रथम पॉली में हाई स्कूल के अंग्रेजी विषय की परीक्षा थी, जिसमें प्रधानाचार्य विन्ध्याचल यादव की मिलीभगत से परीक्षार्थी शुभम यादव के स्थान पर सॉल्वर शिवम यादव को बैठाकर परीक्षा दिलवाया जा रहा था। शिवम यादव ने पूछताछ में बताया कि वह शुभम यादव के स्थान पर पिछले 03 दिन से परीक्षा दे रहा है। इसके पहले हिन्दी और सामाजिक विज्ञान की परीक्षा दे चुका है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आयोजन, 95 जोड़ों का हुआ विवाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ । विकास खण्ड मोहनलालगंज के गौरा रिज़ॉर्ट में सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनां के तहत 95 जोड़ों का सामूहिक विवाह धूमधाम के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय भाजपा विधायक अमरेश कुमार समेत जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।कार्यक्रम का शुभारंभ लखनऊ भाजपा विधायक अमरेश रावत और जिलाध्यक्ष विजय मौर्य द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। विवाह गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुरोहितों ने सभी जोड़ों का विधिविधान से विवाह संपन्न कराया।इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने स्वयं जोड़ों के बीच पहुंचकर कन्यादान की रस्म निभाई और नवदंपतियों को सुखमय वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। विधायक अमरेश रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार की पहल से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का विवाह अब सम्मान और गरिमा के साथ संभव हो पा रहा है। योजना के तहत प्रत्येक पात्र कन्या के खाते में 60 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से भेजे जा रहे हैं, साथ ही 25 हजार रुपये की वैवाहिक उपहार सामग्री प्रदान की जा रही है तथा 15 हजार रुपये आयोजन व्यवस्थाओं पर व्यय किए जा रहे हैं।उन्होंने मंच से सभी नवविवाहित जोड़ों को नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प भी दिलाया। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि वार्षिक तीन लाख रुपये तक आय वाले परिवारों की विवाह योग्य कन्याओं का ऑनलाइन आवेदन और सत्यापन के बाद सामूहिक विवाह आयोजित किया जाता है।कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन वीरेंद्र प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण समस्त ग्राम प्रधान अजीत कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।गौरा रिज़ॉर्ट परिसर में दिनभर शहनाइयों की मधुर गूंज रही और 95 जोड़ों ने एक साथ सात फ़ेरे लेकर अपने नए जीवन की मंगलमय शुरुआत की। क्षेत्र में इस आयोजन को लेकर उल्लास और उत्साह का वातावरण बना रहा।

# पुरानी रंजिश को लेकर इटौंजा ओवर ब्रिज पर बाइक से जा रहे हैं युवकों को कार से मारी टक्कर

❒ बाइक पर बैठे युवक को कार से उतर कर लोगों ने पीटा और उठा ले गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बख्शी का तालाब, लखनऊ। इटौंजा थाना के अंतर्गत सोमवार की सुबह लगभग 11:30 बजे लखनऊ सीतापुर हाईवे इटौंजा ओवर ब्रिज के ऊपर दो युवक बाइक से जा रहे थे। तभी अचानक पीछे से कार चालक ने टक्कर मार दी दोनों युवक हाईवे पर गिर पड़े इसके बाद कार से उतरकर कुछ लोग बाइक पर बैठे युवक की पिटाई करने लगे जिससे वह घायल हो गया इसके बाद युवक को कार में उठा ले गए लखनऊ के भीठौली के पास घायल हालत में छोड़ दिया।

जनपद सीतापुर अटरिया थाना के अंतर्गत बिरसापुर गांव के निवासी अरुण कुमार सिंह का आरोप है कि उसका भाई गांव के ही निवासी युवक हर्ष पांडे के साथ बाइक से लखनऊ जा रहा था तभी इटौंजा ओवर ब्रिज के ऊपर कार से आकर कुछ लोगों ने बाइक में टक्कर मार दी दोनों युवक उछलकर हाईवे पर गिर पड़े काफी दूर तक घिसटते चले गए इसके बाद कार से उतरकर बाइक पर बैठे उसके भाई आलोक सिंह को लोहे के राड व डंडों से जमकर मारा पीटा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया बाइक चला रहे हर्ष पांडे भी जख्मी हो गए इतना ही नहीं इसके बाद कार सवार लोग युवक आलोक सिंह को कार में उठा ले गए बताया यह जा रहा है कि आलोक सिंह को घायल हालत में लखनऊ के भीठौली क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गए इसके बाद किसी तरह परिवार वालों को सूचना मिली तो वहां पर इटौंजा पुलिस और परिवार के लोग आनंन-फानन में पहुंचे और उसे गंभीर हालत में पाया गया इसके बाद घर के लोग निजी अस्पताल इलाज के लिए ले गए प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

घटना से आक्रोशित युवक के परिजन इटौंजा थाना पर काफी संख्या में पहुंचे और घटना में शामिल युवकों को पकड़ने की मांग की और आलोक सिंह को सकुशल बरामद करने की पुलिस से मांग की इसके बाद पुलिस की कई टीममें जांच के लिए रवाना हुई भीठौली क्षेत्र में मौके पर भी पहुंची। इस घटना की जानकारी पर एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह एवं एडीसीपी ऋषभ रुणवाल भी इटौंजा थाना पहुंचे और कुछ लोगों के बयान लिए घटना की जानकारी ली एसीपी बीकेटी ने बताया जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## पहले भी हो चुका है विवाद

थाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया युवक आलोक सिंह से पहले भी आरोपितों से विवाद हो चुका है सिधौली क्षेत्र में मारपीट हुई थी जिसकी रिपोर्ट भी दर्ज हुई थी शायद इसी मामले को लेकर सोमवार की हुई घटना को आरोपियों ने अंजाम दिया हो।

# भगवान अनादि, अविनाशी और सर्वव्यापक हैं : त्रिलोकी नाथ तिवारी

❒ कलियुग में होगा 24वां अवतार: भागवत कथा में अवतार सिद्धांत का विस्तृत वर्णन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के शहजादेपुर स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर पर आयोजित कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर इस आयोजन में कथावाचक त्रिलोकी नाथ तिवारी महाराज जी के प्रेरणादायक प्रवचनों ने श्रोताओं को गहराई से प्रभावित किया।

कथा के प्रथम दिवस महाराज जी ने भागवत कथा के महात्म्य का विस्तृत व्याख्यान करते हुए कहा कि भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य मार्ग है। जहां भागवत कथा का श्रवण होता है, वहां सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और वातावरण स्वतः ही पवित्र हो जाता है। वहीं दूसरे दिन भगवान के अवतारों का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा, ल्भगवान का जन्म नहीं होता, वे धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए समय-समय पर अवतार लेते हैं।ङ्क उन्होंने बताया कि अब तक भगवान 23 अवतार ले चुके हैं और 24वां अवतार कलियुग में कल्कि के रूप में होगा, जो अधर्म का अंत कर धर्म की पुनः स्थापना करेगा। महाराज जी ने स्पष्ट किया कि भगवान अनादि, अनंत और अविनाशी हैं। वे सामान्य मनुष्य की तरह जन्म-मृत्यु के बंधन में नहीं बंधते, बल्कि सृष्टि के संतुलन और मानव कल्याण हेतु अवतरित होते हैं। कथा के मुख्य आयोजक पीएस एंड एमएस ग्रुप के डायरेक्टर मोहित शर्मा अपनी धर्मपत्नी पूजा शर्मा के साथ कथा श्रवण हेतु उपस्थित रहे। कथा पंडाल में भक्ति गीतों और जयघोष के साथ श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा का रसपान करते नजर आए।

# नकली गुटखा-पान मसाला की बिक्री व काला बाजारी से टैक्स की चोरी का आरोप

❑ फुटकर दुकानदारों और उपभोक्ताओं ने कुछ बड़े होलसेल व्यापारियों पर मनमानी और कालाबाजारी का आरोप लगाया है

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन, सीतापुर। सांडा -सकरन सहित आसपास के गाँवों में इन दिनों नकली गुटखा और पान मसाला की बिक्री तथा एमआरपी से अधिक दामों पर बिक्री का मामला चर्चा में है।

फुटकर दुकानदारों और उपभोक्ताओं ने कुछ बड़े होलसेल व्यापारियों पर मनमानी और कालाबाजारी का आरोप लगाया है। नाम न छापने की शर्त पर कई छोटे दुकानदारों ने बताया कि पिछले एक माह में प्रमुख ब्रांडों के दामों में अचानक भारी बढ़ोतरी की गई है। उनका कहना है कि कमला पसंद (39 पाउच) का पैकेट, जो पहले 165 में मिलता था, अब 250 में दिया जा रहा है। राज श्री (30 पाउच) पहले 125 में उपलब्ध था, जो अब 185 में बेचा जा रहा है। सिग्नेचर (54 पाउच) का पैकेट 220 से बढ़ाकर 320 कर दिया गया है।इसी तरीके से सिगरेट के दामों में बड़ी उछाल देखने को मिल रही है कैप्टेन, विल्स, गोल्ड फ्लैक, जाफरान, गोरन गोदम के शौकीन परेशान नजर आ रहे।दुकानदारों का आरोप है कि होलसेल स्तर पर ही बिना लिखित बिल और निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर माल दिया जा रहा है, जिससे उन्हें मजबूरी में ग्राहकों को ऊंचे दाम पर सामान बेचना पड़ रहा है। इसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार, प्रदेश के कुछ बड़े होलसेलर मनमाने तरीके से रेट तय कर रहे हैं, जिससे टैक्स चोरी और कालाबाजारी की आशंका भी जताई जा रही है। बड़ा सवाल यह है कि क्या इस बढ़ोतरी और कथित अनियमितताओं की जानकारी प्रशासन को है? यदि हां, तो अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई? अगर प्रशासन की तरफ से कालाबाजारी को लेकर कोई ठोस नहीं उठाया गया तो छोटे दुकानदार आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे।स्थानीय व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि संबंधित विभाग कब तक इस पर सख्त कदम उठाते हैं। कुछ लोगों ने खुलकर बताया कि ये खेल सत्तापक्ष के सफ़ेदपोशों के रहमो करम पर बड़ी धन उगाही के चलते चलाया जा रहा है जिसके चलते स्थानीय प्रशासन मौन बन हाँथ पर हाँथ रखे बैठा है आखिर निर्धारित दर से अधिक रेट में बिक रहे उत्पादों पर लगाम क्यों नहीं या सिर्फ गरीबों को लूटने का जरिया बन चुका है जो आगामी होली, ईद त्योहारों के साथ पंचायती चुनावों में बड़ी काली कमाई करने वाला साबित होने वाला।

# रास्ता नहीं, बिजली नहीं, फिर भी चल रही पढ़ाई



❑ नट सरैयां विद्यालय की मजबूरी बनी बच्चों की चुनौती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिले के विकास खंड पहला क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरैयां शंकर बख्श सिंह स्थित प्राथमिक विद्यालय नट सरैयां आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में संघर्ष कर रहा है। स्कूल बनने के बाद से अब तक यहां तक पहुंचने के लिए कोई पक्का मुख्य रास्ता नहीं बन सका है, जिससे छात्रों और शिक्षक-शिक्षिकाओं को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में स्थिति और खराब हो जाती है, जब विद्यालय तक जलभराव हो जाता है और पहुंचना दूभर हो जाता है। प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार यादव और सहायक अध्यापक विनीत अवस्थी ने बताया कि विद्यालय में न तो रास्ते की व्यवस्था है और न ही बिजली की। इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। शिक्षकों का कहना है कि यदि विद्यालय तक सही रास्ता बन जाए तो आसपास के गांवों के अधिक बच्चे स्कूल आएंगे और शिक्षा व्यवस्था में भी सुधार होगा। उनका उद्देश्य है कि सुविधाएं मिलें तो बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा सके।वहीं ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि रास्ते के निर्माण को लेकर संबंधित अधिकारियों से बातचीत चल रही है और जल्द ही समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।ग्रामीणों का मानना है कि शिक्षा के मंदिर तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी है, ताकि बच्चों का भविष्य रास्ते की कमी में न अटके।

# जिला पर्यावरण समिति में तीन सदस्य नामित पर्यावरण संरक्षण को मिलेगी मजबूती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। उ0प्र0 शासन द्वारा जनपद में गठित जिला पर्यावरण समिति में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, उ0प्र0 शासन द्वारा नामित मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के स्तर से निर्गत पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-7, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 14.06.2019 के प्रस्तर-2 (ख) (1) में समस्त पर्यावरणीय विषयों एवं प्रदूषण से सम्बन्धित बिन्दुओं पर अनुश्रवण हेतु जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति का गठन किए जाने के क्रम में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-7, उ0प्र0 शासन के पत्र दिनांक 30.08.2022 द्वारा समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0 को निर्देश दिये गये है कि जिला पर्यावरण समिति के गठन सम्बन्धी उक्त संदर्भित कार्यालय ज्ञाप दिनांक 14.06.2019 में जिलाधिकारी के स्तर से प्रतिनिधि को नामित किये जाने का प्राविधान उपलब्ध है। ष्जिला पर्यावरण समिति में पर्यावरण संरक्षण के सम्बन्ध में जन समस्याओं एवं जन भावनाओं को समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने की दृष्टि से जनप्रतिनिधियों को नामित कराये जाने हेतु शासन की अनुशंसा/अनुमोदन प्राप्त करते हुए कार्यवाही किए जाने का प्राविधान है।जनपद सीतापुर की जिला पर्यावरण समिति में पर्यावरण संरक्षण के सम्बन्ध में जन समस्याओं एवं जन भावनाओं को समिति के समक्ष प्रस्तुत किये जाने की दृष्टि से निम्नलिखित सदस्यों को नामित कराये जाने हेतु शासन की अनुशंसा/अनुमोदन के अनुपालन में जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पर्यावरण समिति सीतापुर अनुमोदन पर जिला प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी, सीतापुर के पत्र दिनांक 19.02.2026 के माध्यम से शासन द्वारा उल्लिखित सदस्य नामित किए गए गए हैं, जिनमें अजय कुमार भार्गव सुपुत्र रामकृष्ण भार्गव, 47 अम्बेडकर नगर, संजीव कुमार सक्सेना , अम्बरीश कुमार सुपुत्र अवध राम है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण,पर्यावरण एवं गंगा समिति की बैठक संपन्न

वाराणसी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इसमें वृक्षारोपण जन अभियान-2026 के तहत इस वर्ष होने वाले वृक्षारोपण के तैयारियों को लेकर सभी विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएफओ ने बताया कि यह इस साल 1533249 वृक्षारोपण का लक्ष्य जिले के लिए निर्धारित किया गया।।इसमें वन विभाग सहित ग्राम विकास विभाग, कृषि, पीडब्ल्यूडी विभाग, जल शक्ति विभाग, ग्राम पंचायत, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग ,उच्च शिक्षा विभाग के अलावा अन्य विभागों के द्वारा वृक्षारोपण का कार्य बृहद पैमाने पर किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपने लक्ष्य के अनुरूप स्थलों को चिह्नित कर लें।

## बिसवां में गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न, छात्राओं ने दिखाया हुनर



बिसवां, सीतापुर। आज सरस्वती बालिका विद्या मंदिर पुरवारी टोला बिसवां में वार्षिक परीक्षा के अंतर्गत गृह विज्ञान के अंतर्गत पाक कला की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न हुई।कक्षा षष्ठ की बहनों ने अत्यंत ही पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किया।कक्षा चार्य सुश्री श्रृंखला स्याल जी ने सभी छात्राओं को अत्यंत प्रेम एवं रुचि पूर्वक सारे व्यंजन बनाने के तरीके एवं परोसने के तरीके सिखाएं । और सप्तम एवं अष्टम की छात्राओं ने आकर्षक पूर्ण तरीके से सिलाई कढ़ाई सीखी थी, जिसमें आकृति जी एवं अंजली जी ने सिलाई और कढ़ाई की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न कराया ।बच्चों ने बढ़-चढ़कर इसमें भाग लिया, और इस परीक्षा में अपना हुनर दिखाया । इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रतिभा श्रीवास्तव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सपा नेताओं ने मनाई संत गाडगे की जयंती

❑ चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया याद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर स्वच्छ भारत अभियान के प्रणेता एवं मानवता के महान उपासक सन्त शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती बिजलीपुरा स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई।

इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनको याद किया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें सन्त गाडगे के योगदान पर चर्चा की गई। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि संत शिरोमणि गाडगे महाराज एक महान भारतीय संत और समाज सुधारक थे। उनका मूल नाम देवीदास डेबूजी जाणोरकर था। वे अपने साथ हमेशा झाड़ू और एक मिट्टी का पात्र रखते थे, इसी कारण उन्हें गाडगे बाबा कहा गया। उन्होंने शिक्षा, स्वच्छता, अंधविश्वास उन्मूलन और गरीबों की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि संत गाडगे के सम्मान में महाराष्ट्र सरकार द्वारा संत गाडगे बाबा ग्राम स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि संत गाडगे अपने भजनों के माध्यम से दशसूत्री का उपदेश देते थे, जिसमें भूखों को अन्न, प्यासों को पानी, गरीबों को शिक्षा और बेघरों को आश्रय देने जैसी बातें शामिल थीं। इस मौके पर सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा नेता अनवर अली, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, विजय सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, दोदराम वर्मा, अवधेश कुमार पाल, पार्थ यादव, हफीज अंसारी, प्रसून कुमार कनौजिया, आकाश यादव, मोनू कुरेशी, अजीम खान, मनोज यादव, अमर सिंह यादव, मानवेंद्र सिंह यादव, महावीर सिंह, सौमित्र यादव, पप्पू यादव, राधेश्याम यादव, असलम खान, इमरान खान, अमित पांडे, सचिन सक्सेना, राहुल पाल, वारिस खान, तैय्यब खान, आशीष यादव, विनोद कठेरिया, रानू खान, मोहसिन खान, जीशान खान, आरिफ खान दिनेश कनौजिया आदि कई लोग मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी को फूलबेहड़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फूलबेहड़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में वांछित चल रहे अभियुक्त धर्मेन्द्र सिंह पुत्र लाला सिंह निवासी ग्राम सिसवारा मजरा रेहुआ, थाना फूलबेहड़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ ख्याति गर्ग के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी धौरहरा के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर अभियुक्त को पकड़ा।पुलिस के अनुसार थाना फूलबेहड़ पर मुकदमा अपराध संख्या 68/2026 धारा 69/351(2) बीएनएस व 3/4 डी.पी. एक्ट के तहत मामला पंजीकृत है। आरोप है कि अभियुक्त ने एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब पीड़िता को आरोपी की नीयत का पता चला और उसने विवाह का दबाव बनाया तो आरोपी टालमटोल करने लगा। इसके बाद पीड़िता द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।मुकदमा दर्ज होने के बाद से अभियुक्त फरार चल रहा था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। इसी क्रम में 23 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त से पूछताछ की गई तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुरेश यादव तथा कांस्टेबल अनुज कुमार थाना फूलबेहड़ शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं से संबंधित अपराधों को लेकर जनपद में विशेष सतर्कता बरती जा रही है और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।पुलिस अधीक्षक डॉ ख्याति गर्ग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और आरोपियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# अनुराग सारथी के नेतृत्व में ऐप्जा का दबाव प्रशासन ने अपनाया सकारात्मक रुख

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद में पत्रकारों के संगठन ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) द्वारा प्रस्तावित आंदोलन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। संगठन के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी के नेतृत्व में पत्रकारों की एकजुटता और प्रशासन से हुई बातचीत के बाद प्रशासनिक स्तर पर सकारात्मक रुख सामने आया, जिसके चलते 23 फरवरी को प्रस्तावित आंदोलन टाल दिया गया।यह आंदोलन गोला गोकरणनाथ क्षेत्र में संगठन के जिला प्रवक्ता पियूष शुक्ला पर दर्ज कथित फर्जी मुकदमे के विरोध में घोषित किया गया था। ऐप्जा के पदाधिकारियों का कहना था कि पत्रकारों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई से स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता पर दबाव बनता है, इसलिए संगठन ने आंदोलन की घोषणा की थी।मामले को लेकर बीते दिनों संगठन के पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बातचीत का दौर चला। चर्चा के दौरान पत्रकारों की आपत्तियों और मांगों पर विचार किया गया। सूत्रों के अनुसार, प्रशासन की ओर से मामले की निष्पक्षता से समीक्षा करने और संवाद बनाए रखने का भरोसा दिया गया, जिसके बाद संगठन ने फिलहाल आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया।इस संबंध में ऐप्जा के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी ने कहा कि संगठन पत्रकारों के सम्मान और अधिकारों को लेकर हमेशा सजग रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐप्जा के साथियों के सम्मान पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में पत्रकारों के साथ अन्याय होता है तो संगठन फिर से एकजुट होकर आवाज उठाने से पीछे नहीं हटेगा।उन्होंने आंदोलन में सहयोग और समर्थन देने वाले सभी पत्रकार साथियों का आभार भी व्यक्त किया।

## स्मैक के साथ 04 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कटरा पुलिस टीम ने करीब 100 ग्राम स्मैक डैली के साथ चार मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बीती रात थाना कटरा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर हुलास नंगला ओवर ब्रिज के पास सर्विस रोड पर अण्डरपास से चार मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने 99.5 ग्राम स्मैक डैली बरामद की। पकड़े गए अभियुक्त थाना कटरा क्षेत्र के मोहल्ला अफरीदी का रहने वाला योगेश मौर्य पुत्र दयाराम मौर्य, थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव लक्ष्मी प्रतापपुर का सत्यवीर पुत्र मिढ़ईलाल और बरेली के थाना फतेहगंज पूर्वी के गांव भीकमपुर का रहने वाला संजय पुत्र रामौतार तथा हरीशंकर पुत्र नरेश पाल है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वो लोग मादक पदार्थों की तस्करी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। बताया कि वो लोग बरामद स्मैक डैली बरेली के थाना फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र के गांव पडेरा के रहने वाले नईम उर्फ इमरान से लाये हैं और थाना कटरा क्षेत्र के मोहल्ला कायस्थान निवासी अरशद को देने जा रहे हैं। पकड़े गए अभियुक्त योगेश मौर्य पर थाना सदर बाजार, महिला थाना में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने चारों अभियुक्तों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कटरा के प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक सागर मानव, मनोज कुमार, हेड का. अंकुर कुमार और नरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## होली व रमजान को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने क्षेत्राधिकारी सदर व क्षेत्राधिकारी नगर के साथ होली तथा रमजान त्योहारों को लेकर थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। बैठक में अधिकारियों ने आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कहा कि सभी लोग मिल जुलकर त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी, ड्रोन/सीसीटीवी मॉनिटरिंग, प्रभावी गश्त एवं सोशल मीडिया की सतत निगरानी की जाएगी। उन्होंने आयोजकों से कार्यक्रम की पूर्व सूचना, निर्धारित समय सीमा का पालन तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करने को कहा। कहा कि जनपदीय पुलिस द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। जिसमें आमजन से भी सहयोग की अपेक्षा है। जिससे आगामी त्योहार शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सकें। इस दौरान स्थानीय संभ्रांत नागरिक, धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र का भ्रमण भी किया।

## रामचन्द्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव के तीसरे चरण का समापन-देश विदेश से आए हजारों अभ्यासियों ने की ध्यान साधना

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक पूज्य कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य में रामचन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव-2026 के तीसरे चरण का आज समापन हो गया। सुबह कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देश-विदेश से आए हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान साधना कर मानव कल्याण एवं विश्व शांति की कामना की।रामचंद्र मिशन आश्रम की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने तथा मिशन के आदि गुरु लालाजी महाराज की 153 वीं जयंती पर आयोजित बसंत उत्सव के अवसर पर कमलेश डी पटेल ने समापन पर साधकों को प्रेम, करुणा और सेवा की भावना विकसित करने का संदेश दिया। आह्वान किया कि प्रतिदिन ध्यान करें, ईर्ष्या त्यागें, और अपने हृदय को दिव्य प्रेम से भरें। कहा कि ध्यान से सहनशक्ति और सही समझ विकसित होती है। आयोजन को सफल बनाने में मिशन के सचिव उमाशंकर बाजपेई, संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, माधो गोपाल अग्रवाल, एके गर्ग, राजगोपाल अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, जोन प्रभारी सौमेंद्र त्यागी, कृष्णा भारद्वाज, ममता सिंह, उमेश श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, माया सिंह, डा. प्रसन्न कुमार, डा. एचके सिंह, डा. अभिनव सक्सेना, केएम त्रिपाठी सहित कई अभ्यासियों का योगदान रहा।

# प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कपिल लोधी ने छोड़ी भाजपा, कांग्रेस का थामा हाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन, सीतापुर । उत्तर प्रदेश की राजनीति में आज बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। भारतीय जनता पार्टी को करारा झटका देते हुए उसके कद्दावर नेता कपिल लोधी ने पार्टी से नाता तोड़ लिया है। लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कंग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर भाजपा को टाटा बाय-बाय कह दिया।यह ऐतिहासिक कदम अजय राय (प्रदेश अध्यक्ष, कंग्रेस) के नेतृत्व में उठाया गया, जिससे कंग्रेस संगठन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार देखा गया। कपिल लोधी भाजपा संगठन में पूर्व में सेक्टर प्रभारी और महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़ रखने वाले कपिल लोधी का पार्टी छोड़ना भाजपा के लिए संगठनात्मक रूप से बड़ा नुकसान माना जा रहा है। कंग्रेस में शामिल होते ही कपिल लोधी ने कहा किभाजपा अब जनहित से भटक चुकी है। कंग्रेस ही देश और प्रदेश को सही दिशा दे सकती है।ङ्कइस मौके पर प्रकाश प्रधान लोधी (प्रदेश महासचिव) सहित कई सम्मानित कंग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आने वाले चुनावों से पहले यह दलबदल कंग्रेस को न सिर्फ संगठनात्मक मजबूती देगा, बल्कि सकरनऽसीतापुर क्षेत्र में भाजपा की मुश्किलें भी बढ़ा सकता है।कपिल लोधी का कंग्रेस में शामिल होना सिर्फ पार्टी परिवर्तन नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सियासत में नए समीकरणों की शुरुआत माना जा रहा है। आने वाले दिनों में इसके राजनीतिक असर दूरगामी हो सकते हैं।

# पढ़ुआ क्षेत्र में दो सड़क हादसे: छात्र और चालक की मौत, 16 घायल

❑ डीएम-एसपी ने जताया दुःख

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। थाना पढ़ुआ क्षेत्र में सोमवार सुबह हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों ने जिले में शोक और चिंता का माहौल पैदा कर दिया। एक ही दिन में हुई इन दुर्घटनाओं में एक 17 वर्षीय छात्र और एक वाहन चालक की मौत हो गई, जबकि कुल 16 लोग घायल हुए हैं। हादसों की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक डॉ ख्याति गर्ग स्वयं जिला अस्पताल ओयल पहुंचे और घायलों के उपचार की व्यवस्थाओं की निगरानी की।*परीक्षा देने जा रहे छात्र की दर्दनाक मौत*पहली दुर्घटना तहसील धौरहरा के ग्राम रमियाबेहड़ के पास उस समय हुई, जब थाना शारदा नगर क्षेत्र के ग्राम चमेली व आसपास के गांवों के छात्र बोर्ड परीक्षा देने के लिए वैन से रमियाबेहड़ स्थित गायत्री देवी इंटर कॉलेज जा रहे थे। सुबह का समय होने के कारण सड़क पर यातायात सामान्य था, लेकिन अचानक सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से वैन की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए।इस हादसे में बेलपुरवा (तहसील सदर) निवासी 17 वर्षीय छात्र चंचल पुत्र विवान की मौके पर ही मौत हो गई। चार अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रमियाबेहड़ पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया गया।*बसों की आमने-सामने भिड़ंत, छह घायल*दूसरी दुर्घटना तहसील निघासन के ग्राम प्रसादीपूर्वा में हुई, जहां दो बसों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बसों के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को तत्काल सीएचसी रमियाबेहड़ ले जाया गया और वहां से जिला अस्पताल ओयल भेजा गया।जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ आरके कोली ने बताया कि दोनों हादसों में कुल 16 घायल अस्पताल लाए गए। इनमें एक वाहन चालक की रास्ते में ही मृत्यु हो गई। अस्पताल में भर्ती 15 घायलों में से 12 का उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा किया जा रहा है। तीन घायलों की हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण उन्हें एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस से लखनऊ रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

# 10 अमीनों को प्रशस्ति पत्र देकर अपर जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल (बहजोई) । आज कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में कर करेत्तर / न्यायालय राजस्व, चकबंदी वाद एवं चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा आदि राजस्व संबंधी सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम जनपद में वसूली का कार्य सही करने पर 10 अमीनों को बैठक में प्रशस्ति पत्र देकर अपर जिलाधिकारी के द्वारा सम्मानित किया गया। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह ने कहा कि पंचायत विभाग की आरसी वसूली में संबंधित तहसील की अमीनो के द्वारा शत प्रतिशत वसूली की जाएगी तो उनको सम्मानित करेंगे। सीएम डैशबोर्ड पर स्टाम्प निबंधन,आबकारी,वाहन कर वानिकी, खनन ,जीएसटी, विद्युत आदि के लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व प्राप्ति को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। व्यापार कर की आर सी वसूली,स्टाम्प देय,खनन, आबकारी विद्युत आदि की आरसी वसूली को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने कम आर सी वसूली को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत आरसी वसूली का कार्य किया जाए। अपर जिलाधिकारी ने एमओयू मॉनिटरिंग, जीबीसी, डिजि शक्ति, मंडी आय औषधि विक्रय लाईसेंस, अमृत 2 , प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, पीएम स्वनिधि योजना, सम्पत्ति नामांतरण, ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करना, ई-खसरा, एंटी भूमाफिया, कुर्रा बटवारा, नामांतरण (धारा-116), पैमाइश ( धारा 24 ) को लेकर चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने आरसी की नीलामी की कार्रवाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत नीलामी की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए जिससे आरसी वसूली की जा सके। प्रवर्तन कार्यों को लेकर समीक्षा की गयी। आबकारी विभाग की कार्रवाइयों को लेकर अपर जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए जीएसटी विभाग से भट्टों को लेकर दिशा निर्देशित किया। परिवहन विभाग से ओवरलोड वाहनों को लेकर जानकारी प्राप्त की गयी। श्रम विभाग की कार्रवाइयों को लेकर जानकारी प्राप्त की उन्होंने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और उन्होंने आर सी वसूली के विषय में भी निर्देशित किया। बाट माप विभाग के कार्यवाइयों के विषय में जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा कि जनपद में बाट माप को लेकर शतप्रतिशत निरीक्षण किए जाएं। औषधि निरीक्षक से लाइसेंस के विषय में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने कहा कि जनपद में कार्यवाही सही ढंग से की जाए। अपर जिलाधिकारी ने मंडी आवक, खाद्य सुरक्षा विभाग, जिला औषधि विभाग को निर्देशित करते हुए कहा की कोई भी लाइसेंस लंबित न रहे। अपर जिलाधिकारी ने आगामी त्यौहार होली के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा जनपद में अवैध रूप से बनाए जा रहे हैं पनीर ,अवैध मावा ,अवैध रूप से बनाए जा रहे दूध तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों को लेकर छापामारी की जाए। अपर जिलाधिकारी ने धारा एवं वादों के निस्तारण के विषय में जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा की समस्त वादो का समय से निस्तारण किया जाए और उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना योजना के अंतर्गत पत्रावली निस्तारण किया जाए। खनन की आरसी वसूली को लेकर अपर जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि 10 बड़े बकायादारों से प्राथमिकता के आधार पर वसूली की जाए। अपर जिलाधिकारी ने समस्त विभागों से लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करने के निर्देश दिए एवं जानकारी प्राप्त की जिसमें बाट माप विभाग, नगर निकाय, मंडी समिति की प्रगति रिपोर्ट लक्ष्य के सापेक्ष सही पाई गई।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि मंदी की आवक की प्रगति और बढ़ाई जाए। अपर जिलाधिकारी ने चकबंदी विभाग की समीक्षा करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया और उन्होंने नगरीय निकाय को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, उप जिलाधिकारी संभल रामानुज,डिप्टी कलक्टर विकास चंद्र, डिप्टी कलक्टर निधि पटेल एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उझानी सीएचसी बना रेफर सेंटर, चिकित्सकों का टोटा, प्रशिक्षुओं के हवाले ओपीडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उझानी स्थित उझानी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र(सीएचसी) इन दिनों चिकित्सकों की भारी कमी से जूझ रहा है। कभी जिले के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में शुमार रहने वाला यह केंद्र अब लगभग रेफर सेंटर बनकर रह गया है। वर्तमान में अधीक्षक और एक संविदा महिला चिकित्सक पर हजारों मरीजों का भार है, जबकि ओपीडी की जिम्मेदारी राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षु चिकित्सकों को सौंपी गई है। सिर्फ दो चिकित्सकों पर पूरा भार सीएचसी में इस समय अधीक्षक डॉ सर्वेश कुमार और संविदा चिकित्सक डॉ हिना सफदर ही नियमित रूप से तैनात हैं। अस्पताल संचालन, सरकारी योजनाओं, बैठकों और प्रशासनिक जिम्मेदारियों के चलते अधीक्षक पर अतिरिक्त दबाव बना हुआ है। ऐसे में ओपीडी और इमरजेंसी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इमरजेंसी में भी संकट सूत्रों के अनुसार, इमरजेंसी सेवाएं अक्सर अन्य केंद्रों के चिकित्सकों के भरोसे संचालित होती हैं। कई बार अधीक्षक को लगातार दो-तीन दिन तक इमरजेंसी संभालनी पड़ती है। मेडिकल रिपोर्ट और कानूनी मामलों में भी दिक्कतें सामने आ रही हैं, क्योंकि प्रशिक्षु चिकित्सक दवा तो लिख सकते हैं, लेकिन मेडिकल परीक्षण के लिए एमबीबीएस चिकित्सक अनिवार्य है। दुर्घटना में घायल मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है। कभी था जिले का प्रमुख अस्पताल करीब एक दशक पहले यहां डॉ हबीब अहमद, डॉ संजीव गुप्ता, डॉ आरके अरोरा, डॉ सुमन नागर, डॉ अमित वार्ष्णेय और डॉ पीके जैन जैसे अनुभवी चिकित्सकों की तैनाती के दौरान जटिल ऑपरेशन तक किए जाते थे। उस समय मरीजों की भारी भीड़ रहती थी और अस्पताल की पहचान एक बेहतर सरकारी स्वास्थ्य केंद्र के रूप में थीजनप्रतिनिधियों से मांगस्थानीय नागरिकों ने जनप्रति निधियों और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मांग की है कि उझानी सीएचसी में शीघ्र स्थायी चिकित्सकों की तैनाती की जाए, ताकि मरीजों को समुचित उपचार मिल सके और अस्पताल फिर से अपनी पुरानी पहचान हासिल कर सके।

# अधिकारी के निर्देशन में आयोजित देवी मंदिर पर कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल। एस.एम.कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्रा इकाई )का( तृतीय) सप्त दिवसीय शिविर मौलागढ़ देवी मंदिर में (कौशल विकास हेतु युवा कार्यक्रम) के अंतर्गत आज का कार्यक्रम (स्वच्छता जागरूकता दिवस )पर ग्राम मौलागढ़ स्थित देवी मंदिर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रिया श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित किया गया आज की मुख्य अतिथि श्रीमती शोभा रानी (पूर्व लिपिक एस.एम. कॉलेज चंदौसी) के लिए स्वयं सेविकाओं ने स्वागत गीत गाकर सुंदर प्रस्तुति दी स्वयं सेविकाओं ने स्वच्छता जागरूकता दिवस पर भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया । शोभा रानी ने स्वयंसेविकाओं को बताया की सबसे पहले स्वच्छता आपके विचारों में आपकी भाषा में होनी चाहिए तभी आप स्वच्छता के महत्व को समझ पाएंगे । स्वयंसेविका नेहा ने (स्वच्छ रहे यह देश हमारा) पर एक कविता, वंशिका एवं तलबिया ने( स्वच्छ बनाओ देश हमारा )पर एक गीत, दिव्या ने (बापू ने दिया था संदेश ,स्वच्छ रखो अपना देश )गीत, परी मिश्रा एवं खुशी यादव ने (कदम उठाए हाथ मिलाएं )पर कविता, संगीता ने (स्वच्छ बनाओ भारत अभियान )कविता, सलोनी सैनी (आओ मिलकर कसम खाएं )गीत,रुचि ने(जनधन का यह नारा स्वच्छता को अपनाना )कविता, शोभा ने (टिल्लू की कहानी स्वच्छता की निशानी) गीत,प्रियांशी ने (हर कर्म अपना करेंगे) गीत,बबली एवं विनीता ने( मन में है एक ही सपना) पर गीत गाए । खुशी गौतम,शिवानी दीक्षित,प्राची,मुक्ता सिंह,पिंकी,प्राची सागर, डौली,वंशिका उपाध्याय इन सभी ने भाषण, दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती शोभा रानी पूर्व लिपिक एस. एम.कॉलेज चंदौसी कार्यक्रम अधिकारी प्रिया श्रीवास्तव,मंदिर के पुजारी श्री गिर्राज किशोर गौड़,श्रीमती रेखा रानी गौड़,एवं श्री गजेन्द्र जी उपस्थित रहे।

# गन्ना कृषक महाविद्यालय के स्वयंसेवियों ने रैली निकाल राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का किया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का आयोजन किया गया शिविर का संचालन उत्तर प्रदेश शासन तथा भारत सरकार द्वारा निर्धारित विषय वस्तु कौशल विकास हेतु युवा को ध्यान में रखकर किया जा रहा है जिसमें सर्वप्रथम सभी स्वयंसेवियों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया डॉ. मृदुला शर्मा कार्यक्रम अधिकारी एन.एस.एस द्वारा बताया गया कि आज की थीम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ है और कहा कि फूलों से कोमल हृदय वाली होती है बेटियां, माँ बाप की एक आह पर रोती है बेटियां, भाई के प्यार में खुद को भुला देती है अक्सर, फिर भी आज भी गर्भ में मारी जाती है बेटियां बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2015 को शुरू किया गया एक प्रमुख राष्ट्रीय अभियान है जो गिरते बाल लिंगानुपात को सुधारने,लैंगिक भेदभाव मिटाने और लड़कियों को शिक्षा व सशक्तिकरण प्रदान करने पर केंद्रित है इस योजना का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह रोकने और लड़कियों को सम्मान अधिकार दिलाना है कार्यक्रम का संचालन करते हुए शाहिद खान द्वारा बताया गया की आज की बेटी चाँद पर पहुंच गई है बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं डॉक्टर रजिया द्वारा बताया गया की बेटी 2 कुलो को संभालती है बेटी से ही घर मे रौनक होती है डॉ. जयनरायण द्वारा बताया गया की बेटियों को पढ़ाओ बेटियां तो हर क्षेत्र में आगे हैं आज के युग की बेटी दोनों घरों को संभालती है तपश्चात स्वयंसेवायों द्वारा ग्राम में रैली निकाली गई और बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ के बारे में ग्राम वासियों को बताया गया बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ के नारे लगाये गए व भारत सरकार द्वारा बेटियों के दिए चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में भी अवगत कराया द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ.सुधीर कुमार ने अपने संबोधन मे कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि समाज की सोच को बदलने का संकल्प है बेटियाँ हमारे परिवार, समाज और राष्ट्र की शक्ति हैं। यदि हम उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर प्रदान करें, तो वे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं आज आवश्यकता है कि हम लिंगभेद की मानसिकता को त्यागकर बेटियों को आगे बढ़ने का पूरा अवसर दें शिक्षित बेटी न केवल अपने परिवार को सशक्त बनाती है, बल्कि पूरे समाज को नई दिशा देती है आइए, हम सब मिलकर यह प्रण लें कि हर बेटी सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बने स्वयंसेवीयों मे सरिता, पारुल, सपना, अनिता, अंजली, कशिश, नैना, अनिकेत, मनोज, आदि ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया है।

# सीडीओ ने वित्तीय अनियमितताओं के आरोप पर बीएसए को थमाई कारण बताओ नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । बेसिक शिक्षा विभाग जनपद अमेठी द्वारा जेम पोर्टल पर प्रकाशित विड तथा निर्गत कार्यादेश में गम्भीर वित्तीय एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताओं के आरोप ने तूल पकड लिया है।मुख्य विकास अधिकारी ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। बताते चलें कि एक महिला द्वारा आला अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई गई थी कि बेसिक शिक्षा विभाग जनपद अमेठी द्वारा सक्षम समिति के अनुमोदन हस्ताक्षर के बिना निविदा शर्तों का प्रकाशन कर दिया गया है और तकनीकी मूल्यांकन के उपरांत समस्त आवेदक फर्मों को विना स्पष्ट कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही अपात्र अर्हता पूर्ण न करने वाली फर्मों को वित्तीय बोली हेतु योग्य घोषित करना एवं न्यूनतम तीन वर्ष की अनुभव अर्हता पूर्ण न करने के बावजूद कार्यादेश निर्गत करने के साथ ही फर्म द्वारा प्रस्तुत ब्लैकलिस्टिंग शपथ पत्र की वैधता संदिग्ध होना। इसके अलावा कूटरचित अपूर्ण दस्तावेजों के आधार पर निविदा प्रक्रिया को प्रभावित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी वीरभान सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जारी की गई कारण बताओ नोटिस में लिखा है कि उपलब्ध अभिलेखों का परीक्षण करते हुए उपर्युक्त प्रत्येक बिंदु पर स्पष्ट, तथ्यात्मक एवं अभिलेखीय साक्ष्य सहित ''बिंदुवार स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।साथ ही यह भी स्पष्ट करें कि यदि प्रकरण में किसी प्रकार की अनियमितता प्रथम दृष्टया संज्ञान में आयी थी तो आपके स्तर से संबंधित अधिकारी कर्मचारी फर्म के विरुद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गयी है उसका पूर्ण विवरण भी उपलब्ध करायें। मुख्य विकास अधिकारी वीरभान सिंह ने यह भी लिखा है कि उपर्युक्त निविदा,कार्यादेश के माध्यम से किसी भी प्रकार की मैनपॉवर भर्ती आउटसोर्सिंग की प्रक्रिया आपके स्तर से प्रचलित है तो उक्त प्रक्रिया को शिकायत के निस्तारण तक तत्काल प्रभाव से स्थगित रखा जाय यदि आपके द्वारा भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है अथवा आगे कोई कार्यवाही की जाती है और उपरांत जांच में शिकायत सत्य पायी जाती है तो उससे उत्पन्न समस्त प्रशासनिक एवं वित्तीय दायित्व पूर्णतः आपके व्यक्तिगत उत्तरदायित्व पर निर्धारित किया जाएगा तथा किन्सी प्रकार की त्रुटि कमी पाये जाने पर समस्त उत्तरदायित्व आपका माना जायेगा। सीडीओ द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के बाद बेसिक शिक्षा विभाग में खलबली मची हुई है।

# चालीस ग्राम स्मैक के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने चालीस ग्राम स्मैक के साथ एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान सत्य प्रताप सिंह पुत्र स्व. वीरेन्द्र बहादुर सिंह निवासी ग्राम पिण्डारा महाराज थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब सैंतीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चालीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये सत्य प्रताप सिंह एक शातिर हिस्ट्रीशीटर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद बाराबंकी व अमेठी में आर्म्स एक्ट, चोरी, मारपीट, गैंगस्टर एक्ट आदि की विभिन्न धाराओं में कुल आठ अभियोग पंजीकृत हैं।

# डीएम ने अधिकारियों संग किया बरेली-मथुरा एक्सप्रेस-वे का विस्तृत निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने सोमवार को संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बरेली-मथुरा एक्सप्रेस-वे (एनएच-530बी) के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने 166 किलोमीटर से 179 किलोमीटर तक, बदायूं बाईपास क्षेत्र का जायजा लेते हुए निर्माण की गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में सुरक्षात्मक उपायों कोप्राथमिकता दी जाए, विशेषकर डायवर्जन स्थलों, निर्माणाधीन पुलों और संवेदनशील मोड़ों पर चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर, बैरि केडिंग और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम रहे।परियोजना निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) उत्कर्ष शर्मा ने बताया कि एक्सप्रेस-वे को फोरलेन के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह परियोजना चार पैकेजों में हाइब्रिड एन्युटी मोड (ल्ह्र्र) के तहत क्रियानवित की जा रही है। प्रथम पैकेजः लगभग 2500 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित, कार्य पूर्ण। द्वितीय पैकेजः लगभग 1200 करोड़ रुपये की लागत, 55 प्रति शत कार्य पूर्ण। तृतीय पैकेजः लगभग 1100 करोड़ रुपये की लागत, 16 प्रतिशत कार्य पूर्ण।चतुर्थ पैकेजः लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत, 6 प्रतिशत कार्य पूर्ण। उन्होंने बताया कि संपूर्ण परियोजना को नवंबर 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों और सड़क सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर सहित लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

सम्भल। जिलाधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज दिनांक 23.2.2026 को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बहजोई व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राजपुरा की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का सामना करने में सक्षम हों। प्रशिक्षक सुरेश कुमार व महिला खिलाड़ी श्रष्टि ने छात्राओं को टर्निंग किक, साइड किक, कट पंच की ट्रेनिंग दी। सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राएं बड़ी ही लगन से मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण ले रही हैं तथा दिन प्रतिदिन खुद को मजबूत महसूस कर रही हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है द्य छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृति , मुख्यमंत्री बाल सेवा आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया, जिससे बालिकाओं/ महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही ।

# युवा पीढ़ी को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने वाली फिल्म गौदान : कुशाग्र सागर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसौली। बदायूँ स्थित सिटी मॉल के ढिशुम सिनेमा हॉल में फिल्म 'गौदान' को जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता के साथ बिसौली के पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ देखा।

जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि 'गौदान' फिल्म भारतीय संस्कृति, ग्राम्य जीवन और गौ संरक्षण की परंपराओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है। भारतीय समाज में गौ माता के प्रति श्रद्धा केवल आस्था नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली और अर्थव्यवस्था से भी जुड़ी रही है। फिल्म में इसी समन्वित दृष्टिकोण को संतुलित रूप से दर्शाया गया है, जो समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करता है। पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने कहा कि यह फिल्म समाज में नैतिक मूल्यों, पशु संरक्षण और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने वाली है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है ऐसी सकारात्मक फिल्मों की, जो युवाओं को भारतीय परंपराओं के महत्व से अवगत कराएं और समाज में समरसता एवं संवेदनशीलता का संदेश दें। साथ ही उन्होंने फिल्म निर्माताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रेरणादायक पहल समाज को सही दिशा देने का कार्य करती है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, नगर अध्यक्ष बिसौली मनोज गुप्ता, जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज शर्मा, मंडल महामंत्री, शिवओम शर्मा, अजय पाराशरी, रामवीर सिंह, पंकज चौहान, बंटू पाठक, सनवीर पाल, गौरी शंकर शर्मा, सचिन जौहरी, अजेन्द्र राघव, आदेश सागर, हरनेक सागर, पंकज सागर आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्काउट भवन में चिंतन व सेवा दिवस मनाया गया

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्काउटिंग के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पावेल का 170वां ल्चिंतन दिवसङ्क और लेडी बेडेन पावेल का 138वां ल्सेवा दिवसङ्क स्काउट भवन एवं प्रशिक्षण केंद्र पर मनाया गया। पदाधिकारियों और स्काउट-गाइड ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर निस्वार्थ सेवा और अनुशासन का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि एडवोकेट महेश चंद्र सक्सेना ने कहा कि स्काउटिंग युवा शक्ति को कर्त्तव्य और नेतृत्व क्षमता से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। नेहा कटियार ने आगामी प्रशिक्षण शिविरों और सेवा अभियानों की जानकारी दी। डा. मनवीर सिंह ने स्काउटिंग से युवाओं में आत्म विश्वास, टीम भावना और सेवा भाव विकसित होने की बात कही। समारोह में कई पदाधिकारी और स्काउट-गाइड उपस्थित रहे। संचालन मोहम्मद असरार ने किया।

## एसई की हठधर्मिता पर भाकियू (असली) का धरना प्रदर्शन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । भारतीय किसान यूनियन (असली) (गैरराजनैतिक) ने अधीक्षण अभियंता के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आज जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया।संगठन के पदाधिकारियों ने अधिकारियों पर किसानों के साथ दुर्व्यवहार, फोन न उठाने और समस्याओं का समाधान न करने का आरोप लगाया। महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष पूनम गुप्ता ने अधीक्षण अभियंता के रवैये को तानाशाहीपूर्ण बताया और कहा कि अधिकारी जनता के लिए होते हैं। जिला अध्यक्ष केपीएस राठौर ने ज्ञापन न लेने और पदाधिकारियों को कार्यालय में प्रवेश न देने पर नाराजगी जताई। वहीं, युवा जिला अध्यक्ष जसवीर सिंह यादव ने क्षेत्र के मीटर रीडरों पर गलत बिल जारी करने और अवैध वसूली करने का आरोप लगाया। उन्होंने सलारपुर बिजलीघर पर तैनात एसडीओ के खिलाफ भी जांच और कार्रवाई की मांग की। भाकियू (असली) ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे घेराव और तालाबंदी जैसी कड़ी कार्रवाई करेंगे।

## पुलिस द्वारा शांति भंग के आरोपियों को भेजा गया जेल

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना फैजगंजबेहटा पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग कार्यवाही के अन्तर्गत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय बदायूँ के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे शांति व्यवस्था अभियान के तहत रविवार को थाना फैजगंज बेहटा पुलिस द्वारा दो अभियुक्त सागर पुत्र हरद्वारी तथा नन्हे सागर पुत्र हप्पू निवासीगण ग्राम डरेला थाना फैजगंज बेहटा जनपद बदायूँ को शांति व्यवस्था के दृष्टिगत रखते हुए अन्तर्गत धारा भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## अंग्रेजी गणित जीवविज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । बिसौली-क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में सोमवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी व द्वितीय पाली में इंटर मीडिएट गणित,जीवविज्ञान विषय की परीक्षा सीसीटीवी कैमरों ओर वाइस रिकॉर्डर की कड़ी निगरानी में हुई।परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व आंतरिक सचल दल प्रभारी नीरज चौहान, रामौतार मौर्य प्रवीण मिश्रा ने परीक्षार्थियों की गहन तलाशी ली। केंद्र व्यवस्थापक राजकुमार शर्मा ने बताया कि प्रथम पाली में हाईस्कूल अंग्रेजी विषय में 411 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 24 परीक्षार्थी गायब रहें। द्वितीय पाली में इंटर मीडिएट गणित,जीव विज्ञान विषय की परीक्षा में 174 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 11 अनुपस्थित रहे। केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट डॉ रतन लाल पशुधन विकास अधिकारी बिसौली, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक महावीर प्रसाद केएम इंटर कालेज इस्लाम नगर सहित पुलिस बल उपस्थित रहा।

## यूपी की खाद्य प्रसंस्करण नीति से निवेश और रोजगार को बढ़ावा

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश सरकार की उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत राज्य में निवेश, रोजगार और निर्यात को नई रफ्तार मिल रही है। नीति का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने के साथ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को मजबूत बनाना है। प्रदेश में करीब 3.50 लाख असंगठित और 80 हजार से अधिक संगठित इकाइयां कार्यरत हैं, जो लगभग 2.55 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार दे रही हैं। सरकार का लक्ष्य 75 हजार नई इकाइयां स्थापित कर कुल संख्या को 1.40 लाख तक पहुंचाना है। नई इकाइयों को 35% तक अनुदान (अधिकतम 5 करोड़ रुपये), कोल्ड चेन व फ्रीजिंग पर 50% तक सहायता और निर्यात परिवहन पर 25% सब्सिडी दी जा रही है। भूमि शुल्क व स्टांप शुल्क में भी छूट का प्रावधान है। उद्यमी सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह नीति प्रदेश को आत्मनिर्भर और निर्यातोन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## हाईटेक पिचकारियों और हर्बल रंगों से सजा बाजार

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । होली नजदीक आते ही बाजारों में रंग-बिरंगी पिचकारियां और गुलाल की रौनक बढ़ गई है। इस बार हेलीकॉप्टर, मिसाइल, वाटर गन और टैंक डिजाइन की हाईटेक पिचकारियां बच्चों को आकर्षित कर रही हैं। साथ ही 'मैजिक रेनबो मशीन', मैजिक गुब्बारे और अन्य कलर आइटम भी बिक्री पर हैं। दुकानदारों के अनुसार, लोग केमिकल रंगों से बचते हुए हर्बल अबीर-गुलाल को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## आज से लगेंगे होलाष्टक, आठ दिन शुभ कार्य रहेंगे वर्जित; अंतिम दिन चंद्र ग्रहण

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। फाल्गुन मास में 24 फरवरी से होलाष्टक प्रारंभ हो रहे हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित प्रवीण शर्मा के अनुसार, होलाष्टक 24 फरवरी सुबह 7:02 बजे से शुरू होकर 3 मार्च को होलिका दहन तक रहेंगे। इस अवधि में सभी मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी। उन्होंने बताया कि फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी से पूर्णिमा तक के आठ दिनों को होलाष्टक कहा जाता है। इस दौरान विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण, जनेऊ सहित 16 संस्कार और नवविवाहिता का ससुराल में ठहरना वर्जित माना जाता है। होलाष्टक के अंतिम दिन चंद्र ग्रहण पंडित रामऔतार शर्मा ने बताया कि इस वर्ष 3 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा एवं होलिका दहन के दिन चंद्र ग्रहण भी पड़ेगा। ग्रहण दोपहर 3:20 बजे शुरू होकर शाम 6:47 बजे तक रहेगा। इसकी अवधि 3 घंटे 27 मिनट होगी और यह भारत में भी दिखाई देगा। ग्रहण का सूतक काल 9 घंटे पूर्व प्रारंभ हो जाएगा। वहीं, 4 मार्च को होली का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

## प्राचीन सतीमाता मठिया की पैमाइश एवं सौन्दयीकरण को लेकर उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने एडवोकेट सभासद मुकेश गुप्ता की मौजदूगी मे उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपकर लाइन पार साहूकारा स्थित प्राचीन माता सती की मठिया जोकि बहुत जीर्ण-शीर्ण अबस्था में है जगह-जगह कूडे का ढेर लगा रहता है प्राचीन होने के कारण और रख-रखाव सही न होने के कारण इसकी हालत बहुत ही दयनीय है जबकि यह नगर वासियों की आस्था का केन्द्र है हर साल होली के बाद एक विशाल कार्यक्रम किया जाता है जिस कार्यक्रम मे बड़े बड़े वादे होने के बावजूद कोई निष्कर्ष नही निकला वही नितिन वर्मा और मुकेश गुप्ता ने पैमाइश कराकर सौन्दयीकरण और जीर्णोद्धार की माँग की है।


## सड़क हादसे में घायल युवक की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत के बाद दर्ज हुआ मुकदमा

पूरनपुर। पूरनपुर देहात के मोहल्ला पंकज कॉलोनी निवासी मुकेश हाईवे स्थित बीएसएनएल टावर के पास चाय की दुकान हैं। उनकी पत्नी शोभा देवी पैदल आटा लेने के लिए निकली थीं। सिरसा चौराहे पर तेज रफ्तार बाइक से आ रहे पिपरिया दुलई निवासी आदर्श वाजपेई ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी हादसे में शोभा देवी बुरी तरह घायल हो गई दुर्घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया डायल 112 पुलिस ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर में भर्ती कराया था हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।

# स्टाइल बाजार में अवैध पार्किंग हटवाने में कांप रहे अफसर, जाम से जूझ रहा शहर

## गोंडा लखनऊ राजमार्ग पर अवैध पार्किंग से बढ़ी दुश्वारी नगर पालिका प्रशासन उदासीन





कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । नगर पालिका परिषद क्षेत्र गुरु नानक चौ राहे के पास स्टाइल बाजार के नाम से एक शॉ पिंग माल खुला है जिसके पास पार्किंग की व्य वस्था न होने से ग्राहक अपनी गाड़ियां सड़क प र खड़ी करके चले जाते हैं जिससे सड़क पर जाम लग जाता है और जनता त्राहि-त्राहि करने लगती है लेकिन गोंडा जनपद के पुलिस प्रशा सन स्टाइल बाजार के सामने सड़क से आक्रम ण हटवाने में उनके हाथ कांपने लगते है,यही न हीं नगर पालिका परिषद क्षेत्र में अवैध पार्किंग का खेल दुश्वारियों का सबब बना हुआ है।आल म यह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग भी अवैध पार्किंग से अछूते नहीं हैं। यही वजह है कि जाम लगने के कारण लोग दुर्घटनाओं का भी शिकार हो र हे हैं नगर पालिका प्रशासन अतिक्रमण हटवाने का ढिढोरा तो पीटता है,लेकिन चहेतों व रसूख दारों पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है।सड़क पर वाहन खड़ा करने वालों का चालान तो किया जाता है,लेकिन समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए प्रशासन आगे नहीं आ रहा है।गोंडा-लखनऊ मार्ग गुरु नानक चौरा हा शहर का सबसे व्यस्ततम प्रथम चौराहा है ले किन इस चौराहे के पास दो शॉपिंग बना हुआ है लेकिन किसी भी माल के पास पार्किंग न हो ने से सड़क परिवहन खड़े हो रहे हैं।गोंडा लख नऊ राजमार्ग गुरु नानक चौराहे के पास भारती य स्टेट बैंक,पंजाब नेशनल बैंक,बैंक समय में य हां खाताधारकों और महिला अस्पताल जाने व शॉपिंग मॉल में खरीदारी करने के लिए लोगो की भारी भीड़ जुटती है।ऐसे में उन्हें अपना वा हन सड़क तक खड़ा करना पड़ता है।कमोवेश यही हाल इसी मार्ग पर स्थित एलबीएस चौरा हा है,वाहनों के बेतरतीब पार्किंग से सुगम या तायात का दावा भी हवाई साबित हो रहा है। गोंडा-लखनऊ मार्ग अग्रसेन चौक से लेकर अंबेडकर चौराहे तक अवैध पार्किंग से दुश्वा रियां बढ़ गईं हैं।गोंडा नगरपालिका परिषद में बेसमेंट में पार्किंग के बजाय दुकानें सजी हुईं हैं यह हाल तब है,जब मानचित्र में पार्किंग दर्शाक र अफसरों को गुमराह किया गया। भवन बनने के बाद अधिकारी जांच व सत्यापन करने नहीं पहुंचे।विनियमित क्षेत्र के अवर अभियंता नोटि स जारी करने की बात कह रहे हैं, लेकिन नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह उदासीन बना हुआ है।ईओ नगर पालिका विशाल कुमार का कहना है कि अवैध पार्किंग करने वालों के खिलाफ अ भियान अभियान चलाया जाता है,प्रभारी याता यात जगदंबा गुप्ता का कहना है कि सड़क कि नारे वाहन खड़े मिलने पर चालान किया जाता है।

### यह हैं जिम्मेदार :

गोंडा लखनऊ मार्ग पर अवैध पार्किंग के लिए ईओ विशाल कुमार अवर अभियंता,प्रभारी नि रीक्षक कोतवाली नगर बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी व यातायात प्रभारी जगदंबा गुप्ता और जिले के जिम्मेदार अधिकारी जिम्मेदार हैं।

# बहराइच के सोहनी बलई गांव में 24 फरवरी को सजेगा सांस्कृतिक एकता का भव्य मंच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश तथा जिला प्रशासन, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में 24 फरवरी 2026 को सोहनी बलई गांव स्थित रामलीला ग्राउण्ड भीमराव अम्बेडकर पार्क में अपरान्ह 01:00 बजे से आयोजित 'भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2026' के अंतर्गत भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया प्रसतावित है। उल्लेखनीय है कि भारत एवं नेपाल के मध्य ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक संबंधों को और अधिक सशक्त एवं प्रगाढ़ बनाये जाने के उद्देश्य से प्रदेश 08 जनपदों में 16 से 28 फरवरी 2026 तक 'भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2026' का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के नोडल अधिकारी निदेशक, उ.प्र. लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान अतुल द्विवेदी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में लोक गायन, भजन, लोक नृत्य, सूफी गायन, कत्थक नृत्य एवं मल्लखंभ लोक विधा सहित विविध रंगारंग प्रस्तुतियाँ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी। विभिन्न जनपदों तथा स्थानीय कलाकार भारत-नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत की जीवंत झलक प्रस्तुत करेंगे। भारत नेपाल मैत्री महोत्सव में लखनऊ से अनिता मिश्रा, पवन तिवारी व अपर्णा तिवारी एण्ड पार्टी, झांसी के रवि प्रकाश एण्ड पार्टी द्वारा मल्लखंभ लोक विधा, प्रयागराज से विकास पाण्डेय एण्ड पार्टी के अतिरिक्त जनपद बहराइच से राज कुमारी एण्ड पार्टी द्वारा थारू जनजाति लोक नृत्य, दीना भारती द्वारा लोक नृत्य, जसवीर सिंह ग्रुप द्वारा सूफी गायन, पंकज कुमार द्वारा कत्थक नृत्य तथा शिवराम यादव एण्ड पार्टी द्वारा प्रस्तुति की जायेगी। श्री द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति अपेक्षित है। आयोजन समिति द्वारा सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस सांस्कृतिक महोत्सव को सफल बनाएं और भारत-नेपाल की मैत्री के इस उत्सव के साक्षी बनें। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि दो देशों के बीच विश्वास, सहयोग और आत्मीयता की मजबूत कड़ी है, जो सदियों पुराने संबंधों को नई ऊर्जा प्रदान करता है।

## फर्रुखाबाद में गैंगेस्टर जुबैर की 26 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

फर्रुखाबाद। प्रशासन ने धोखाधड़ी एवं फर्जी जीएसटी से बनाई गई गैंगस्टर जुबेर खान की 26 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति सोमवार को कुर्क कर ली। जिलाधिकारी के आदेश पर कायमगंज के तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर, प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, राजस्व कर्मचारी व पुलिस फोर्स के साथ गढ़ी नूरखां पहुंचे। मोहल्ला गढ़ी इज्जत निवासी गैंगस्टर जुबेर खान की संपत्ति की कुर्की के लिए मुनादी कराई गई। जुबेर की गढ़ी नूरखां स्थित विशाल मकान, मऊ राशिदाबाद में स्थित करोड़ों कीमत वाले बड़े गोदाम, लखनपुर में कीमती कृषि योग्य भूमि, बैंक खातों की नकदी कई वाहनों को कुर्क किया गया।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा जनपद स्तर पर नि:शुल्क विज्ञान बस का संचालन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उ0प्र0 द्वारा आई0आई0टी0, कानपुर के माध्यम से विज्ञान बस का निर्माण प्रदेश के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से किया गया है। विज्ञान बस में विद्यार्थियों हेतु सी.बी.एस.सी./आई.एस.सी./आई.सी.एस.सी./यू.पी. बोर्ड के सिलैबस के अनुसार कक्षा-12 तक के भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित एवं खगोलकी इत्यादि से संबंधित हैण्डस ऑन प्रयोग उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त एक 3डी प्रिन्टर, ऑप्टिकल बेंच, माइक्रोस्कोप एवं टेलीस्कोप भी उपलब्ध है। जिससे विद्यार्थी विज्ञान के प्रयोगों के साथ-साथ 3डी प्रिन्टर की कार्यप्रणाली को देख सकेंगे एवं माइक्रोस्कोप के माध्यम से अति सूक्ष्म संरचनायें भी देख सकते हैं एवं विज्ञान बस में उपलब्ध टेलीस्कोप के माध्यम से रात्रि आकाश दर्शन भी विद्यार्थी कर सकेंगे। आई.आई.टी., कानपुर द्वारा सीबीएसई एवं यू.पी. बोर्ड के पाठ्यक्रम पर आधारित लगभग 300 लघु फिल्मों का निर्माण कर विज्ञान बस में उपलब्ध करायी गयी है। जिसके माध्यम से विद्यार्थी विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग करने की विधि समझ सकते हैं।विज्ञान बस में एक 75 इंच की एलईडी स्क्रीन भी स्थापित की गयी है जिसके माध्यम से विद्यार्थी विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग करने की विधि समझ सकते है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उ.प्र. द्वारा जनपद में विज्ञान बस माह मार्च में न्यूनतम 15 दिनों के लिए संचालित की जाएगी, जिससे जनपद के अधिक से अधिक विद्यार्थी लाभन्वित हो सके। वर्तमान में परिषद द्वारा विद्यार्थियों हेतु विज्ञान बस का संचालन निःशुल्क किया जाता है। जनपद में विज्ञान बस का संचालन कराये जाने हेतु कार्ययोजना परिषद को जिला विज्ञान क्लब के माध्यम से प्रेषित की जा रही है, जिससे विज्ञान बस का लाभ अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंचाया जा सके।

## नवीन गल्ला मण्डी परिसर मिहींपुरवा में आयोजित होगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम

बहराइच । मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि 24 फरवरी 2026 को नवीन गल्ला मण्डी परिसर मिहींपुरवा में ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना'' अन्तर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मा. जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 600 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) व परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास अभिकरण को ओवर आल प्रभारी नामित किया गया है। सीडीओ ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, मंच, कार्यक्रम स्थल पर वर-वधू को लाने, विवाह सम्पन्न कराने, वैवाहिक सामग्री के वितरण, कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रसाधन, चिकित्सा, रंगोली, अतिथियों के स्वागत, भोजन व मीडिया इत्यादि की व्यवस्था हेतु अलग-अलग अधिकारियों को नोडल व सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# पड़री ब्लॉक, बीडीओ की छत्रछाया में मनरेगा योजना में फल-फूल रहा भ्रष्टाचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कंधरा तेजी,धनोहरी,मिश्रौलिया कानूनगो, मुंडे रवा कला,परसा सोहसा,तुर्काडीहा ताड़ी परसो हियां व पिलखावा में फर्जी मस्टररोल

**मनरेगा योजना में लूट पर मूकदर्शक बने हुए है खंड विकास अधिकारी व प्रमुख प्रतिनिधि**

गोंडा । जिले का पंडरी कृपाल विकास खंड इन दिनों मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सुर्खियों में है।यहां खंड वि कास अधिकारी और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि की मेहरबानी के चलते केंद्र सरकार की इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना को फर्जी मस्टर रोल के जरिए लूटने का गोरखधंधा बंद नहीं हो रहा है।ऐसे में न सिर्फ योगी सरकार की मंशा पर पा नी फिर रहा है,बल्कि सरकारी धन का भी वारा न्यारा किया जा रहा है। जिले के पड़री कृपाल विकास खंड की कंधरा तेजी में गाटा संख्या दो सौ 92 हगनी तालाब सुंदरीकरण दूसरा कार्य पिलखाई गांव में गाटा संख्या 99 ईएसए चंडी तालाब सुंदरीकरण के लिए 85 श्रमिक दिखाए गए, लेकिन जो फोटो अपलोड की गई है, उसमें बड़ा खेल हुआ है।इसी तरह ग्राम पंचायत पिल खावा में दो कार्यों के लिए 79 श्रमिकों का फ र्जी मस्टर रोल चल रहा है। मनरेगा पोर्टल पर जो फोटो अपलोड की गई है, उसमें सभी एक जैसी दिखाई दे रही हैं।ऐसे में यह खुलासा हो रहा है कि डबल रोल का खेल ब्लॉक पड़री कृ पाल में बेखौफ जारी है। पड़री कृपाल विकास खंड की ग्राम पंचायतों में जिस तरह से मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार चल रहा है, वह सिस्टम पर

सवाल खड़ा करता है,ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है,बल्कि जांच के नाम पर खानापूर्ति कर जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लिया जाता है।दरअस ल सूत्र बताते हैं कि पड़री कृपाल ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी की छत्रछाया में मनरेगा यो जना में भ्रष्टाचार फल फूल रहा है।शिकायत हो ने या मीडिया में खबरें छपने के बाद बीडीओ की सख्ती दिखाई देती है,लेकिन सिर्फ हवा-ह वाई।वास्तविकता तो यह है कि इसके बाद ग्राम प्रधानों की क्लास ली जाती है और फिर धमका कर भ्रष्टाचार में भी भ्रष्टाचार का खेल खेला जा ता है।सूत्र बता रहे हैं कि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनि धि का एक खास एक सफाई कर्मचारी ब्लॉक के ऑफिस में बाबू बनकर मनरेगा योजना में

सारा खेल कर रहा है और जो ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि का खास बताया जा रहा है। पड़री ब्लॉक की ग्राम पंचायत तुर्काडीहा में 70,ताड़ी परसोहियां में 60, मुंडेरवा कला में 77, परसा सोहसा में 78, धनोहरी में 61 और मिश्रौलिया कानूनगो 68 श्रमिकों का फर्जी मस्टर रोल चल रहा है।इन ग्राम पंचायतों में श्रमिकों की संख्या घटती-बढ़ती रहती है,जिससे मनरेगा योजना में चल रही लूट पर किसी को शक न हो।बीडीओ से लेकर एपीओ तथा अन्य जिम्मेदार अधिका रियों व कर्मचारियों की संलिप्तता के कारण ही मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर चल रहे भ्रष्टा चार के खेल पर न तो रोक लगाने का प्रयास किया जा रहा है और न ही जांच कराकर दो षियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### क्या कहते हैं डीसी मनरेगा जनार्दन यादव

कटरा बाजार विकास खंड में मनरेगा योजना में किए जा रहे भ्रष्टाचार के बाबत डीसी मनरेगा जनार्दन यादव का कहना है कि मनरेगा में पार दर्शिता का हरसंभव प्रयास किया जाता है। इस संबंध में सख्त हिदायत भी दी जाती रहती है और समय-समय पर कार्यों की निगरानी भी कराई जाती है।उन्होंने कहा कि मामले की जां च कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## बिजनौर में महिला की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर के हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव खातापुर में आज 28 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। हल्दौर क्षेत्र निवासी ब्रह्मपाल सिंह की पुत्री काजल की शादी 14 माह पहले शहर कोतवाली क्षेत्र के अलावलपुर गांव के गौरव से हुई थी। दंपति की एक तीन माह की बेटी भी है। मृतका के परिजनों ने सास, ससुर और ननद पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के चचेरे भाई आकाश कुमार ने बताया कि ससुराल पक्ष 10 लाख रुपये और एक बाइक की मांग कर रहा था। बताया जा रहा है कि मृतका का पति गौरव अग्निशमन विभाग में कार्यरत है और वर्तमान में उसकी तैनाती लखनऊ में है।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान एम.एल.सी. उ.प्र. विधान परिषद की संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति की सदस्य एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी द्वारा सुझाव दिया गया कि यातायात सुरक्षा नियमों की जनजागरूकता के लिए विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच पैम्फलेट का वितरण कराया जाय तथा वाईस रिकार्डर के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान की जाय।

जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर चर्चा के दौरान बताया कि कुल चिन्हित 36 ब्लैक स्पाट्स में 29 एनएएच/एनएचएआई से तथा



शेष 07 ब्लैक स्पॉट्स पीडब्ल्यूडी/सीडी-1 से सम्बंधित हैं। बैठक में उपस्थित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि आगामी बैठक से पूर्व सभी सुरक्षात्मक कार्य पूर्ण करा दिये जायेंगे। डीएम ने सभी सम्बन्धित को निर्देश दिया कि सुरक्षात्मक कार्यों को शीघ्र से शीघ्र पूरा कराएं। हिट एण्ड रन से सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि 57 मामलों की जांच लम्बित हैं। डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि जांचोपरान्त शीघ्र ही समस्त 57 प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा। डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र अन्तर्गत मार्गों के निकट स्थित ट्रांसफार्मर्स एवं विद्युत पोलों की शिफ्टिंग हेतु आगणन तैयार कर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। डीएम ने अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच को निर्देश दिया कि नगर पालिका की सड़कों को मॉडल रोड के रूप में विकसित करने के लिए प्रापोजल तैयार कर लिया जाय। डीएम ने एआरटीओ को निर्देश दिया कि यातायात निदेशालय का डाटा पीडब्ल्यूडी विभाग को भी साझा किया जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रदीप कुमार एवं अमर सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ओ.पी. सिंह, यात्रीकर अधिकारी अवधराज गुप्ता, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक)/मोटर वाहन निरीक्षक प्रदीप कुमार, अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# त्यौहारों में सोशल मीडिया पर फर्जी अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी रहेगी नजर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । होली एवं अन्य त्योहारों को लेकर तैयारि यां शुरू हो चुकी है।जहां लोग त्योहार को लेक र उत्साहित हैं। वहीं पुलिस और प्रशासन ने भी कमर कस ली है।इसी के तहत त्योहार पर शां ति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य सोमवार को जिला पंचायत सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की मीटिंग की गई। बैठक जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी एवं पूर्वी तथा समस्त उपजिलाधिकारीगण एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी व सभी थानाध्यक्ष सभी धर्मों के धर्मगुरू और सं भ्रांत नागरिक मौजूद रहे।जिलाधिकारी ने बैठ क में मौजूद सभी धर्मगुरुओं और संभ्रांत नाग रिकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें आगामी हो ली एवं अन्य त्योहारों को शांति पूर्वक मनाने और किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने के बारे में समझाया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा तो उसके वि रुद्ध कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जा येगी।सभी लोगों से अपील करते हुए उन्हें सम झाया गया कि वह किसी भी प्रकार की अफ वाह पर ध्यान न दें। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दें। जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और सभी लोग त्योहार को शांति पूर्व ढंग से मना सके।इसके अलावा उन्होंने कहा कि युवा या अन्य कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर इस प्रकार की पोस्ट ना करें जिससे कि आपसी माहौल बिगड़े।बैठक में अपर जिलाधिकारी आ लोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी एवं पश्चिमी, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष, सभी धर्मों के ध र्मगुरु सहित सभी संबंधित विभागों के अधिका री उपस्थित रहे।

# महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता : आयुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । सोमवार को मुख्यालय स्थित मंडलायुक्त कार्यालय में आयुक्त है की अध्यक्षता में माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।महिलाओं हेतु प्रत्येक सोमवार आ योजित होने वाली इस विशेष जनसुनवाई में कुल बारह महिलाओं ने प्रतिभाग किया और अपनी व्यक्तिगत,सामाजिक व कानूनी समस्या ओं को सीधे आयुक्त के समक्ष रखा।आयुक्त ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधि त अधिकारियों से मौके पर ही वार्ता की और प्रत्येक मामले में नियमानुसार त्वरित,निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए।जनसुन वाई के दौरान उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र की निवासी मीरा देवी ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि वह अपनी बेटी के साथ गांव में अकेली रहती हैं,जबकि उनके पति रोजगार के सिलसिले में बाहर रहते हैं।इस स्थिति का लाभ उठाकर गांव के कुछ लोगों द्वारा उनके साथ क ई बार गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी तथा एक घटना में अर्धनग्न करने का प्र यास किया गया।पीड़िता ने बताया कि विभिन्न तिथियों पर हुई घटनाओं की शिकायत स्थानीय थाने में दी गई, परंतु पुलिस द्वारा न तो प्राथमि की दर्ज की गई और न ही चिकित्सकीय परीक्ष ण कराया गया।इस पर आयुक्त ने पुलिस अधि कारियों को प्रकरण का परीक्षण कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।एक अन्य मामले में श्रावस्ती जनपद के भिनगा क्षेत्र की महिला ने अपने पति की संदि ग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु का मामला उठा या।पीड़िता ने बताया कि दिसंबर 2025 में गां व के ही एक व्यक्ति द्वारा उनके पति को बुला कर ले जाया गया, जिसके बाद उन्हें अर्धमृत अवस्था में सड़क किनारे छोड़ दिया गया। उप चार के दौरान तीन दिन बाद उनकी मृत्यु हो गई।प्रारंभ में इसे दुर्घटना समझकर अंतिम सं स्कार कर दिया गया,किंतु बाद मे हत्या की आ शंका और धमकियों की जानकारी सामने आई पीड़िता द्वारा थाने से लेकर उच्चाधिकारियों त क प्रार्थना-पत्र देने के बावजूद कार्यवाही न होने की शिकायत पर आयुक्त ने संबंधित अधिका रियों को मामले की निष्पक्ष जांच कर विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए।जनसुनवाई में करनैल गंज क्षेत्र की एक बेवा,गरीब एवं असहाय महि ला ने धोखाधड़ी का प्रकरण प्रस्तुत किया।उन्हों ने बताया कि केवाईसी कराने के बहाने उन्हें त हसील ले जाकर नशीला पदार्थ पिलाया गया और उनकी बेशकीमती भूमि का कूटरचित बै नामा करा लिया गया।इस संबंध में थाने में ए फआईआर दर्ज होने के बावजूद अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने से वे भयभीत हैं और लगाता र धमकियां मिल रही हैं। आयुक्त ने पुलिस को अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा पीड़िता की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।वही तरबगंज क्षेत्र की निवासी पम्मी तिवा री ने बैनामे की भूमि पर अवैध कब्जे की शिका यत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि राजस्व टीम द्वारा दो बार नाप कराए जाने के बाद भी विप क्षी कब्जा हटाने को तैयार नहीं हैं और निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे हैं।इस पर आयुक्त ने रा जस्व व पुलिस विभाग को समन्वय स्थापित क र मौके पर कब्जा हटवाने तथा प्रार्थिनी को नि र्माण कार्य हेतु सुरक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।आयुक्त ने स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और पीड़ित म हिलाओं को हर संभव सहायता प्रदान की जाए कार्यक्रम के अंत में आयुक्त ने महिलाओं से अ पील की कि वे बिना संकोच अपनी समस्याएं प्र शासन के समक्ष रखें, ताकि उनका त्वरित समा धान किया जा सके।

## रेडीमेड गारमेंट्स फैक्ट्री में लगी भयंकर आग

गाजियाबाद। जनपद गाजियाबाद के ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार को एक रेडीमेड गारमेंट्स फैक्ट्री में अज्ञात कारण से भयंकर आग लग गई। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना पाकर ट्रॉनिका सिटी (लोनी) फायर स्टेशन से तीन फायर टेंडर तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुए। मौके पर पहुंचकर दमकल कर्मियों ने देखा कि 500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में निर्मित तीन मंजिला इमारत में संचालित रेडीमेड गारमेंट्स फैक्ट्री मनमानर्क अपैरल के प्रथम तल पर आग लगी हुई थी। आग के साथ भारी मात्रा में धुआं निकल रहा था, जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। मुख्य दमकल अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि आसपास के फायर स्टेशन से भी कुछ गाड़ियां मंगवाई गई। उन्होंने बताया कि फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाड़ियों ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जन हानि नहीं है।

# आबकारी विभाग की पूरनपुर में ताबड़तोड़ छापेमारी, 02 अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।होली पर्व से पूर्व अवैध शराब के अड्डों के पर छापेमारी के लिए प्रशासन,पुलिस और आबकारी विभाग की 05 टीम बनाई गई है जो लगातार विभिन्न गांवों में लगातार छापेमारी कर रही है होली पर्व के दृष्टिगत आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिलाधिकारी पीलीभीत व पुलिस अधीक्षक,पीलीभीत के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी कल्पनाथ रजक के नेतृत्व मे आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3, क्षेत्र 2 व क्षेत्र 4 मय आबकारी स्टॉफ व थाना शेहरामऊ उत्तरी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बांसभोजी, रानीगंज, मुरादपुर माती, जोगराजपुर आदि के संदिग्ध स्थलों पर दबिश की कार्यवाही की गई दबिश के दौरान लगभग 36 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम 60 अंतर्गत 02 अभियोग दर्ज किए गए मौके से 02 महिलाओं सुनीता पत्नी बोहर, निवासी बांस भोजी,भगवन्ता पत्नी हीरालाल निवासी रानीगंज को गिरफ्तार थाना सेहरा मऊ उत्तरी पुलिस के हवाले किया गया जिनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है टीम में आबकारी विभाग से आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3, रोहित शर्मा, आबकारी निरिक्षक क्षेत्र 2, प्रदीप यादव, आबकारी निरिक्षक क्षेत्र 4 मनीष कुमार मय आबकारी स्टाफ रहा हैं।

# बेनहर चौराहे से आवास विकास चौराहे तक यशवंतरी मंदिर मार्ग का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने किया शिलापट अनावरण




पीलीभीत। नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में विकास कार्यों को तेजी देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ল28 दिन, 28 लोकार्पणङ्क अभियान के अंतर्गत वार्ड संख्या 08 में यशवंतरी मंदिर मार्ग का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने शिलापट का अनावरण कर किया।

पालिका द्वारा कराए गए निर्माण कार्य के तहत बेनहर चौराहे से आवास विकास चौराहे तक नवनिर्मित सड़क का निर्माण कराया गया है। सड़क बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान हो गया है।इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि होली का पर्व निकट है और इसके बाद चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होने वाली है। यशवंतरी देवी मंदिर पर नवरात्रि के दौरान विशाल मेला लगता है, जिसमें लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नवरात्रि से पूर्व इस मार्ग का निर्माण पूर्ण कर लोकार्पण कराया गया है।लोकार्पण के दौरान क्षेत्रवासियों ने पालिका अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। कई स्थानों पर लोगों ने छतों से फूल बरसाकर उनका अभिनंदन किया और सड़क निर्माण के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभासद विपिन गंगवार राजू फौजी, साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, सुनीता सिंह, राशिद हुसैन, शिवम श्रीवास्तव, परविंदर सिंह सैहमी, गौरव अवस्थी, नरेन्द्र तिवारी, विपिन मिश्रा, पंकज तिवारी, विपिन त्यागी, सुखदीप सिंह, पंकज राजपूत, अरविंद राठौर, सुनील सैनी, विकास चंद्र गुप्ता, गगनदीप, कमलेश वर्मा, सनी मौर्य, अंकित मौर्य, विपुल पांडेय, राहुल पांडेय, राजीव शर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## नए यूजीसी नियम लागू करने की मांग को लेकर वकीलों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर। अधिवक्ताओं और समाज के लोगों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नए नियमों को तत्काल लागू करने की मांग की उन्होंने पिछड़ा और दलित समाज के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए इन नियमों को आवश्यक बताया वही वकीलों ने रैली निकाली जो तहसील परिसर में समाप्त हुई वकीलों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह को सौंपा इस प्रदर्शन का नेतृत्व 'पिछड़ा दलित समाज' के संयोजक और अधिवक्ता दामोदर प्रसाद ने किया वकीलों ने दिये ज्ञापन में केंद्र सरकार से यूजीसी के नए नियमों को तुरंत लागू करने की मांग की गई है नियम लागू होने से देश की लगभग 83 प्रतिशत आबादी को सीधा लाभ मिलेगा ज्ञापन देने वालो मे पिछड़ा दलित वर्ग संघ के अध्यक्ष हरिओम गौतम, अधिवक्ता लालाराम, लाल बहादुर कोहली, मुकेश चंद्र श्रीवास्तव, नीरज वर्मा और नरेश पाल सिंह समेत कई अन्य गणमान्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाला केंद्रीय बजट :विधायक बाबूराम पासवान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विधायक कार्यालय पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में केंद्र सरकार के बजट पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया इस गोष्ठी में जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और बजट के विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा की गोष्ठी विधायक बाबूराम पासवान की अध्यक्षता मे संपन्न हुई केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की प्रमुख योजनाओं और जनहितकारी प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला विधायक ने कार्यक्रम में केंद्रीय बजट के विभिन्न प्रावधानों जनकल्याणकारी योजनाओं एवं देश के समग्र विकास की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों पर प्रकाश डाला विधायक ने बताया कि यह केंद्रीय बजट देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाला है बजट में आर्थिक विकास को गति देने और उसे धारणीय रखने पर जोर दिया गया है केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट में समाज के हर तबके का ध्यान रखा गया है लोगों को बेहतर शिक्षा और इलाज की सुविधा मुहैया कराने के लिए भी व्यवस्था की गई है इसके लिए, सरकार ने 7 रणनीतिक और अग्रणी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है इससे इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगार को गति मिलेगी उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए बजट के माध्यम से किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों एवं मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता को साझा किया सरकार ने हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा की है, जिससे यातायात को गति मिलेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा सरकार समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है गन्ना सोसायटी चेयरमैन नितिन दीक्षित ने कहा कि बजट में टैक्स सुधारों की घोषणा की गई है जिससे छोटे करदाताओं को लाभ मिलेगा गन्ना कृषक महाविद्यालय के प्रवक्ता अंकित गुप्ता ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट में समाज के हर तबके का ध्यान रखा गया है लोगों को बेहतर शिक्षा और इलाज की सुविधा मुहैया कराने के लिए भी व्यवस्था की गई है। यह बजट समाज के प्रत्येक वर्ग, जिसमें किसान, युवा, महिला, व्यापारी और मध्यम वर्ग शामिल हैं, को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है उन्होंने बताया कि इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, स्वरोजगार और ग्रामीण विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है अंत मे विधायक जी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, ताकि समग्र एवं संतुलित विकास सुनिश्चित हो सके उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि केंद्र और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रत्येक वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐतिहासिक विकास कार्य किए गए कार्यक्रम के अंत में, उपस्थित लोगों ने बजट को जनकल्याणकारी बताया और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है।

## एनडीए परीक्षा पास कराने के नाम पर ठगी: पीलीभीत पुलिस ने ठग को गोवा से किया गिरफ्तार

पीलीभीत।कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नकटादाना के रहने वाले राकेश कुमार ने पुलिस मे शिकायत दर्ज कराई थी और बताया की उसका पुत्र राज दीवान कक्षा 6 से 11 राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल अजमेर राजस्थान पढ़ा है। वर्ष 2024 मे स्कूल द्वारा अवगत कराया गया कि 11 बी उसका बेटा फ़ेल हो गया उस समय वह स्कूल गया क्लास टीचर जे के शर्मा थे उन्होंने भरोसा दिलाया कि परेशान न हो उसके बेटे का दाखिला वह 12बी और एनडीए दोनो मे करा देंगे और ठग रजनीकान्त शर्मा से के पास भेज दिया शिकायत के बाद पुलिस हरकत मे आई और पुलिस ने एनडीए परीक्षा पास कराने और 12वीं कक्षा में प्रवेश दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को गोवा से गिरफ्तार किया है। आरोपी काफी समय से पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए फरार चल रहा था ठग ने यूपीआई, आरटीजीएस और पेटीएम के माध्यम से अलग-अलग तारीखों पर कुल 4,49,500 रुपये वसूल लिए काफी समय बीत जाने के बाद भी जब न तो 12वीं में प्रवेश मिला और न ही एनडीए से संबंधित कोई कार्रवाई हुई, तो राकेश ने अपने पैसे वापस मांगे पैसे वापस मांगने पर आरोपी रजनीकान्त ने गाली-गलौज की और जान से मारने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी इस मामले में कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

## पति पत्नी को घर मे घुसकर पीटने के मामले मे पिता पुत्र पर मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया जयभद्र निवासी पूजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 फरवरी की सुबह वह घर में काम कर रही थी आरोप है कि नगर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा निवासी विनेश और उसका पिता अशोक पांडेय उसके घर में घुस आए दोनों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की जिससे वह घायल हो गई शोर सुनकर बाहर खेल रहा उसका बेटा लवीश मौके पर पहुंचा और फोन से अपने पिता कपिल पांडेय को सूचना दी सूचना पाकर घर पहुंचे कपिल पर भी पिता-पुत्र ने हमला कर दिया मारपीट के दौरान कपिल को गंभीर चोटें आई। घटना की सूचना पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बाइक सवार बदमाशों ने सेल्समैन और चालक से लूटी नकदी

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव डिहवा सरैया पुल के पास बेखौफ बदमाशों ने एक डेयरी संचालक के पिकअप चालक और सेल्समैन की पिटाई कर पच्चीस हजार रुपये की नकदी छीनकर फरार हो गये हैं। बेखौफ बदमाशों द्वारा पिकअप वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।डेयरी संचालक ने स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है लेकिन पुलिस ने सोमवार की देर शाम तक अभियोग दर्ज नही किया है।थाना क्षेत्र के गांव हरिहरपुर मजरे जमुरवां निवासी डॉ सुरेन्द्र बहादुर सिंह अपने गांव ध्रुव डेयरी उद्योग संचालित करते हैं उनके कई वाहन आसपास के गांवों में संचालित डेयरी से नियमित दूध की ढुलाई करते हैं।रविवार की रात करीब आठ बजे पिक अप संख्या यूपी 32 वाई एन 9516 से रोजाना की भांति पिक अप चालक सेल्समैन के साथ शंकरगंज से जमुरवां जा रहे थे पिकअप नहर पटरी मार्ग पर स्थित गांव डिहवा सरैया पुल के पास पहुंची थी कि बाइक सवार बेख़ौफ़ बदमाशों ने वाहन को रोकवा लिया और सेल्समैन एवं चालक से अभद्रता करते हुये लगभग पच्चीस हजार रुपये की नकदी और आवश्यक दस्तावेज छीन लिया। सेल्समैन और चालक द्वारा विरोध जताने पर वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है चालक की पिटाई कर दी गई जिससे वह मामूली रुप से घायल हो गया। वाहन स्वामी एवं ध्रुव डेयरी उद्योग के संचालक डॉ सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने स्थानीय पुलिस चौकी पहुंचकर लिखित तहरीर सौंपी है लेकिन पुलिस ने अभियोग दर्ज करना मुनासिब नही समझा है।

## शस्त्र उल्लंघन पर लाइसेंसी राइफल के साथ युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा शस्त्र अधिनियम उल्लंघन के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है और एक लाइसेंसी रायफल व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल हो रही लाइसेंसी रायफल के साथ हिस्ट्रीशीटर श्याम मिश्रा की फोटो के संबन्ध में श्याम मिश्रा उपरोक्त से पूंछतांछ करने पर श्याम मिश्रा उपरोक्त के द्वारा बताया गया कि बीती इक्कीस फरवरी को उसने रवि यादव पुत्र स्व. दानबहादुर यादव निवासी पूरे चेतन पाण्डेय मजरे कोरारी लच्छनशाह थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी की लाइसेंसी रायफल के साथ फोटो खिंचवाकर स्टेटस लगाया था इसके बाद लाइसेंस धारक रवि यादव उपरोक्त से पूंछतांछ में उसने बताया गया कि इक्कीस फ़रवरी को रात्रि में श्याम मिश्रा ने उसकी रायफल ले ली थी एवं उसके साथ फोटो खींच ली थी जोकि बाद में व्हाट्सएप्प स्टेटस पर भी लगा दी थी लाइसेंस धारक को आर्म्स एक्ट की धारा तीस के उल्लंघन का बोध कराते हुये उक्त लाइसेंसी रायफल व दो जिन्दा कारतूस पुलिस कब्जे में लिया गया तथा रवि यादव पुत्र स्व0 दानबहादुर यादव निवासी पूरे चेतन पाण्डेय मजरे कोरारी लच्छनशाह थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना मुंशीगंज पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## मोहना में दिनदहाड़े कट गये पांच महुआ के पेड़

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जायस क्षेत्र के गांव मोहना स्थित मदरसा के पीछे लकड़ी कारोबारियों द्वारा दिनदहाड़े प्रतिबंधित महुआ के पेड़ों की अवैध कटान के मामले ने तूल पकड़ लिया है। वनकर्मियों ने आला अधिकारियों की फटकार के बाद लकड़ी कारोबारी और बाग स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। लकड़ी कारोबारी से मिलीभगत के चलते वनकर्मियों ने उक्त लकड़ी के बोटों को स्थानीय थाने पहुंचाने के बजाय कारोबारी के करीबी के सुपुर्द कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव मोहना स्थित मदरसा के पीछे स्थानीय पुलिस एवं वनकर्मियों की सांठगांठ से दिनदहाड़े प्रतिबंधित महुआ के पेड़ों की कटान चल रही थी। ग्रामीणों ने इस अवैध कटान की शिकायत वनकर्मियों से किया लेकिन उनके कानों में जूं नही रेंगी तो आला अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई तो वनकर्मी हरकत में आये और अवैध कटान स्थल पर पहुंचे तो डंके की चोट पर प्रतिबंधित महुआ के पेड़ों पर दिनदहाड़े आरा चल रहा था। वन विभाग के वन रक्षक मुकेश यादव ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि वह जब अन्य वनकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे तो मदरसा के पीछे पांच महुआ के पेड़ों की अवैध कटान मिली और लकड़ी को स्थानीय व्यक्ति की सुपुर्दगी में दिया गया। पुलिस ने वन रक्षक मुकेश यादव की तहरीर पर लकड़ी कारोबारी कैलाश पुत्र पच्चू निवासी ग्राम पूरे बनिया मजरे बंदीपुर सन्दीनागिन थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली के साथ ही वृक्ष स्वामी इकराम अहमद पुत्र इनायत उल्ला निवासी ग्राम मोहना थाना जायस जनपद अमेठी के खिलाफ वृक्ष संरक्षण अधिनियम व इमारती लकडी एवं अन्य वनोपज अभिवहन नियमावली उल्लघंन का मुकदमा दर्जकर लिया है।

## सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत

जयसिंहपुर/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 134.20 पर रविवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की जान चली गई। दोनों भाई लखनऊ से आजमगढ़ की ओर जा रहे थे, तभी उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े लोडेड ट्रक से जा टकराई। बताया जा रहा है कि पीली पट्टी के भीतर खराब खड़ा ट्रक तिरपाल से ढका था। सारंगपुर गांव के पास बाइक पीछे से ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुमित गौड़ (30) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल शुभम गौड़ (23) को ईगल एंबुलेंस से सीएचसी बिरसिंहपुर ले जाया गया,जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों मृतक कानपुर जिले के केशवपुरम आवास विकास क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। सूचना पर पीआरबी व सुरक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर पंचायतनामा भर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# टीचर फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर विरोध डिजिटल अभियान तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले में टीईटी अनिवार्यता से मुक्ति की मांग को लेकर शिक्षकों का आंदोलन अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मुखर हो गया है। डॉ दिनेश चंद्र शर्मा के आह्वान पर चल रहे हैशटैग जस्टिसत्फॉरत्टीचर्स अभियान के प्रथम चरण में रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर व्यापक डिजिटल अभियान संचालित किया गया।

दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस ऑनलाइन अभियान में उत्तर प्रदेश के विभिन्न मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों–उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ तथा महिला शिक्षक संघ–सहित जनपद के हजारों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। लगातार ट्वीट और रीट्वीट के माध्यम से अभियान को व्यापक समर्थन मिला। आयोजकों के हैशटैग ग्लोबल ट्रेंडिंग में शीर्ष स्थान पर रहा, जिसे वे शिक्षकों की एकजुटता और संगठनात्मक शक्ति का परिचायक बता रहे हैं। जिला प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि अभियान की सफलता में जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दिलीप कुमार पाण्डेय (जिला अध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ), देवेन्द्र त्रिपाठी (जिला अध्यक्ष, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ), गायत्री सिंह (जिला अध्यक्ष, महिला शिक्षक संघ) एवं डॉ हृषिकेश भानु सिंह (जिला मंत्री) सहित जनपदीय कार्यसमिति के सदस्यों ने समन्वय कर व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की। विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्षों और पदाधिकारियों ने भी डिजिटल मंच पर सक्रिय भूमिका निभाई। शिक्षकों ने अपनी मांगों को संगठित तरीके से सोशल मीडिया के माध्यम से उठाया। आंदोलन के दूसरे चरण के अंतर्गत 23 से 25 फरवरी तक जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाएं टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षण कार्य करते हुए अपनी बाहों पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज करा रहे हैं। शिक्षक संगठनों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक और स्पष्ट निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। प्रशासन अथवा शासन स्तर से इस संबंध में अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# बैजूनगर, इटौरिया सहित टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पंचायतों में चला जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। डॉ. मनीष राज शर्मा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पूरनपुर के नेतृत्व में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पंचायत भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संबंधित पंचायतों में जाकर आमजन को क्षय रोग टीबी के लक्षण, बचाव और समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।डॉ. शर्मा ने लोगों को बताया कि लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना और रात में पसीना आना टीबी के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराना आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि टीबी पूरी तरह से इलाज योग्य रोग है, बशर्ते रोगी समय पर जांच कराकर नियमित रूप से दवा का सेवन करे। कार्यक्रम में डॉ. नूपुर, आशीष यादव, ठाकुरदास, राकेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर गांव को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया है।

# रमज़ान: आत्म-सुधार और अल्लाह से निकटता का महीना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। अल्लाह से अपने रिश्ते को और मजबूत करने का नाम है रमज़ान। यह पवित्र महीना एक ऐसा अवसर है जिसमें इंसान अपनी ज़िंदगी को अल्लाह की इबादत और आज्ञा-पालन में गुज़ारता है ताकि वह अल्लाह से अपने संबंध को और गहरा कर सके। यह केवल भूख और प्यास सहने का नाम नहीं, बल्कि आत्म-संयम, चरित्र-निर्माण और आंतरिक शुद्धि का एक विशेष अवसर है। रमज़ान का रोज़ा केवल खाने-पीने से बचने तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह इंसान को आत्म-नियंत्रण और अनुशासन की शिक्षा देता है। एक सच्चे रोज़ेदार के हाथ किसी को कष्ट नहीं पहुँचाते, उसकी ज़ुबान किसी को बुरा नहीं कहती, उसके पाँव गलत रास्तों पर नहीं चलते, उसकी आँखें बुरी चीज़ों को नहीं देखतीं और उसके कान बुराइयों को नहीं सुनते। रोज़ा हमें धैर्य, सहानुभूति और दूसरों की तकलीफ़ों को समझने का पाठ पढ़ाता है। रमज़ान गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा भी देता है। इस महीने में मुसलमान न केवल अपने लिए बल्कि समाज के अन्य लोगों के लिए भी भलाई के कार्य करते हैं। ज़कात और सदक़ा देने का महत्व रमज़ान में और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह महीना अल्लाह की रहमत, मग़फिरत और नेकियों के लिए विशेष रूप से निर्धारित किया गया है।

अगर इंसान अपने आपको बुराइयों से बचाने में सफल हो जाता है और अच्छे कर्म करता है, तो उसका रोज़ा अल्लाह की बारगाह में स्वीकार किया जाता है। रमज़ान आत्म-सुधार का महीना है, जो हमें संयम, सहनशीलता, दया और ईमानदारी का पाठ सिखाता है। इस महीने की असली सीख यह है कि इंसान अपने अंदर अच्छाइयों को विकसित करे और बुरी आदतों को छोड़कर खुद को एक बेहतर इंसान बनाए, ताकि अल्लाह उससे राज़ी हो जाए और उसे दुनिया और आख़िरत में कामयाबी मिले।

# सीडीओ ने ब्लॉक मुख्यालय बल्दीराय का किया औचक निरीक्षण

**मुख्य विकास अधिकारी के आने के पूर्व ही भागे प्राइवेट कर्मी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय बल्दीराय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति, अभिलेखों के रख-रखाव तथा चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की।

सीडीओ ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य विकास कार्यों से संबंधित फाइलों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, उपस्थिति पंजिका तथा अभिलेखों की व्यवस्था की भी जांच की गई। कुछ अभिलेख अधूरे पाए जाने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा नियमित मॉनिटरिंग करने पर जोर दिया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत, ग्राम पंचायत अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के बाद अधिकारियों में आवश्यक सुधार को लेकर सक्रियता देखी गई।

### औचक निरीक्षण में सब कुछ दिखा आल इज वेल

मुख्य विकास अधिकारी के बल्दीराय ब्लॉक के औचक निरीक्षण के दौरान ब्लॉक में सब कुछ ठीक-ठाक दिखा लेकिन यही सवाल है कि ब्लाक की विभिन्न ग्राम पंचायतों में लाखो की लागत से बनाए गए पंचायत भवनो में ब्लाक कर्मचारी कभी बैठते ही नही ग्रामीण अपने कार्य को लेकर ब्लाक मुख्यालय का चक्कर लगाते है। ब्लाक बल्दीराय की ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर का कई लाख रुपए खर्च करके खुदाई करवाई गई लेकिन इसका निरीक्षण करवाया जाए तो जमीनी हकीकत सामने आ जाएगीअमृत सरोवर मे सूखा पड़ा हुआ है।

## सम्पादकीय

# भारत और चाबहार, एक रणनीतिक वापसी

दशकों तक, चाबहार परियोजना ने पश्चिम एशिया और मध्य एशिया में भारत के प्रभाव के सबसे ठोस धुरी होने का वादा किया-एक ऐसा नागरिक प्रवेश द्वार, जो पाकिस्तान को दरकिनार कर सके, नई दिल्ली को स्थल-रुद्ध अफगानिस्तान से जोड़ सके और चीन की समुद्री पहुंच को संतुलित करने के लिए एक व्यापक 'नैकलेस ऑफ डायमंड्स' रणनीति को सहारा दे सके। लेकिन भारत और ईरान के बीच जो एक व्यावहारिक सांझेदारी के रूप में शुरू हुआ था-जिसे अक्सर सभ्यतागत संबंधों और रणनीतिक अभिसरण द्वारा आकार दिए गए 'हर मौसम के' रिश्ते के रूप में वर्णित किया जाता था-वह अब तीव्र दबाव में है। 2000 के दशक की शुरुआत में, भारत ने अफगानिस्तान और उससे आगे पहुंचने के लिए पाकिस्तान के आसपास के रास्तों की तलाश शुरू की। ओमान की खाड़ी पर ईरान की स्थिति के माध्यम से एक महत्वपूर्ण अवसर मिला। समय के साथ, भारत और ईरान ने चाबहार बंदरगाह पर शाहिद बेहिश्ती टर्मिनल के विकास के लिए एक सहकारी ढांचा विकसित किया। 2016 में एक बड़ा बदलाव आया, जब भारत ने ईरान और अफगानिस्तान के साथ एक समझौता किया-जिसका उद्देश्य बंदरगाह के साथ-साथ उससे जुड़े परिवहन मार्गों का निर्माण करना था। भारत की ओर से भारी धन का प्रवाह हुआ, जिसमें केवल बंदरगाह के उन्नयन के लिए लगभग 120 मिलियन डॉलर खर्च किए गए, साथ ही सीमा पार बुनियादी ढांचे के काम के लिए अधिक ऋण उपकरण भी दिए गए। बाहरी फर्मों की बजाय, 'इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड' जैसी भारतीय संस्थाओं ने टर्मिनल चलाने का जिम्मा संभाला। फिर भी, वे महत्वाकांक्षाएं आज संदेह के घने कोहरे में तैर रही हैं। अब जबकि अमरीकी प्रतिबंध और भी मजबूत होकर वापस आ गए हैं, भारत को ईरान के साथ व्यापार करने के बारे में कठिन विकल्पों का सामना करना पड़ रहा है, जहां जोखिम अब नाजुक राजनीति से टकरा रहे हैं। आर्थिक पहलुओं से परे, रणनीतिक दृष्टिकोण से भी चाबहार भारत के लिए महत्वपूर्ण है। चीन 'बैल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बी.आर.आई.) और 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' के माध्यम से बंदरगाहों और बुनियादी ढांचे का निर्माण करके अपना प्रभाव बढ़ा रहा है-जिसमें दक्षिण चीन सागर से अरब सागर तक के मार्ग पर बंदरगाह शामिल हैं। इन घटनाक्रमों पर भारत की प्रतिक्रिया अपना स्वयं का 'नैकलेस ऑफ डायमंड्स' बनाना है जो भारत को रणनीतिक भागीदार और ओमान से लेकर दक्षिण-पूर्व एशिया के कुछ हिस्सों तक हिंद महासागर के सभी क्षेत्रों में 'पहुंच' प्रदान करेगा। इस परिप्रेक्ष्य में, चाबहार पश्चिमी हिंद महासागर में भारत की उपस्थिति को प्रदर्शित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, साथ ही पाकिस्तान में ग्वादर के माध्यम से चीन की पहुंच को सीमित करने का प्रयास भी करता है। हालांकि भारत ने पहले बंदरगाह पर काम जारी रखने के लिए सीमित छूट सुरक्षित कर ली थी, क्योंकि अफगानिस्तान में तालिबान शासन को मौन समर्थन देने में इसकी भूमिका थी। हालांकि, वर्तमान भू-राजनीतिक माहौल ने उन विकल्पों को संकुचित कर दिया है। रिपोर्टें बताती हैं कि चाबहार परियोजना के लिए छूट केवल 26 अप्रैल, 2026 तक ही वैध हो सकती है, जिससे भारत के लिए समय सीमित हो गया है। 2026-27 का केंद्रीय बजट इस तनाव का प्रतिनिधित्व करता प्रतीत होता है- चाबहार के लिए कोई आबंटन न होना संकोच और डरपोकपन का एक मजबूत संकेत भेजता है, जो एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में जगह छोडने जैसा है जिसके भारत की रणनीतिक स्वायत्तता पर प्रभाव पड़ेंगे। चाबहार परियोजना से पीछे हटना या अपनी प्रतिबद्धता को ढीला करना भारत की दीर्घकालिक क्षेत्रीय रणनीति और एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में उसकी प्रतिष्ठा, दोनों को कमजोर करता है। चाबहार से पीछे हटने के गंभीर परिणाम होंगे। सबसे पहले, ईरानी और नजदीकी रणनीतिक स्थानों पर भारत की पकड़ कमजोर हो जाएगी।

# दिल्ली सरकार का एक साल और बदलाव की बयार

**20 फरवरी,2026 को सरकार के एक साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मंत्रिमंडल के अपने सभी सहयोगियों के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। इस मौके पर पहला कदम बदलाव का, एक साल विकास का, नाम से एक बुकलेट भी जारी की गई। इसमें दावा किया गया कि दिल्ली की भाजपा सरकार ने बहाने बनाने के बजाए कड़ी मेहनत करके भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विकसित दिल्ली बनाने के लिए हर दिन काम किए। 365 दिन में 370 आयुष्मान आरोग्य मंदिर(डिस्पेंसरी) बने, इसकी संख्या इस साल 1100 करने का लक्ष्य है। पांच रुपये में गरीबों को भाजन उपलब्ध कराने के लिए 71 अटल कैंटीन शुरू की गई। अभी हर रोज करीब 71 हजार लोग खाना खा रहे हैं।**

27 साल के लंबे अंतराल के बाद दिल्ली में रेखा गुप्ता की अगुवाई में बनी भाजपा सरकार ने साल भर के शासन में भविष्य की विकसित दिल्ली की ठोस बुनियाद रखी। 20 फरवरी,2026 को सरकार के एक साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मंत्रिमंडल के अपने सभी सहयोगियों के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। इस मौके पर पहला कदम बदलाव का, एक साल विकास का, नाम से एक बुकलेट भी जारी की गई। इसमें दावा किया गया कि दिल्ली की भाजपा सरकार ने बहाने बनाने के बजाए कड़ी मेहनत करके भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विकसित दिल्ली बनाने के लिए हर दिन काम किए। 365 दिन में 370 आयुष्मान आरोग्य मंदिर(डिस्पेंसरी) बने, इसकी संख्या इस साल 1100 करने का लक्ष्य है। पांच रुपये में गरीबों को भाजन उपलब्ध कराने के लिए 71 अटल कैंटीन शुरू की गई। अभी हर रोज करीब 71 हजार लोग खाना खा रहे हैं। साल भर में ही पानी, बिजली, स्वास्थ्य, सार्वजनिक परिवहन, प्रदूषण दूर करने, यमुना की सफाई और दिल्ली के मूलभूत ढांचे को बेहतर करने की ठोस बुनियाद रखी गई हैं। जन सुनवाई की हर स्तर पर व्यवस्था और आम जन की शिकायतों पर कड़ाई से अमल होना शुरू हो गया है। वैसे अभी सरकार के सामने चुनौतियों का पहाड़ खड़ा है। उसका सामना करने और उसका निबटारा करने के लिए सरकार को लगातार युद्ध स्तर पर काम करना होगा। वादे के मुताबिक मंत्रिमंडल की पहली बैठक में आम लोगों को मुफ्त उपचार के लिए आयुष्मान योजना न केवल दिल्ली में लागू किया गया। अब तक इस योजना में सात साख से ज्यादा लोग पंजीकरण कराकर इसका लाभ उठा रहे हैं। झुग्गी बस्तियों के लिए सात सौ करोड़ का बजट जारी किया गया है। दिल्ली में देश का सर्वाधिक न्यूनतम वेतन 22411 रुपये प्रति महीना लागू किया गया। कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए 500 पालन केन्द्र खोले गए हैं। परिवहन क्षेत्र में चार हजार से अधिक ई-बसें चलाई जा रहा है। नौ हजार से ज्यादा चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं। नई ईवी नीति, ई- बाइक, ई-टैक्सी को बढ़ावा देने के अलावा दिल्ली के आखिरी छोर तक सार्वजनिक वाहन को पहुंचाने की दिशा में सरकार काम कर रही है। वैसे सरकार को हाई कोर्ट के हलफनामे के हिसाब से 11 हजार बसों को सड़क पर लाने की भी चुनौती है। यमुना साफ करने के लिए बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में से 28 को अपग्रेड किया गया है। नौ पर काम चल कहा है। 12 नए संयंत्र बनेंगे। दिल्ली को वायु प्रदूषण से मुक्त करने से लेकर दिल्ली के मूलभूत ढांचे को विकसित करने से लेकर दिल्ली को आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त शहर बनाने के प्रयास के लिए दिल्ली सरकार केन्द्र की सरकार के सहयोग से दिन-रात काम कर रही है। साल 1993 में दिल्ली में नए प्रशासनिक ढांचे में विधानसभा बनने पर हुए पहले चुनाव में भाजपा की सरकार बनी। पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदलने के बावजूद उस सरकार ने कई ठोस काम किए। पहली बार यमुना के जल में राज्य की तरह दिल्ली को हिस्सा मिला। दिल्ली सरकार ने अपने अधिकार बढ़ाकर बिजली बोर्ड बनाकर बिजली का उत्पादन बढ़ाया। नए स्कूल कालेज ही नहीं नया विश्वविद्यालय बनाया गया। नए अस्पताल बने और बड़ी संख्या में दिल्ली के हर कोने में निर्माण कार्य हुए। दिल्ली मेट्रो की नींव रखी गई।1984 के सिख दंगा पीडितों को न्याय दिलाने के प्रयास हुए। इस सिलसिले को 1998 में शीला दीक्षित की अगुवाई बनी कांग्रेस सरकार ने और आगे बढ़ाया। दिल्ली के मूलभूत ढांचे के विकसित करने की सर्वाधिक श्रेय शीला दीक्षित के जाता है। पूरी दिल्ली में काम हुए। दिल्ली फ्लाईओवर का शहर बना। असंभव माने जाने वाले बारापूला नाले को ढक कर कई किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर बना। ऐतिहासिक सलीम गढ़ किला के ऊपर से सड़क निकाली गई। मेट्रो दिल्ली समेत पूरी एनसीआर(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में पहुंचा। 15 साल शीला दीक्षित के शासन के बाद आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी(आआपा) की दिल्ली में सरकार दस साल रही। बीच में करीब साल भर के लिए राष्ट्रपति शासन भी लगा। आआपा की अनुभवहीन सरकार ने कामकाज से ज्यादा विवाद ही किया। विकास कार्य पटरी से उतर गई। आम लोगों को लुभाने के लिए सरकार केवल मुफ्त की रेवड़ियां बांटती रही। इसी के बल पर वे दो बार प्रचंड बहुमत से विधानसभा चुनाव जीत गए। उसके बाद साल भर पहले भाजपा की सरकार बनी। चुनाव प्रचार में भाजपा के नेताओं ने बड़े-बड़े वादे किए थे। उनमें से कुछ पर तो अमल शुरू हो गए हैं लेकिन काफी काम अभी करने हैं। कायदे में आआपा शासन के दस साल ने दिल्ली में विकास की दिशा ही बदल दी थी। उसे वापस पटरी पर लाना भाजपा सरकार के लिए पहली चुनौती थी। उसमें वे कामयाब रहे। दिल्ली की समस्या अनोखी है। उसका इलाका तो 1483 किलोमीटर ही रहना है लेकिन आबादी बेहिसाब बढ़ रही है। दिल्ली की आबादी में हर साल पांच लाख अतिरिक्त आबादी जुड़ती है। देश की राजधानी होने और नोट-वोट की राजनीति में कोई भी राजनीतिक दल इस पर अंकुश लगाना नहीं चाहता है। दिल्ली का अपना कुछ नहीं है। मौसम से लेकर बिजली-पानी के लिए दिल्ली पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। दिल्ली की सड़कों भी एक सीमा से ज्यादा नहीं बढ़ सकती। शीला दीक्षित ने भी सड़क के ऊपर सड़क (डबल डेकर रोड) बनाने की योजना बनाई थी, उस पर अमल रेखा गुप्ता सरकार करने वाली है। सड़कों से वाहनों की भीड़ कम होना कठिन हो गया है। पेरेफ़ेरियल सड़कों के अलावा चार सौ किलोमीटर मेट्रो चलने और दिल्ली से मेरठ के लिए नमो भारत रेल शुरू होने आदि के बावजूद सड़कों पर भीड़ लगातार बढ़ रही है। केन्द्र सरकार ने दो और रास्तों पर नमो भारत रेल चलाने की घोषणा की है। पिछली सरकार से विपरीत इस सरकार ने फटाफट मेट्रो के अगले चरणों को मंजूरी दी है। नए चरणों के लिए बजट भी आवंटित किए गए हैं। मेट्रो के विस्तार से सड़कों पर से वाहनों की भीड़ कुछ कम होने की उम्मीद जगी है। लोक निर्माण विभाग की 1400 किलोमीटर सड़कों में से पहले साल में 550 किलोमीटर सड़कों की वाल-टू-वाल कारपेंटिंग का काम पूरा हो गया है। नंद नगरी फ्लाई ओवर जनता को समर्पित कर दिया गया है। मुकरबा चौक अंडर पास मार्च तक और बारापूला का अगला चरण जून तक पूरा होने के दावे किए गए हैं। 40 नए फुट ओवर ब्रिज का काम हो रहा है। दिल्ली के अनेक सरकारी अस्पतालों की क्षमताएं बढ़ाई गई और सभी खाली पदों को भरा गया। यह प्रक्रिया लगातार जारी रहने वाली है। नए अस्पताल बनाने की घोषणा की गई है। हर महिला को 2500 रुपये प्रति माह महिलाओं को पेंशन देना यानी महिला समृधि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके लिए समिति काम कर रही है। लाडली योजना के अंतर्गत सालों से लंबित 1.75 लाख बच्चियों के भुगतान की पहले चरण में तीस हजार बच्चियों के खाते में 90 करोड़ रुपये भेजे गए। अब लाड़ली योजना के बजाए ज्यादा पैसा देने वाली लखपति योजना को लागू करने की योजना है। दिल्ली को वायु प्रदूषण से मुक्त करने के लिए वायु प्रदूषण शमन योजना बनाई गई है। सरकार का फोकस दिल्ली की साफ सफाई पर है, इसमें उसे काफी सफलता मिली है। पहला बरसात ऐसा बीता जिसमें बहुचर्चित मिंटो रोड को लंबे समय तक बंद न करना पड़ा। पिछले दिनों सरकार ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सरकार लैपटाप देने और ओलंपिक आदि जीतने वाले खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि बढ़ाई । राष्ट्रीय स्तर पर तैयारी करने वाले खिलाड़ियों को बीस लाख रुपये की सहायता दी जा रही है। दिल्ली में खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। सरकार का दावा है कि दिल्ली में हर रोज निकलने लावे 11 हजार मीट्रिक टन कचरे का निबटान करने की व्यापक योजना बनने से कूड़े के नए पहाड़ बनेंगे। इतना ही नहीं कूड़े के पहाड़ों से भी दिल्ली को जल्दी ही निजात मिल जाएगी। आम आदमी पार्टी के हारने के कई कारणों में एक काम यह माना जाता है कि उसकी सरकार ने दिल्ली की मूल ढांचे की बेहतरी के लिए ठोस काम नहीं किए। लेकिन उसके कुछ अच्छे कामों में से एक काम निजी स्कूलों के फीस पर नियंत्रण रखना था। आआपा सरकार जाते ही निजी स्कूलों ने बेहिसाब फीस बढ़ा दी। भाजपा सरकार को इसके विरोध में सड़कों पर उतरे लोगों को शांत करने के लिए सरकार को कठोर कदम उठाने पड़े। सरकार ने फीस रेगुलेशन बिल विधानसभा में पास करके निजी स्कूलों पर लगाम लगाई। इस साल 44 करोड़ रुपये की छात्रवृति बांटी गई। इस सरकार के सामने यमुना को साफ करने की बड़ी चुनौती है। सरकार बनते ही मुख्यमंत्री ने यमुना की आरती शुरू करवाई और यमुना को साफ करने का संकल्प लिया। दिल्ली जल बोर्ड में इसके लिए कई योग्य अधिकारी तैनात किए गए। इस साल यमुना से और दिल्ली के नालों से 22 लाख मीट्रिक टन सिल्ट निकाली गई। यमुना में गिरने वाले नालों को टैप (गंदगी गिरने से रोकने) करने के लिए ड्रोन सर्वे कराए गए। पुराने सीवर ट्रीटमेंट प्लांट को अपग्रेड करने और 12 नए लगाने का काम हो रहा है। यमुना का जल अनवरत बहता रहे, इसके लिए पड़ोसी राज्यों से समन्वय का काम किया जा रहा है। सरकार को भरोसा है कि इसका असर आने वाले समय में दिखेगा। बावजूद इसके इस सरकार के सामने चुनौतियों का पहाड़ खड़ा है। सबसे बड़ी चुनौती तो दिल्ली में अपने काम से बड़ी लकीर खींचने की है। भाजपा दिल्ली में विधानसभा बनने के बाद हुए पहले चुनाव यानी 1993-98 के बाद लगातार दिल्ली की सरकार से बेदखल होती रही है। उसे अपने काम के बल पर दिल्ली में लगातार चुनाव जीतने लायक माहौल बनाना है। सालों दिल्ली की सत्ता में रही कांग्रेस हाशिये पर है। दिल्ली पर दस साल राज करने वाली आआपा भी ढलान पर है। संयोग से केन्द्र, दिल्ली और दिल्ली नगर निगम के सत्ता में भाजपा काबिज है। ऐसे में दिल्ली की भाजपा सरकार के लिए दिल्ली की बहुशासन प्रणाली बाधा नहीं बन रही है। अभी तो शुरुआत है आने वाला समय बताएगा कि दिल्ली सरकार अपने लक्ष्य में कितना सफल हो पाई। -मनोज कुमार मिश्र

# भगोरिया: आदिवासी संस्कृति का जीवंत उत्सव

**प्रवीण कक्कड़**

संस्कृति वो जड़ है जो हमें तूफानों में भी खड़ा रखती है, और उत्सव वो टहनी है जिस पर खुशियों के फूल खिलते हैं। फाल्गुन की हवाओं में जब पलाश के सुर्ख फूलों की मादक गंध घुलने लगती है और खेतों में गेहूँ की बालियाँ सुनहरी होकर झूमने लगती हैं, तब आदिवासी क्षेत्रों की पहाड़ियों में एक अलग ही संगीत गूँजने लगता है। यह संगीत है भगोरिया का। भगोरिया केवल एक लोक-उत्सव नहीं है, यह मालवा और निमाड़ के आदिवासी समाज के स्वाभिमान, उनकी सादगी और प्रकृति के प्रति उनके अगाध प्रेम का जीवंत घोषणापत्र है। यह उत्सव बताता है कि दुनिया चाहे कितनी भी आधुनिक क्यों न हो जाए, अपनी जड़ों की ओर लौटने का आनंद ही कुछ और है। आज के दौर में जब हम भगोरिया को देखते हैं, तो एक तरफ पारंपरिक मांदल की थाप है और दूसरी तरफ आधुनिकता का शोर। करीब चार दशक पहले मेरी पुलिस विभाग की पहली पोस्टिंग यहीं हुई थी, तब से अब तक परिदृश्य बहुत बदला है। जहाँ कभी प्रकृति की प्रधानता होती थी, वहाँ अब बाजारवाद का रंग भी चढ़ने लगा है। मेलों में अब केवल ढोल-ताशे नहीं, बल्कि लाउडस्पीकरों पर बजते फिल्मी गीत और ब्रांडेड कपड़ों की चमक भी दिखाई देती है। लेकिन, इस बदलाव के बीच सबसे सुखद पहलू यह है कि इस अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने का बीड़ा खुद आदिवासी समाज ने उठाया है। युवाओं के हाथों में आज स्मार्टफोन भले ही हों, लेकिन उनके पैरों में थिरकन आज भी उसी 'मांदल' की लय पर आती है जो उनके पूर्वजों की थी। यह उनकी अपनी पहचान को बचाए रखने की एक मौन लेकिन सशक्त क्रांति है। मेरी स्मृतियाँ मुझे करीब चार दशक पीछे ले जाती हैं। पुलिस सेवा में प्रवेश के ठीक बाद मेरी पहली पोस्टिंग आदिवासी अंचल झाबुआ में हुई थी। वह एक ऐसा दौर था जब प्रशासनिक जिम्मेदारियों की तुलना में मुझे इस अंचल की जीवन-शैली को समझना ज्यादा चुनौतीपूर्ण और रोमांचक लगा। खाकी वर्दी पहनकर जब मैं पहली बार भगोरिया की व्यवस्था संभालने पहुँचा, तो मैं दंग रह गया। वहाँ कानून नहीं, बल्कि लोक-परंपरा का अनुशासन था। वह जीवंतता, वह निश्छल मुस्कान और सांस्कृतिक गरिमा आज भी मेरी आँखों में उतनी ही ताज़ा है, जितनी उस समय थी। भगोरिया का आयोजन होली से ठीक सात दिन पहले शुरू होता है। यह वह समय है जब रबी की फसल कटकर घर आ चुकी होती है और किसान के पास अपनी मेहनत का जश्न मनाने का वक्त होता है। साप्ताहिक हाटों के रूप में लगने वाले ये मेले किसी बड़े सांस्कृतिक कुंभ से कम नहीं होते। दूर-दराज के गाँवों से युवक-युवतियाँ अपनी पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर टोलियों में निकलते हैं। चांदी के हंसली, कड़े और बोर जैसे आभूषणों से लदी युवतियाँ और सिर पर साफा बाँधे हाथ में तीर-कमान या बाँसुरी लिए युवक। यह दृश्य किसी महान कलाकार की पेंटिंग जैसा प्रतीत होता है। यहाँ पहनावा केवल शरीर ढंकने का साधन नहीं, बल्कि उनकी सांस्कृतिक विरासत का एक गौरवशाली हिस्सा है। भगोरिया की सबसे चर्चित और अक्सर गलत समझी जाने वाली परंपरा है जीवनसाथी का चुनाव। लोग इसे 'भागने' का मेला कहते हैं, लेकिन असल में यह 'चुनने' और 'स्वीकारने' की एक बेहद खूबसूरत सामाजिक व्यवस्था है। परंपरा के अनुसार, यदि कोई युवक किसी युवती को 'पान' भेंट करता है और युवती उसे स्वीकार कर लेती है, तो यह उनके आपसी प्रेम का मूक संकेत होता है। कई जगहों पर गुलाल लगाने की भी परंपरा है। यह प्रेम की वह सहज और सार्वजनिक स्वीकृति है। इसके बाद होने वाले सामाजिक रीति-रिवाज उनके रिश्ते को विवाह की पवित्रता में बदल देते हैं। दरअसल यह परंपरा हमें सिखाती है कि प्रेम में जबरदस्ती नहीं, बल्कि आपसी सहमति की खुशबू होनी चाहिए। लोक श्रुतियों के अनुसार, भगोरिया का इतिहास राजा भोज के समय से जुड़ा है। माना जाता है कि दो भील राजाओं, कासूमार और बालून ने भागोर नामक स्थान पर इस मेले की शुरुआत की थी। धीरे-धीरे यह परंपरा आसपास के क्षेत्रों में फैल गई और 'भागोरिया' के नाम से अमर हो गई। ऐतिहासिक प्रमाण चाहे जो भी कहें, लेकिन भील समाज के लिए यह उनकी वीरता और पूर्वजों के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक माध्यम भी है। आज जब हम 2026 के पायदान पर खड़े हैं, भगोरिया के सामने कई चुनौतियां हैं।

## सेहत मंत्र

# ज्यादा मीठा खाने से याददाश्त होती है कमजोर कई बीमारियों का भी खतरा: शोध


गुलाब जामुन, मिठाई, चॉकलेट और डोनट्स का नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है। मीठा खाना लगभग हर किसी को पसंद होता है। मगर क्या आप जानते हैं कि ज्यादा मीठा खाने से आपकी याददाश्त कमजोर हो सकती है और आप मस्तिष्क की बीमारियों से प्रभावित हो सकते हैं। हाल में हुई रिसर्च के मुताबिक एक लिमिट से ज्यादा मीठा खाना आपकी याददाश्त को बुरी तरह प्रभावित करता है। यह बात जर्मनी के बर्लिन स्थित 'चैरिटी यूनिवर्सिटी' के अध्ययन में सामने आई है। मीठी चीजों का असर दिमाग पर क्यों?- दरअसल जब आप ज्यादा मीठा खाते हैं, तो आपके ब्लड (खून) में शुगर की मात्रा बढ़ जाती है। खून में शुगर घुली होने के कारण ये मस्तिष्क के काम में बाधा बनती है और तंत्रिकाओं को कमजोर करती है। अगर आपको रोजाना ज्यादा मीठा खाने की आदत है, तो लंबे समय में आपके मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है, जिसका सबसे पहले असर आपकी याददाश्त पर पड़ता है। 30 मिनट बाद भूल जाते हैं शब्द और नंबर- ब्लड शुगर का स्तर कम होने से मस्तिष्क अच्छी तरह अपना काम कर पाता है जिससे भूलने की समस्या पैदा नहीं होती। शोधकर्ताओं ने करीब 150 लोगों पर अध्ययन कर निष्कर्ष निकाला है जिनकी उम्र 63 वर्ष के आसपास थी। इनमें से किसी भी प्रतिभागी को डायबिटीज की बीमारी नहीं थी। सबसे पहले शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों में ग्लूकोज के स्तर की जांच की, साथ ही उनके मस्तिष्क की स्कैनिंग कर, 'हिप्पोकैंपस' का आकार भी मापा। 'हिप्पोकैंपस' मस्तिष्क का वो भाग है, जो याद्दाश्त के लिए जिम्मेदार माना जाता है। इसके बाद प्रतिभागियों की याद्दाश्त का परीक्षण किया गया। इस दौरान उन्हें कुछ शब्द सुनाए गए और 30 मिनट बाद उन्हें दोहराने को कहा गया। जिन लोगों का ब्लड शुगर कम था, उन्होंने परीक्षण में बेहतर प्रदर्शन किया। इसके मुकाबले जिनका ग्लूकोज अधिक था उन्हें कम शब्द याद रहे। प्रमुख शोधकर्ता डॉक्टर ऐगनेस फ्लोएल के मुताबिक, 'सामान्य ब्लड शुगर वाले भी अगर अपने शुगर का स्तर कम करने की कोशिश करते हैं तो यह उनकी याद्दाश्त के लिए फायदेमंद साबित होता है। ढलती उम्र में उन्हें अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी बीमारियां नहीं होती हैं।

## धर्म मंत्र

# रविवार को विधिविधान से करें सूर्य की पूजा मिलेगा तेज का आर्शिवाद

सूर्य देव का उपवास सप्ताह के प्रथम दिवस इतवार को रखा जाता है। रविवार सूर्य देवता की पूजा का वार है। जीवन में सुख-समृद्धि, धन-संपत्ति और शत्रुओं से सुरक्षा के लिए रविवार का व्रत सर्वश्रेष्ठ है। रविवार का व्रत करने व कथा सुनने से मनुष्य की सभी मनोकामनायें पूरी होती हैं। मान-सम्मान, धन-यश तथा उत्तम स्वास्थ्य मिलता है। कुष्ठ रोग से मुक्ति के लिए भी यह व्रत किया जाता है। प्रातःकाल स्नान आदि से निवृत्त हो, स्वच्छ वस्त्र धारण कर परमात्मा का स्मरण करें। एक समय भोजन करें। भोजन इत्यादि सूर्य प्रकाश रहते ही करें। अंत में कथा सुनें इस दिन नमकीन और तेल युक्त भोजन ना करें। सूर्य अस्त होने के बाद भोजन नहीं करना चाहिए। सूर्य पूजा करने के लिए कुछ विशिष्ट नियमों का पालन करें। 1- प्रतिदिन सूर्योदय से पहले ही शुद्ध होकर और स्नान से कर लेना चाहिए। 2- नहाने के बाद सूर्यनारायण को तीन बार अर्घ्य देकर प्रणाम करें। 3- संध्या के समय फिर से सूर्य को अर्घ्य देकर प्रणाम करें। 4- सूर्य के मंत्रों का जाप श्रद्धापूर्वक करें। 5- आदित्य हृदय का नियमित पाठ करें। 6- स्वास्थ्य लाभ की कामना, नेत्र रोग से बचने एवं अंधेपन से रक्षा के लिए 'नेत्रोपनिषद्' का प्रतिदिन पाठ करना चाहिए। 7- रविवार को तेल, नमक नहीं खाना चाहिए तथा एक समय ही भोजन करना चाहिए। शास्त्रों के अनुसार जिन व्यक्तियों की कुण्डली में सूर्य पीडित अवस्था में हो उन व्यक्तियों के लिये रविवार का व्रत करना विशेष रूप से लाभकारी रहता है। इसके अतिरिक्त रविवार का व्रत आत्मविश्वास मे वृद्धि करने के लिये भी किया जाता है।

## पर्यटन



# लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड में शामिल है 'खालसा-ए-विरासत'

घूमना फिरना किसे अच्छा नहीं लगता, लेकिन घूमने फिरने की बात आए तो मन में सिर्फ पहाड़, झरने ही आते हैं या फिर पुरातन इमारतें, जिन्हें देखकर वहां की कहानियां याद आती हैं। बचपन में इतिहास की किताबों के जरिए इन्हें अपने जहन में उतारा था। ऐसे ही इतिहास के पन्नों पर उकरी खालसा पंथ की इबारत को विरासत के रूप में संजोया है विरासत-ए-खालसा में। हिमाचल के पहाड़ों की गोद में बसा है पंजाब का श्री आनंदपुर साहिब शहर। यह खालसा पंथ की जन्म भूमि भी है। यहीं बनाया गया विरासत-ए-खालसा, इमारतसाजी का एक जबरदस्त नमूना होने के साथ-साथ पंजाब की अमीर विरासत का शो केस भी है। आज यह देश का बेहतरीन म्यूजियम बन चुका है, जिसकी पुष्टि लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड ने भी कर दी है। दुनियाभर में विलक्षण पहचान बना चुके विरासत-ए-खालसा में पर्यटकों की गिनती केवल 7 सालों में अब तक 97 लाख से भी ज्यादा हो चुकी है। खास बात यह है 2018 में पिछले तीन सालों में सबसे ज्यादा पर्यटक विरासत-ए-खालसा को देखने आए। जिस जगह पर 1699 ईस्वी में दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, वहां आज तख्त श्री केसगढ़ साहिब बना हुआ है। इसके ठीक थोड़ी दूर पर बना है विरासत-ए-खालसा। सबसे खूबसूरत है इसकी नाव आकार की इमारत जो ऊपर से देखने में ही बहुत प्यारी लगती है। तख्त श्री केसगढ़ साहिब माथा टेकने वाले विरासत-ए-खालसा को भी देखना नहीं भूलते। इसका डिज़ाइन इजरायल के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट मोशे सेफदी ने तैयार किया था। विरासत -ए -खालसा की 27 गैलरियां हैं। इन गैलरियों में पंजाब 550 सालों की की विरासत को बखूबी पेश किया गया है। हर गैलरी में क्या है इसके बारे में वहां विस्तार से लिखा भी हुआ है, बल्कि आपको हैडफोन भी दिए जाते हैं, जिसमें आप हिंदी, पंजाबी या फिर अंग्रेजी में सुन भी सकते हैं। पहली गैलरी में पंजाब की संस्कृति के विभिन्न रंगों को लाइट ऐंड साउंड के जरिए पेश किया गया है।

# मामूली मानदेय वह भी समय पर नहीं, नरकीय जीवन जीने को मजबूर तकनीकी सहायक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा, जिसे ग्रामीण रोजगार और विकास की रीढ़ कहा जाता है, उसी योजना को ज़मीन पर खड़ा रखने वाले तकनीकी सहायक आज खुद बदहाली में जीने को मजबूर हैं। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि तकनीकी सहायकों के सामने बच्चों की फीस, घर का राशन और दवाइयों तक का संकट खड़ा हो गया है। मनरेगा कार्यों की मॉनिटरिंग, एमबी (मेज़रमेंट बुक), गुणवत्ता नियंत्रण और रिपोर्टिंग जैसी अहम जिम्मेदारियाँ इन्हीं तकनीकी सहायकों के कंधों पर हैं, लेकिन इसके बावजूद अक्टूबर से फरवरी तक का मानदेय अब तक जारी नहीं किया गया। जो मानदेय निर्धारित है, वह भी महज़ ?12,200—वह भी समय पर मिलना दुर्लभ है। मार्च का मानदेय दिए बिना बंद किया गया पोर्टल

सबसे गंभीर और चौंकाने वाला तथ्य यह है कि वित्तीय वर्ष 2024s25 में मार्च माह का मानदेय भुगतान किए बिना ही संबंधित पोर्टल बंद कर दिया गया।

## तकनीकी सहायकों को महीनों से मानदेय नहीं, परिवार भुखमरी की कगार पर

तकनीकी सहायकों का कहना है कि काम का पूरा विवरण पोर्टल पर दर्ज है, लेकिन भुगतान की कोई व्यवस्था नहीं छोड़ी गई। इसे प्रशासनिक चूक नहीं बल्कि खुला अन्याय बताया जा रहा है। 15 किलोमीटर की ड्यूटी, जेब से रोज़ाना खर्च प्रत्येक तकनीकी सहायक को औसतन 15 किलोमीटर दूर ब्लॉक मुख्यालय आना-जाना पड़ता है। ईंधन और अन्य खर्च मिलाकर लगभग ?200 प्रतिदिन का बोझ पड़ता है, लेकिन न कोई यात्रा भत्ता, न कोई वाहन सुविधा, न कोई अतिरिक्त सहयोग दिया जाता है। न नौकरी छोड़ सकते हैं, न जीवन चला पा रहे तकनीकी सहायकों का कहना है कि हालात ऐसे बना दिए गए हैं कि वे न नौकरी छोड़ सकते हैं क्योंकि विकल्प नहीं, और न नौकरी करते हुए सम्मानजनक जीवन जी पा रहे क्योंकि भुगतान नहीं। यह स्थिति सरकारी सेवा नहीं, बल्कि आधुनिक बंधुआ मज़दूरी की तरह महसूस हो रही है। एसी कमरों में समीक्षा, ज़मीन पर कर्मचारियों का शोषण एक ओर अधिकारी एसी कमरों में बैठकर मनरेगा की समीक्षा बैठकों और उपलब्धियों की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हीं योजनाओं को लागू करने वाले कर्मचारी भूख, मानसिक तनाव और आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।

सवालों के घेरे में प्रशासन क्या तकनीकी सहायक सरकारी सिस्टम का हिस्सा नहीं हैं?

क्या बिना भुगतान महीनों तक काम कराना संवैधानिक है? क्या अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की स्थिति की कोई चिंता नहीं? तत्काल हस्तक्षेप की मांग तकनीकी सहायकों ने मांग की है कि लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान किया जाए, भुगतान की स्थायी समयबद्ध व्यवस्था बने, और उन्हें न्यूनतम यात्रा भत्ता व सुविधाएँ प्रदान की जाएँ। अगर समय रहते समाधान नहीं हुआ, तो चेतावनी दी जा रही है कि यह मुद्दा ज़िले से लेकर प्रदेश स्तर तक उठाया जाएगा

# अविमुक्तेश्वरानन्द राजनीतिक साजिश का आखेट : लायर्स एसोसिएशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी।इंडियन एसोसिएशन आफ लायर्स ,ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरा नन्द सरस्वती के साथ खड़ा है।

इंडियन एसोसिएशन आफ लायर्स का पुरजोर कहना है कि भगवान तुल्य शंकराचार्य जी को राजनीतिक साजिश के तहत फर्जी आपराधिक वाद में फंसाया जा रहा है। रणधीर सिंह सुमन सदस्य कार्यकारिणी इंडियन एसोसिएशन आफ लायर्स ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख कर कहा कि संघ ने सनातनी हिन्दुओं के शंकराचार्य को बालभोग के आरोप में कुख्यात हिस्ट्रीशीटर द्वारा फर्जी साक्ष्य सृजित कर उनका उत्पीड़न करने की कोशिश की जा रही है। उसका मुख्य कारण यह है कि रामजन्म भूमि मंदिर पर संघ द्वारा ट्रस्ट बनाकर कब्जा किया जा चुका है, पार्टी विशेष के वोट सृजन का केन्द्र हिन्दुओं की भावनाओं को उग्र कर किया जा रहा है, इस राजनीतिक उपयोग के बाद संघ सनातनी हिन्दुओं के प्रमुख स्थानों को कब्जा कर लेने की नियत से षडयंत्र कर रहा है और जो सनातनी हिन्दू धर्मगुरू इस षड्यंत्र का विरोध करता है उसको सरकारी मशीनरी के सह पर ब्लैकमेलिंग कर अपने पक्ष में करने की कोशिश की जा रही है, शंकराचार्य ने माघ मेले में प्रयागराज में अव्यवस्थाओं को लेकर विरोध किया था, उसी विरोध के स्वर को दबाने के लिए इस तरह के षडयंत्र किये जा रहे हैं, इसी तरीके से षडयंत्र धर्म विशेष के लोगों के खिलाफ विपक्षी लोगों के खिलाफ किये जा रहे है, ऐसी दशा में न्यायिक कमीशन बनाकर जांच करने की आवश्यकता है।

# शिक्षक अनुदेशकों द्वारा साकेंद्र का स्वागत, सीएम का आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड निंदूरा के अनुदेशक एवं शिक्षामित्र संगठनों ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सदन में मानदेय वृद्धि की घोषणा किए जाने पर खुशी जताई। इस अवसर पर संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा का बड्डूपुर में भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का नेतृत्व अनुदेशक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ्कौशल् तथा शिक्षामित्र संघ के जिला महासचिव हरि प्रकाश शुक्ल ने किया। इस दौरान विधायक का



माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। वक्ताओं ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त कर कहा कि मानदेय वृद्धि से अनुदेशकों व शिक्षामित्रों का मनोबल बढ़ेगा और वे शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने में बेहतर योगदान दे सकेंगे। विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा, अभिषेक गिरि, अजय वर्मा, रोहित नाग, नरेंद्र मोहन (ब्लॉक अध्यक्ष शिक्षामित्र संघ), अंकित यादव, संतोष कुमार, नजमुल हसन, शिवम यादव, आशीष शुक्ल, राम प्रकाश, सुभाष चंद्र, अमर सिंह, रमेश चंद्र, दिनेश चंद्र, कुसुमावती, मुन्नी देवी, आरती पांडेय, किरण यादव, वीरपाल सिंह, अवधेश यादव सहित सैकड़ों अनुदेशक एवं शिक्षामित्र मौजूद रहे।

# नवीन कृषि तकनीक अपनाएं किसान : साकेन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी। तहसील के ग्राम असोहना में कृषि सूचना तंत्र सुदृढ़ीकरण योजना के तहत आयोजित रबी कृषि निवेश मेला एवं गोष्ठी का आयोजन में कुर्सी विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। विधायक श्री। वर्मा ने कृषि, गन्ना, मत्स्य, उद्यान और पशुपालन विभागों के साथ-साथ निजी विक्रेताओं द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया।

उप कृषि निदेशक धीरेन्द्र सिंह ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं और संतुलित उर्वरक प्रयोग की जानकारी दी। कृषि विशेषज्ञ अरुण कुमार सिंह ने मौसम परिवर्तन से पशुओं में होने वाले रोगों के



निदान और जैविक व प्राकृतिक खेती की तकनीकों पर जानकारी दी। इस अवसर पर भूमि संरक्षण अधिकारी कुर्सी डॉ. विनोद कुमार यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी गोमती सौरभ कुमार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान और महिला किसान उपस्थित रहे। अंत में, भूमि संरक्षण अधिकारी कुर्सी ने नवीन तकनीकों को खेती में अपनाने का आह्वान करते हुए सभी अतिथियों, अधिकारियों और किसानों का आभार व्यक्त किया।

# परीक्षा केंद्रों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। यूपी बोर्ड की प्रथम पाली में संचालित हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय के साथ सोमवार को दो परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शुचिता सुनिश्चित करना था। जिलाधिकारी श्री शशांक ने अजीमुद्दीन अशरफ़ इस्लामिया इंटर कॉलेज तथा जमील-उर-रहमान इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का स्थलीय जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर स्थापित कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों, प्रश्नपत्र वितरण प्रक्रिया, कक्ष निरीक्षण व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने परीक्षा कक्षों में अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।साथ ही



परीक्षार्थियों की तलाशी व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि परीक्षा की शुचिता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि जिला प्रशासन परीक्षा को पूर्ण निष्पक्षता, नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# राष्टीय सेवा योजना छात्रो में सेवा समर्पण व सामाजिक उत्तर दायित्व को विकसित करती है : विकास शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बलदीराय/सुलतानपुर। देहली बाजार स्थित हर्ष महिला पी.जी. कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत विशेष शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रबंधक विकास शुक्ला ने सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। उद्घाटन सत्र में प्राचार्या डॉ. अंजू पांडेय तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेखा तिवारी उपस्थित रहीं। विकास शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करती है। एनएसएस के माध्यम से छात्र-छात्राएं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए सकारात्मक योगदान के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेखा तिवारी ने विशेष शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य परीक्षण, वृक्षारोपण एवं सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर राजेंद्र नाथ पांडेय, हौशिला प्रसाद, नीलू मिश्रा, उषा देवी, वर्षा पांडेय, सपना मिश्रा, सीमा मिश्रा, ममता, श्रुति पांडेय, अर्चना तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ हुआ।

## बैंकों की ढिलाई पर डीएम की नाराजगी, लंबित आवेदनों के निस्तारण का अल्टीमेटम

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में आकांक्षात्मक विकास खंडों, सम्पूर्णता अभियान तथा बैंकों से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर कड़ा रुख अपनाया। मुख्यमंत्री युवा योजना के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष बैंकों में लंबित पड़े आवेदनों पर असंतोष जताते हुए उन्होंने शत-प्रतिशत निस्तारण के निर्देश दिए और साफ कहा कि अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने उपायुक्त उद्योग को बैंक प्रबंधकों के साथ समन्वय बैठक कर कमियों वाले प्रार्थना पत्रों का तत्काल समाधान कराने को कहा। साथ ही चेतावनी दी कि लापरवाही करने वाले बैंक अधिकारियों के खिलाफ शासन को संस्तुति भेजी जाएगी। उद्योग विभाग की योजनाओं की नियमित और दैनिक समीक्षा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। उपायुक्त एनआरएलएम द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बचत खाते और सीसीएल फाइलों के लंबित होने की जानकारी दिए जाने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया कि नियमानुसार प्राप्त सभी आवेदनों पर बिना विलंब खाता खोलने की कार्रवाई की जाए। आकांक्षात्मक विकास खंडों की समीक्षा में कई सूचकांकों की कमजोर प्रगति सामने आने पर संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत स्तर पर रुचि लेकर सुधार लाने को कहा गया।

## निंदूरा क्षेत्र वासियों का मंगलवार होगा मंगलमय

किसान कल्याण केंद्र शिलान्यास आज

बाराबंकी। विकास खंड वासी कृषकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। विकासखंड की ग्राम पंचायत निंदूरा में लखनऊ महमूदाबाद मार्ग पर लगभग एक करोड़ की लागत से किसान कल्याण केंद्र का निर्माण कराया जाएगा। एडीओ कृषि हरि प्रकाश चौधरी ने बताया कि विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा कल मंगलवार भूमि पूजन करेंगे। सोमवार को संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। किसान कल्याण केंद्र के निर्माण से निंदूरा क्षेत्र के किसानों को अनेक महत्वपूर्ण सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।

## शांति समिति की बैठक, सहयोग सौहार्द की अपील

निंदूरा बाराबंकी। होली और रमजान के मद्देनजर सोमवार को थाना कुर्सी परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी कृष्णकांत सिंह ने की। इस दौरान तहसीलदार वैशाली अहलावत और क्षेत्राधिकारी जगतराम कनौजिया मौजूद रहे। अधिकारियों ने त्योहारों को शांति व सौहार्द के साथ मनाने की अपील करते हुए सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट न करने, जबरन रंग न लगाने और हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। डीजे निर्धारित ध्वनि मानकों के अनुसार चलाने तथा होलिका दहन पूर्व तय स्थानों पर ही करने के निर्देश दिए गए।

## डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण सोमवार को संपन्न

सिरौली गौसपुर बाराबंकी। ब्लॉक सभागार सिरौलीगौसपुर में आयोजित दो दिवसीय डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को सम्पूर्ण हुआ। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत आयोजित किया गया था।इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सदस्यों और पंचायत से जुड़े अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा भी प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित रहे।प्रशिक्षण के दौरान डॉ. योगेंद्र प्रसाद त्रिपाठी और रितिका सोनकर ने पंचायत प्रतिनिधियों को डिजिटल साक्षरता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कंप्यूटर, मोबाइल और टैबलेट जैसे डिजिटल उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग कर पंचायतों को सशक्त बनाने के तरीके समझाए।यह विकास खंड स्तरीय अनावासीय पुनश्चर्या प्रशिक्षण रविवार को शुरू होकर सोमवार को समाप्त हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य प्रधानों, वार्ड सदस्यों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित सभी पंचायत प्रतिनिधियों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना था।प्रशिक्षण कार्यक्रम में गिद्रापुर ग्राम प्रधान रामहेत, मेला रायगंज के प्रधान प्रतिनिधि मजीद हाशमी, प्रधान राम सिंह वर्मा और औरेला ग्राम प्रधान मुकाम हुसैन, पंचायत सचिव राजेश कुमार, कुलदीप वर्मा, देवेंद्र वर्मा, आशीष कुमार, रवि कुमार और अरविंद कुमार भी उपस्थित रहे।

## 218 होमगार्डों को हवाई हमले से बचाव के तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया

मुरादाबाद। नागरिक सुरक्षा विभाग ने सोमवार को चेतन चौहान मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र होमगार्ड मुरादाबाद में 218 होमगार्डों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में हवाई हमले से बचाव के तरीके तथा घायलों को एम्बुलेंस में स्ट्रेचर से अस्पताल भेजना, लोड ,अनलोड का प्रशिक्षण दिया गया। नागरिक सुरक्षा के सहायक उप नियंत्रक सतीश कुमार ने प्रशिक्षण देने के बाद बताया कि आज प्रशिक्षण में 218 होमगार्ड के जवान उपस्थिति रहे। प्रशिक्षण में प्रशिक्षण केंद्र के स्टॉफ अशोक कुमार वर्मा, निरीक्षक, नेपेंदर सिंह, अभिषेक कुमार, अन्य अधिकारी एवं डॉ शफीक स्टॉफ नागरिक सुरक्षा के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## शाक, भाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी में पूर्वोत्तर रेलवे को सर्वाधिक 104 पुरस्कार

वाराणसी। उत्तर प्रदेश राजकीय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की वाराणसी में कचहरी स्थित कम्पनी गार्डन में दो दिवसीय शाक भाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी का समापन सोमवार को हुआ। प्रदर्शनी में पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल की उद्यान इकाई ने प्रदर्शनी में सर्वोत्तम प्रदर्शन करते हुए अपने पिछले वर्ष के 81 पुरस्कार के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए कुल 104 पुरस्कार प्राप्त किया। इसमें 38 प्रथम, 34 द्वितीय, 32 तृतीय पुरस्कार सहित गमले में लगे सदाबहार पौधे एवं गमले में लगे मौसमी फूल की श्रेणी में 2 रनिंग शील्ड प्राप्त किये। प्रदर्शनी में वाराणसी रेलवे में मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) विकास कुमार सिंह के नेतृत्व में वाराणसी मंडल की उद्यान टीम द्वारा बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त एस. राजलिंगम के कर कमलों द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे के लिए दो रनिंग शील्ड समेत 104 पुरस्कार मुख्य उद्यान निरीक्षक मुकेश कुमार ने प्राप्त किया। प्रदर्शनी में कुल 159 श्रेणियों में से 123 श्रेणियों में पूर्वोत्तर रेलवे ने अपने वनस्पति नमूने प्रदर्शन में लगाये थे।

## सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे संत गाडगे महाराज : राकेश मौर्य

जौनपुर। यूपी के जौनपुर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सोमवार को जिला कार्यालय पर राष्ट्रसंत गाडगे महाराज की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने की। कार्यक्रम की शुरुआत जिला महासचिव आरिफ हबीब ने गाडगे महाराज के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए की। इसके बाद उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया।

# स्वीकृत चयन वेतनमान को वेतन में देने की अडंगेबाजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी द्यऑनलाइन स्वीकृत चयन वेतनमान का लाभ उसी माह वेतन में किए जाने की मांग को लेकर यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉक्टर आशुतोष कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों ने वित्त एवं लेखा अधिकारी कार्यालय को एक पत्र सौंपा है द्य पत्र में सगठन ने लिखा है कि खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अहर्य शिक्षकों के चयन वेतनमान के प्रकरण ऑनलाइन तरीके से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अग्रसारित किए जाते हैं द्य जिस पर परीक्षणोपरांत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा चयन वेतनमान स्वीकृत आदेश निर्गत किया जाता है द्य इस ऑनलाइन आदेश के क्रम में चयन वेतनमान का लाभ वित्त एवं लेखा अधिकारी कार्यालय द्वारा शिक्षकों के वेतन में उसी माह जोड़े जाने की व्यवस्था हैद्य लेकिन आदेश के विपरीत वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय द्वारा ऑफलाइन सेवा पंजिका की मांग शिक्षकों से की जा रही है द्य जोकि



पूर्णतया अनुचित है द्य संगठन का कहना है कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर भ्रष्टाचार को समाप्त करने के उद्देश्य से ऑनलाइन सुविधा शुरू की गई है द्य जिसमें ऑनलाइन स्वीकृत चयन वेतनमान आदेश के क्रम में उसी माह शिक्षकों को वेतन में लाभ प्रदान किये जाने की है द्य इसलिए संगठन ऑनलाइन स्वीकृत चयन वेतनमान का लाभ उसी माह के वेतन में चाह रहा है ।





# इंग्लैंड और पाकिस्तान के मुकाबले में फोकस स्पिनरों पर

एजेंसी

पाल्लेकल। धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच पर इंग्लैंड और पाकिस्तान की टीमें टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में मंगलवार को जब आमने सामने होंगी तो फोकस स्पिन गेंदबाजों पर रहेगा। इंग्लैंड की टीम अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी है लेकिन दो बार की चैम्पियन टीम जीत की राह पर लौटी है। सुपर आठ चरण के पहले मैच में श्रीलंका को 51 रन से हराया जिससे उसका नेट रनरेट भी बेहतर हुआ है और वह तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।



श्रीलंका के खिलाफ कम स्कोर का बचाव करते हुए इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने हालात के अनुरूप खेला। उसके स्पिनरों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी उपयोगी रहे। लेग स्पिनर आदिल रशीद और बायें हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को भी विकेट मिले। विल जैक्स ने अच्छी आफ स्पिन गेंदबाजी के अलावा जरूरत पड़ने पर उपयोगी पारियां भी खेली है और कई बार इंग्लैंड को संकट से निकाला। सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट श्रीलंका के ख़िलाफ उम्दा पारी खेलकर फॉर्म में लौटे हैं। टूर्नामेंट में पहली बार उन्होंने पावरप्ले के बाद तक बल्लेबाजी की। जोस बटलर का फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है लेकिन उन्हें कप्तान हैरी ब्रूक का समर्थन हासिल है। इंग्लैंड ने इस महीने की शुरूआत में इस मैदान पर तीन मैचों की टी20 श्रृंखला 3-0 से जीती थी। ब्रूक ने श्रीलंका को हराने के बाद कहा ,'' अभी तक हम बल्लेबाजी में परफ़ेक्ट खेल नहीं दिखा सके हैं। हमें अच्छी शुरूआत और बड़े स्कोर नहीं मिले। मुझे लगता है कि बहुत जल्दी वह होगा। जोस बटलर, जैकब बेथेल और मैं खुद बड़े स्कोर नहीं बना सके हैं लेकिन इसके बावजूद हम जीतने में कामयाब रहे। दूसरी ओर पाकिस्तान का न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला सुपर आठ मैच बारिश में धुल गया जिससे अब उसे दोनों मैच जीतने होंगे।

# खराब फॉर्म से जूझ रहे एक बल्लेबाज को बाहर कर सकती है भारतीय टीम

एजेंसी

अहमदाबाद। भारतीय टीम प्रबंधन खराब फॉर्म में चल रहे तीन में से कम से कम एक बल्लेबाज को बाहर कर सकता है जबकि शीर्षक्रम में कई खब्बू बल्लेबाजों को उतारने की अपनी रणनीति की भी समीक्षा करेगा। मुख्य कोच गौतम गंभीर के सहयोगी रियान टेन डोइशे और सितांशु कोटक ने यह संकेत दिये। दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप सुपर आठ मुकाबले में भारत को 76 रन से हराया। अब भारत को अगले दोनों मैच जीतने होंगे लिहाजा टीम प्रबंधन को अभिषेक शर्मा (चार मैचों में 15 रन) और तिलक वर्मा ( पांच मैचों में 107 रन ) के प्रदर्शन पर विचार करना होगा। रिंकू सिंह भी फिनिशर की भूमिका नहीं निभा सके हैं और 29 गेंदों में 82 . 75 की स्ट्राइक रेट से 24 रन बनाये हैं। बल्लेबाजी कोच कोटक ने कहा ,'' अगर मुख्य कोच और टीम प्रबंधन को लगता है कि हमें कुछ अलग करना होगा तो हम करेंगे। अब इस पर विचार हो रहा है कि अगर हमें बदलाव करना है तो वह क्या होगा और कैसे होगा। उन्होंने कहा ,'' अब हम ऐसे मुकाम पर पहुंच गए हैं कि हमें यह सोचना होगा कि कुछ अलग करना है या उसी संयोजन से काम करना है।

# रणजी ट्रॉफी फाइनल : सितारों से भरी कर्नाटक का सामना आत्मविश्वास से ओतप्रोत जम्मू कश्मीर से

एजेंसी

हुब्बली। पहली बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंची जम्मू कश्मीर की कहानी लगन और जुझारूपन की मिसाल है लेकिन खिताब जीतने के लिये इस छिपी रूस्तम टीम को अगले पांच दिन में आठ बार की चैम्पियन कर्नाटक के खिलाफ चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। कर्नाटक को उसके अतीत के प्रदर्शन के कारण ही प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा बल्कि इस सत्र में उसने समय समय पर प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से जूझने के बावजूद अलग अलग हालात में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ पहले मुकाबले में खराब शुरूआत के बाद से कर्नाटक ने अपने मैदान पर और बाहर दमदार प्रदर्शन किया है। उसके स्टार बल्लेबाजों केएल राहुल, करूण नायर, देवदत्त पडिक्कल और रविचंद्रन स्मरण ने इस कामयाबी की कहानी लिखी है। राहुल ने तीन मैचों में 457 रन, करूण ने आठ मैचों में 699 रन , पडिक्कल ने पांच मैचों में 532 रन और स्मरण ने



आठ मैचों में 950 रन बनाये हैं। इससे कर्नाटक को कप्तानी में बदलाव से सामंजस्य बिठाने में भी मदद मिली। मयंक अग्रवाल की जगह पडिक्कल ने टीम की कमान संभाली और बल्लेबाजी तथा कप्तानी दोनों में खरे उतरे। इस मजबूत बल्लेबाजी क्रम का सामना हालांकि तेज गेंदबाज आकिब नबी की अगुवाई में जम्मू कश्मीर के बेहतरीन गेंदबाजों से होगा। जम्मू कश्मीर ने 67 साल पहले रणजी ट्रॉफी में पदार्पण के बाद पहली बार फाइनल में प्रवेश किया है। नबी ने इस सत्र में 55 विकेट लिये हैं और यहां पर भी पिच से शुरूआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है। वैसे कर्नाटक के पास भी शानदार गेंदबाजी आक्रमण है जिसकी अगुवाई भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा करेंगे। उनका साथ देने के लिये विद्वत कावेरप्पा, विद्याधर पाटिल, विशाख विजयकुमार, शिखर शेट्टी और मोहसिन खान हैं। लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल 46 विकेट लेने के अलावा 442 रन बना चुके हैं। कर्नाटक के पूर्व कप्तान आर विनय कुमार ने कहा ,'' श्रेयस ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है और काफी उपयोगी साबित हुआ है। इससे कर्नाटक दमदार टीम बनकर उभरी है। अपने खिलाड़ियों के हुनर के अलावा कर्नाटक बड़े मैचों के उनके अनुभव के आधार पर भी प्रबल दावेदार लग रहा है। राहुल, करूण, श्रेयस और मयंक उस टीम का हिस्सा थे जिसने 2013 . 14 और 2014 . 15 में लगातार दो बार खिताब जीते। ये युवा खिलाड़ियों को दबाव का सामना करने के लिये मशविरा दे सकते हैं। बंगाल और मध्यप्रदेश जैसे दिग्गजों को हराने वाली जम्मू कश्मीर टीम के पास पारस डोगरा जैसा अनुभवी कप्तान है। मुख्य कोच अजय शर्मा और 41 वर्ष के डोगरा को खिलाड़ियों को बिना किसी दबाव के खुलकर खेलने का गुरूमंत्र देना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व कप के बाद पहले वनडे में भारतीय महिला टीम की नजरें आस्ट्रेलिया को फिर हराने पर

**ब्रिसबेन।** टी20 श्रृंखला जीत चुकी मौजूदा विश्व चैम्पियन भारतीय टीम तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के पहले मैच में मंगलवार को आस्ट्रेलिया से खेलेगी तो उसे मनोवैज्ञानिक बढत हासिल होगी। भारत ने पिछले साल नवी मुंबई में विश्व कप सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को हराया था। यह श्रृंखला इसलिये भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आस्ट्रेलिया की महानतम खिलाड़ियों में से एक एलिसा हीली इसके बाद वनडे प्रारूप से विदा लेने जा रही हैं। भारत के खिलाफ छह मार्च से पर्थ में शुरू हो रहा टेस्ट उनके कैरियर का आखिरी मैच होगा। तीन मैचों की टी20 श्रृंखला से बाहर रहने के बाद हीली की वापसी हुई है। भारत ने श्रृंखला 2 . 1 से जीती जो पिछले एक दशक में इस प्रारूप में आस्ट्रेलिया में श्रृंखला में उसकी पहली जीत थी। स्टार लेग स्पिनर अलाना किंग भी वनडे और टेस्ट टीम में लौटी हैं। भारत के लिये काशवी गौतम, हरलीन देयोल और प्रतिका रावल टीम में अरूंधति रेड्डी, भारती फुलमाली और श्रेयांका पाटिल की जगह आई हैं।टखने की चोट से उबरी प्रतिका को बाद में वनडे टीम में शामिल किया गया। स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने तीसरे टी20 में 82 रन बनाये और वह इस फॉर्म को जारी रखना चाहेंगी। मंधाना ने कहा ,'' आस्ट्रेलिया को आस्ट्रेलिया में हराना खास है। हम विश्व क्रिकेट में दबदबा बनाना चाहते हैं लिहाजा किसे कराते हैं और कहां हराते हैं, यह मायने नहीं रखता। हमें बस लगातार जीतना है और शीर्ष पर रहना है। वनडे विश्व कप में आस्ट्रेलिया पर पांच विकेट से मिली जीत में 127 रन बनाने वाली जेमिमा रौड्रिग्स भी अच्छी लय में हैं जिन्होंने तीसरे टी20 में 59 रन बनाये थे। कप्तान हरमनप्रीत कौर को पहले टी20 में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन दूसरे में उन्होंने 36 और तीसरे में नाबाद दो रन बनाये थे। गेंदबाजी में रेणुका ठाकुर और श्री चरणी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। दीप्ति शर्मा से फॉर्म में लौटने की उम्मीद होगी। आस्ट्रेलियाई टीम में मैच जिताने वाले खिलाड़ियों की कमी नहीं है। एलिसे पैरी, एशले गार्डनर, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, हीली और किंग से प्रेरणा लेकर वे वापसी की कोशिश करेंगे। दूसरा मैच 27 फरवरी को और तीसरा एक मार्च को होबार्ट में खेला जायेगा। ट्रॉफी का निर्धारण अंकों के आधार पर होगा। हर टी20 और वनडे मैच जीतने पर दो और टेस्ट जीतने पर चार अंक दिये जायेंगे। टीमें : भारत : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, उमा छेत्री, अमनजोत कौर, जेमिमा रौड्रिग्स, काशवी गौतम , हरलीन देयोल, प्रतिका रावल। आस्ट्रेलिया : एलिसा हीली (कप्तान ), सोफी मोलिनू, डार्सी ब्राउन, निकोला कारी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलिसे पैरी, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

### आरबीआई की नजर में है आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में धोखाधड़ी की जांच : गवर्नर मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी मामले पर नजर है, लेकिन इसमें कोई प्रणालीगत समस्या नहीं है। नई दिल्ली में सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में संजय मल्होत्रा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पॉलिसी के तौर पर हम किसी एक बैंक या रेगुलेटेड एंटिटी पर टिप्पणी नहीं करते हैं। हम डेवलपमेंट पर नजर रख रहे हैं। इससे पहले आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वी. वैद्यनाथन ने कहा कि बैंक के कर्मचारियों और बाहरी पक्षों की मिलीभगत के जरिये हरियाणा सरकार के खातों से जुड़ी 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया। यह मुद्दा एक इकाई और एक ग्राहक समूह तक सीमित था। यह किसी प्रणालीगत 'रिपोर्टिंग' त्रुटि का मामला नहीं है। हरियाणा सरकार ने कथित बैंक धोखाधड़ी के आरोपों के मद्देनजर एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ-साथ आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को भी सरकारी कार्यों के लिए अपनी समिति से बाहर (डी-एम्पैनल्ड) कर दिया है। इसके बाद आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने रविवार को खुलासा किया था कि उसके कर्मचारियों और अन्य लोगों ने हरियाणा सरकार के खातों में 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की है।

### अक्षर को बाहर रखने के फैसले को टेन डोइशे ने रणनीतिक बताया

अहमदाबाद। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में उपकप्तान अक्षर पटेल को बाहर रखने के फैसले की काफी आलोचना हो रही है लेकिन भारतीय टीम के सहायक कोच रियान टेन डोइशे और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से रणनीतिक कारणों से लिया गया। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 76 रन से हराया और वॉशिंगटन सुंदर बल्ले तथा गेंद दोनों से फ्लॉप रहे जिन्हें अक्षर की जगह उतारा गया था। टेन डोइशे ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हमने पिछले कुछ दिन में अंतिम एकादश पर काफी मंथन किया। हम मैच अप पर विचार कर रहे थे।

# सोने की कीमत में सांकेतिक गिरावट, चांदी भी फिसली

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार में सोना और चांदी के भाव में सांकेतिक गिरावट का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,59,270 रुपये से लेकर 1,59,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,45,990 रुपये से लेकर 1,46,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,74,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,59,420 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,59,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,59,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,59,270 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,45,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,59,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,45,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,59,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना



1,46,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,59,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,46,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,59,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,46,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,59,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,59,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,45,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।


## यात्रीगण कृपया ध्यान दें!

### होली विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026 की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**09189/09190 मुंबई सेंट्रल – कटिहार – मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी विशेष किराए पर (साप्ताहिक)** — 11 फेरे

| गाड़ी सं. 09189 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09190 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 10:55 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | ---- |
| 13:45 | 13:55 | लखनऊ | 16:25 | 16:35 |
| 07:30 | ---- | कटिहार | ---- | 00:15 |

**चलने के दिन:** **09189 मुंबई सेंट्रल** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 28.02.2026 से 28.03.2026 तक और **09190 कटिहार** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 24.02.2026 से 31.03.2026 तक।
**ठहराव:** बोरीवली, वापी, वलसाड, सूरत (केवल रेलगाड़ी सं. 09189 के लिए), भरूच, वडोदरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, मनकापुर, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया, सीवान, छपरा, हाजीपुर, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया एवं नौगछिया स्टेशन।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**09183/09184 मुंबई सेंट्रल – बनारस – मुंबई सेंट्रल वातानुकूलित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी विशेष किराए पर (साप्ताहिक)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 09183 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09184 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | ---- |
| 04:15 | 04:25 | लखनऊ | 21:15 | 21:25 |
| 10:30 | ---- | बनारस | ---- | 14:30 |

**चलने के दिन:** **09183 मुंबई सेंट्रल** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 04.03.2026 से 25.03.2026 तक और **09184 बनारस** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 06.03.2026 से 27.03.2026 तक।
**ठहराव:** बोरीवली, पालघर, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, ईदगाह, टूण्डला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, भोंगांव, फ़र्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, प्रतापगढ़, जंघई जं. एवं भदोही स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी।

**09111 / 09112 वडोदरा – गोरखपुर – वडोदरा एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी विशेष किराए पर (साप्ताहिक)** — 09 फेरे

| गाड़ी सं. 09111 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09112 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:00 | वडोदरा | 08:35 | --- |
| 18:15 | 18:30 | लखनऊ | 10:30 | 10:40 |
| 23:30 | ---- | गोरखपुर | ---- | 05:00 |

**चलने के दिन:** **09111 वडोदरा** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 02.03.2026 से 23.03.2026 तक और **09112 गोरखपुर** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 25.02.2026 से 25.03.2026 तक।
**ठहराव:** गोधरा जं., रतलाम जं., कोटा, सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, ईदगाह, टूण्डला जं., शिकोहाबाद जं., मैनपुरी जं., फ़र्रुखाबाद, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**09195/09196 वडोदरा – मऊ – वडोदरा सुपर फास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी विशेष किराए पर (साप्ताहिक)** — 10 फेरे

| गाड़ी सं. 09195 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09196 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:00 | वडोदरा | 00:45 | --- |
| 13:15 | 13:20 | लखनऊ | 05:30 | 05:35 |
| 20:45 | ---- | मऊ | ---- | 23:15 |

**चलने के दिन:** **09195 वडोदरा** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 28.02.2026 से 28.03.2026 तक और **09196 मऊ** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 01.03.2026 से 29.03.2026 तक।
**ठहराव:** गोधरा जं. (केवल रेलगाड़ी सं. 09195 के लिए), दाहोद, रतलाम जं., कोटा जं., बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर एवं वाराणसी स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**09075/09076 मुंबई सेंट्रल – काठगोदाम – मुंबई सेंट्रल सुपर फास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी विशेष किराए पर (साप्ताहिक)** — 10 फेरे

| गाड़ी सं. 09075 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09076 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 10:55 | मुंबई सेंट्रल | 21:00 | --- |
| 10:45 | 10:50 | बरेली जं. | 20:42 | 20:47 |
| 14:30 | ---- | काठगोदाम | ---- | 17:30 |

**चलने के दिन:** **09075 मुंबई सेंट्रल** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 25.02.2026 से 25.03.2026 तक और **09076 काठगोदाम** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 26.02.2026 से 26.03.2026 तक।
**ठहराव:** बोरीवली, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, भरतपुर, मथुरा, हाथरस सिटी, कासगंज, बदायूं, बरेली जं., बरेली सिटी, इज्जतनगर जं., बहेरी, किच्छा, लालकुआँ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**09309/09310 इंदौर – हज़रत निज़ामुद्दीन – इंदौर सुपर फ़ास्ट विशेष रेलगाड़ी विशेष किराए पर (द्वि-साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| गाड़ी सं. 09309 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09310 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 17:00 | इंदौर | 21:00 | --- |
| 05:00 | ---- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 08:20 |

**चलने के दिन:** **09309 इंदौर** से प्रत्येक शुक्रवार व रविवार को दिनांक 27.02.2026 से 27.03.2026 तक और **09310 हज़रत निज़ामुद्दीन** से प्रत्येक शनिवार व सोमवार को दिनांक 28.02.2026 से 28.03.2026 तक।
**ठहराव:** देवास, उज्जैन जं., नागदा जं., शामगढ़, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, भरतपुर जं. एवं मथुरा जं. स्टेशन।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**09425/09426 साबरमती – हरिद्वार – साबरमती एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी विशेष किराए पर (साप्ताहिक)** — 09 फेरे

| गाड़ी सं. 09425 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 09426 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 18:45 | साबरमती | 22:30 | --- |
| 14:00 | 14:10 | दिल्ली जं. | 04:30 | 04:40 |
| 20:30 | ---- | हरिद्वार | ---- | 21:45 |

**चलने के दिन:** **09425 साबरमती** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 02.03.2026 से 23.03.2026 तक और **09426 हरिद्वार** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 24.02.2026 से 24.03.2026 तक।
**ठहराव:** महेसाणा जं., पालनपुर जं., आबू रोड, पिंडवाड़ा, जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर जं., किशनगढ़, जयपुर जं., गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई जं., अलवर जं., रेवाड़ी जं., गुड़गांव, दिल्ली छावनी, दिल्ली जं., गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मुजफ्फर नगर एवं रुड़की स्टेशन।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**04414/04413 हज़रत निज़ामुद्दीन – मथुरा जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 10 फेरे

| गाड़ी सं. 04414 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04413 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 10:30 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:45 | --- |
| 13:00 | ---- | मथुरा जं. | ---- | 14:30 |

**चलने के दिन:** **04414 हज़रत निज़ामुद्दीन** और **04413 मथुरा जं.** से दिनांक 27.02.2026 से 03.03.2026 तक (प्रतिदिन)।
**ठहराव:** ओखला, तुगलकाबाद, फरीदाबाद, फरीदाबाद न्यू टाउन, बल्लभगढ़, असावती, पलवल, शोलाका, कोसी कलां, छाता, वृन्दावन रोड एवं भूतेश्वर स्टेशन।
**स्थान:** सामान्य श्रेणी।

**05575/05576 सहरसा जं. – आनंद विहार (ट) – सहरसा जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 03 फेरे

| गाड़ी सं. 05575 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05576 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:00 | सहरसा जं. | 10:30 | ---- |
| 18:32 | 18:34 | बरेली जं. | 10:38 | 10:40 |
| 01:05 | ---- | आनंद विहार (ट) | ---- | 05:15 |

**चलने के दिन:** **05575 सहरसा जं.** से दिनांक 11.03.2026 (बुधवार) को और **05576 आनंद विहार (ट)** से दिनांक 10.03.2026 एवं 17.03.2026 (मंगलवार) को।
**ठहराव:** गढ़ बरूआरी, सुपौल, सरायगढ़, निर्मली, घोगरडीहा, झंझारपुर जं., सकरी जं., शीशो, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर, बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., शाहजहांपुर, बरेली जं., मुरादाबाद, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन।
**स्थान:** 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**05579/05580 पूर्णिया कोर्ट – आनंद विहार (ट) – पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 4 दिन)** — 13 फेरे

| गाड़ी सं. 05579 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05580 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 16:30 | पूर्णिया कोर्ट | 13:45 | ---- |
| 18:32 | 18:34 | बरेली जं. | 10:38 | 10:40 |
| 01:05 | ---- | आनंद विहार (ट) | ---- | 05:15 |

**चलने के दिन:** **05579 पूर्णिया कोर्ट** से मंगलवार, शुक्रवार, शनिवार, रविवार को दिनांक 06.03.2026 से 15.03.2026 तक और **05580 आनंद विहार (ट)** से गुरुवार, रविवार, सोमवार, शुक्रवार को दिनांक 08.03.2026 से 16.03.2026 तक।
**ठहराव:** बनमनखी जं., मुरलीगंज, दौरम मधेपुरा, सहरसा जं., गढ़ बरुआरी, सुपौल, सरायगढ़, निर्मली, घोगरडीहा, झंझारपुर जं., सकरी जं., शिशो, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर, बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., शाहजहांपुर, बरेली जं., मुरादाबाद, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन। **स्थान:** 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**03293/03294 पटना जं. – नई दिल्ली – पटना जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 24 फेरे

| गाड़ी सं. 03293 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 03294 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21:00 | पटना जं. | 12:25 | ---- |
| 12:50 | ---- | नई दिल्ली | ---- | 14:15 |

**चलने के दिन:** **03293 पटना जं.** से दिनांक 05.03.2026 से 15.03.2026 तक (प्रतिदिन) और **03294 नई दिल्ली से दिनांक** 06.03.2026 से 16.03.2026 तक (प्रतिदिन)।
**ठहराव:** दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., सूबेदारगंज एवं गोविंदपुरी स्टेशन।
**स्थान:** 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**02397/02398 शेखपुरा – नई दिल्ली – शेखपुरा एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 02397 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 02398 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 11:30 | शेखपुरा | 14:45 | ---- |
| 11:40 | ---- | नई दिल्ली | ---- | 13:30 |

**चलने के दिन:** **02397 शेखपुरा** से रविवार दिनांक 01.03.2026 को और **02398 नई दिल्ली** से सोमवार दिनांक 02.03.2026 को।
**ठहराव:** वारिसलीगंज, नवादा, तिलैया, गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं., गोविंदपुरी एवं टूण्डला जं. स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**03697/03698 शेखपुरा – नई दिल्ली – शेखपुरा एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 4 दिन)** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 03697 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 03698 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 11:30 | शेखपुरा | 14:45 | ---- |
| 11:40 | ---- | नई दिल्ली | ---- | 13:30 |

**चलने के दिन:** **03697 शेखपुरा** से सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार, शनिवार को दिनांक 27.02.2026 से 02.03.2026 तक और **03698 नई दिल्ली** से मंगलवार, बुधवार, शनिवार, रविवार को दिनांक 28.02.2026 से 03.03.2026 तक।
**ठहराव:** वारिसलीगंज, नवादा, तिलैया, गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं., गोविंदपुरी एवं टूण्डला जं. स्टेशन।
**स्थान:** 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**नोट: रेलगाड़ी सं. 02397/02398/03697/03698 का आगमन/प्रस्थान स्टेशन दिनांक 02.03.2026 तक नई दिल्ली और उसके बाद यह आनंद विहार (ट) होगा।**

**03639/03640 धनबाद जं. – शकूरबस्ती – धनबाद जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (द्वि-साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 03639 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 03640 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 18:30 | धनबाद जं. | 23:45 | ---- |
| 18:10 | ---- | शकूरबस्ती | ---- | 21:10 |

**चलने के दिन:** **03639 धनबाद जं.** से सोमवार व शुक्रवार को दिनांक 06.03.2026 से 09.03.2026 तक और **03640 शकूरबस्ती** से मंगलवार व शनिवार को दिनांक 07.03.2026 से 10.03.2026 तक।
**ठहराव:** गोमोह जं., पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं., गोविंदपुरी एवं दिल्ली जं. स्टेशन।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।**

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**

आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'अंजदीप' 27 फरवरी को नौसेना के समुद्री बेड़े का हिस्सा बनेगा

एजेंसी

नई दिल्ली। एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट प्रोजेक्ट का तीसरा वेसल 'अंजदीप' 27 फरवरी को भारतीय नौसेना के समुद्री बेड़े का हिस्सा बन जाएगा। चेन्नई बंदरगाह पर कमीशनिंग समारोह के बाद नौसेना अपनी एंटी-सबमरीन वारफेयर क्षमता बढ़ाने के लिए तैयार है। स्वदेशी पनडुब्बी रोधी रॉकेट, माइन बिछाने की क्षमता और उन्नत सोनार सिस्टम से लैस इस पोत के नौसेना में शामिल होने के बाद भारत के बड़े समुद्री हितों और तमिलनाडु और पुडुचेरी क्षेत्र सहित तटीय इलाकों की सुरक्षा होगी।



भारतीय नौसेना के लिए गार्डन रीच शिपबिल्डर्स और इंजीनियर्स एएसडब्ल्यू शैलो वॉटर क्राफ्ट (एसडब्ल्यूसी) प्रोजेक्ट के तहत आठ जहाजों का निर्माण कर रहा है। एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट (एसडब्ल्यूसी) प्रोजेक्ट के तहत निर्मित 'अग्रे' और 'अक्षय' शैलो वॉटर क्राफ्ट 13 मार्च 2024 को कोलकाता में लॉन्च किया गये थे। लॉन्च किये गए यह जहाज 5वें और छठे थे, जिनका नामकरण भारतीय नौसेना के पूर्ववर्ती अभय क्लास कार्वेट एग्रे और अक्षय के नाम पर किया गया है। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने 22 दिसंबर 2025 को 'अंजदीप' पोत भारतीय नौसेना को सौंप दिया था। दरअसल, रक्षा मंत्रालय और जीआरएसई के बीच आठ एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी जहाजों के निर्माण के लिए 29 अप्रैल 2019 को अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। इन पोतों को नौसेना में शामिल किये जाने वाले समारोह की अध्यक्षता नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी करेंगे। इस जहाज को 'डॉल्फिन हंटर' की तरह काम करने के लिए बनाया गया है, जिसका फोकस तटीय इलाकों में दुश्मन की सबमरीन का पता लगाना, उन्हें ट्रैक करना और उन्हें बेअसर करना है। जहाज में देसी, लेटेस्ट एंटी-सबमरीन वारफेयर हथियार और सेंसर पैकेज हैं और यह हल्के टॉरपीडो और स्वदेशी पनडुब्बी रोधी रॉकेट से लैस है। अर्नाला श्रेणी के जहाज भारतीय नौसेना के सेवारत अभय श्रेणी के एएसडब्ल्यू कार्वेट की जगह लेंगे और इन्हें तटीय जल में पनडुब्बी रोधी अभियानों, कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन (एलआईएमओ) और खदान बिछाने के संचालन के लिए डिजाइन किया गया है। यह जहाज 77.6 मीटर लंबे और 105 मीटर चौड़े हैं, जिनमें 900 टन का विस्थापन और 1800 एनएम से अधिक की सहनशक्ति है। ये जहाज वॉटरजेट से चलने वाले सबसे बड़े भारतीय नौसेना के युद्धपोत हैं और यह अधिकतम 25 नॉट्स तक की गति प्राप्त कर सकता है। इसे 80 फीसदी से ज्यादा स्वदेशी सामान के साथ सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' विजन के तहत बनाया गया है। यह जहाज बढ़ते घरेलू रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र और निर्यात पर निर्भरता कम करने का सबूत है।

नौसेना के मुताबिक अपने मुख्य एएसडब्ल्यू रोल के अलावा यह फुर्तीला और बहुत ज्यादा मैनूवरेबल वॉरशिप कोस्टल सर्विलांस, लो-इंटेंसिटी मैरीटाइम ऑपरेशन्स और सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन्स करने के लिए भी तैयार है। यह जहाज पहले के आईएनएस अंजदीप का नया रूप है, जो 2003 में सेवानिवृत्त किया गया एक पेट्या क्लास कार्वेट था। इस जहाज का नाम कर्नाटक के कारवार तट पर मौजूद अंजदीप आइलैंड के नाम पर रखा गया है।

# कांग्रेस को अब उसके अपने नेता भी नकार रहे : त्रिवेदी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता मार्गरेट अल्वा के युवा कांग्रेस द्वारा एआई शिखर सम्मेलन में अर्धनग्न प्रदर्शन की आलोचना को लेकर कहा कि कांग्रेस देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के साथ-साथ जनता का सिर्फ अहित करती है। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस को उनके सहयोगी और जनता नकारते थे, अब उनके नेता भी उन्हें नकार रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में एआई शिखर सम्मेलन में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अर्धनग्न प्रदर्शन को शर्मनाक करार दिया। उन्होंने इस पर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मार्गरेट अल्वा और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा निंदा करने को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव पहले ही कह चुके हैं कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर ऐसा काम करना शर्मनाक है। अब कांग्रेस के अंदर भी विरोध के स्वर उठ रहे हैं। कांग्रेस की हरकत निंदनीय और शर्मनाक है।

उन्होंने इसे क्षुब्ध करने वाला बताते हुए कहा कि इस सम्मेलन में एक ओर जहां हमारी बुद्धिमत्ता और उच्च गुणवत्ता का प्रदर्शन हुआ तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस की नीचता का प्रदर्शन हुआ। कांग्रेस की इस हरकत से पूरा देश क्षुब्ध है। कांग्रेस के इस आचरण की वजह से अभी तक जनता और उनका गठबंधन ही उन्हें नकार रहा था, अब पार्टी के वरिष्ठ नेता भी नकारने लगे हैं। देश की छवि को धूमिल करना कांग्रेस का आचरण रहा है।

उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के मुस्लिमों से जुड़े बयान पर कहा कि रेड्डी ने कुछ दिन पहले कहा था कि 'कांग्रेस है तो मुसलमान हैं और मुसलमान हैं तो कांग्रेस है।' और अब कहते हैं कि 'अगर गांधी परिवार को कोई आर्थिक आवश्यकता पड़ती है तो तेलंगाना के कांग्रेस कार्यकर्ता आसानी से 1000 करोड़ रुपये जुटाकर उन्हें दे सकते हैं।' वह देश के पैसे को अपना पैसा समझते हैं। यह कांग्रेस शासित राज्यों की मनोदशा है।

उन्होंने कांग्रेस की हकीकत सबके सामने आने की बात करते हुए बताया कि इन बयानों से कांग्रेस का एक और स्वरूप सबके सामने आ गया है। एआई शिखर सम्मेलन में कांग्रेस की हकीकत पहले ही सबके सामने आ चुकी थी। अब बची हुई हकीकत रेवंत रेड्डी के इस बयान से सामने आ गई है। उनका यह बयान दर्शाता है कि यह तेलंगाना की जनता के साथ कितना बड़ा अन्याय है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता मार्गरेट अल्वा ने एआई शिखर सम्मेलन में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन की आलोचना की। एक कार्यक्रम में मीडिया के सवालों पर उन्होंने कहा कि ऐसे अवसरों पर जिम्मेदारी के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए।

## अंबानी का जिक्र करने पर वकील पर भड़के सीजेआई

# 'मेरे कोर्ट में बदतमीजी नहीं चलेगी'

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत सोमवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील की बात पर इतना गुस्सा हो गए कि उन्होंने वकील को लगभग डांटते हुए चेतावनी दे डाली कि उनकी कोर्ट में ये बदतमीजी नहीं चलेगी।

दरअसल वरिष्ठ वकील मैथ्यूज नेदुम्पारा ने सीजेआई की पीठ के समक्ष कहा कि एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें न्यायपालिका के कॉलेजियम सिस्टम को चुनौती दी गई और जजों की नियुक्ति के लिए नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट कमीशन को लागू करने की मांग की गई।

जिस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ऐसी कोई याचिका रजिस्टर नहीं है। इस पर वकील नेदुम्पारा ने नाराजगी जाहिर की और कहा, 'अदाणी और अंबानी के लिए सांविधानिक पीठ गठित की जाती हैं और आम लोगों से जुड़े मुद्दों पर सुनवाई ही नहीं होती। लाइव लॉ की एक रिपोर्ट के अनुसार, वकील की इस बात से सीजेआई नाराज हो गए और उन्होंने तुरंत वकील नेदुम्पारा को चेतावनी दी कि 'मिस्टर नेदुम्पारा, आप मेरी अदालत में जो कह रहे हैं, उसे सोच-समझकर बोलिए। आपने चंडीगढ़ में भी मुझे देखा है, दिल्ली में भी...। ये मत सोचिए कि जैसे आप दूसरी पीठ के साथ बदतमीजी करते रहे हैं, वैसे ही आप मेरी कोर्ट में भी बदतमीजी करेंगे। मैं आपको चेतावनी देता हूं। साल 2024 में सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्री विभाग ने नेदुम्पारा की याचिका को रजिस्टर करने से इनकार कर दिया था। रजिस्ट्री विभाग ने कहा कि पहले ही नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट कमीशन पर फैसला हो चुका है, ऐसे में इसी मुद्दे पर नई याचिका सुनवाई लायक नहीं है। गौरतलब है कि पहली बार ऐसा नहीं हुआ है कि नेदुम्पारा के प्रति किसी न्यायाधीश ने नाराजगी जाहिर की है।

# दुनिया की सबसे पारदर्शी कैब सर्विस होगी भारत टैक्सी : शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि श्रम करने वालों की मुनाफ़े में हिस्सेदारी के लिए शुरु की गई 'भारत टैक्सी' योजना के तहत चालकों को सम्मान से 'सारथी' बनाने की पहल की गई है जिसके तहत मेहनतकशों को मुनाफ़े में भागीदार मालिक बनाना सुनिश्चित किया गया है।

श्री शाह ने सोमवार को यहां भारत टैक्सी के सारथियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि भारत टैक्सी' दुनिया की सबसे पारदर्शी कैब सेवा होगी जिससे ग्राहक और सारथी दोनों में अनुशासन लाकर नागरिक समझ को बढ़ावा मिलेगा और भारत टैक्सी, सारथियों की समस्या के समाधान का रास्ता तैयार करेगी। उनका कहना था कि 'भारत टैक्सी' के संचालन के लिए बोर्ड का गठन किया जाएगा और इसके निदेशक मंडल में सारथियों यानी टैक्सी चालकों को रखा जाएगा ताकि वे समस्याओं के समाधान के लिए खुद पहल कर सकेंगे।

गृहमंत्री ने कहा कि दुनिया की इस सबसे पारदर्शी कैब सेवा का मकसद चालों को सारथी के रूप में सम्मान देना और लाभ में उन्हें भागीदार बनाना है। उनका कहना था कि यह कैब सेवा हर सारथी को मालिक बनाएगी और आने वाले तीन वर्षों में देश के हर नगर निगम में 'भारत टैक्सी' की शुरुआत की जाएगी।

उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी को देश की पांच बड़ी कोऑपरेटिव्स को मिलाकर खड़ा किया गया है। अब जैसे-जैसे सारथियों की संख्या इसमें बढ़ती जाएगी और जो भी सारथी इसमें पार्टनर बनना चाहेगा उसे 500 रुपए के शेयर लेने पर मालिकाना हक मिलेगा। जब भारत टैक्सी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का चुनाव होगा, तब इसमें कुछ स्थान सारथियों के लिए भी आरक्षित और सारथी बोर्ड में आकर स्वयं अन्य सारथियों के सभी हितों की रक्षा और चिंता करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत टैक्सी का उद्देश्य किसी निजी कंपनी की तरह बड़ा मुनाफा कमाना नहीं बल्कि सारथियों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी के शेयर सारथियों के पास हैं और मालिक भी सारथी ही हैं, इसीलिए भारत टैक्सी की नीतियां भी सारथी ही बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी सारथियों की अपनी कंपनी है और इसमें सहकार करना ही हमारा सिद्धांत होना चाहिए। भारत टैक्सी सारथियों की क्षमता का दोहन करेगी न कि उनका शोषण करेगी।

गृहमंत्री ने कहा कि 'भारत टैक्सी' सारथियों को शेयर देकर मालिक बनाने के साथ-साथ उसका बीमा और आसान लोन उपलब्ध कराने वाली पहली टैक्सी सर्विस बनेगी और 'भारत टैक्सी' सारथियों को हर जानकारी अधिसूचना के माध्यम से उपलब्ध कराकर दुनिया की सबसे पारदर्शी कैब सर्विस बनेगी। उनका कहना था कि 'भारत टैक्सी' की 'सारथी दीदी' सुविधा, महिला सारथियों को स्वावलंबी बनाने के लिए शुरु की गयी है और इससे वे स्वावलंबी बनेंगी और महिला यात्रियों तथा सारथियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी। उनका यह भी कहना था कि 'भारत टैक्सी' में शिकायत विंडो के माध्यम से सारथियों की सभी चिंताओं का समाधान किया जाएगा।

श्री शाह ने चालकों से कहा कि भारत टैक्सी की वेबसाइट पर सारथियों की तकलीफों के समाधान के लिए एक विंडो है जिस पर मोबाइल नंबर से लॉग-इन कर वे अपनी सारी समस्याएं बता सकेंगे और उनके आधार पर हम नीति को संशोधित कर सकेंगे। जिस प्रकार भारत टैक्सी सारथियों की समस्याओं का निवारण करेगी, उसी प्रकार बाकी टैक्सी कंपनियों को भी यह करना पड़ेगा। श्री शाह ने कहा कि भारत टैक्सी का लक्ष्य ग्राहक को खुश करने के साथ-साथ सारथी का भी कल्याण करना होना चाहिए।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा ''सारथियों को अपने आप को कभी ड्राइवर नहीं कहना चाहिए बल्कि गर्व के साथ स्वयं को सारथी कहना चाहिए। सम्मान के

## एआई से संचालित होगी भारत की अगली कृषि क्रांतिः डॉ. जितेंद्र

मुंबई। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) को कृषि नीति, अनुसंधान और निवेश संरचना का केंद्रीय स्तंभ बताया है और कहा है कि भारत की अगली कृषि क्रांति कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा संचालित होगी। डॉ. सिंह रविवार को यहां आयोजित एआई4एग्री 2026 शिखर सम्मेलन में उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि एआई पहली बार उन संरचनात्मक चुनौतियों के लिए व्यापक समाधान प्रदान करता है जिन्होंने लंबे समय से कृषि उत्पादकता को बाधित किया है, जिसमें अनियमित मौसम, सूचना विषमता और खंडित बाजार शामिल हैं। उन्होंने कहा, ''एआई जो प्रदान करता है वह कोई नया निदान नहीं है। यह अंततः एक ऐसा समाधान प्रदान करता है जिसे व्यापक स्तर पर लागू किया जा सकता है।

# सोने की कीमतों में तेजी विश्व भर के केंद्रीय बैंकों की खरीद के चलतेः सीतारमण

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि सोने की कीमतों में इस समय चल रही तेजी मुख्य रूप से दुनिया के केंद्रीय बैंकों की ओर से सोने-चांदी की खरीद बढ़ाये जाने के कारण है।

श्रीमती सीतारमण ने कहा कि देश में सोने के निवेश और उपभोग मांग को देख कर ऐसा नहीं लगता कि स्थिति चिंता के स्तर पर है फिर भी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की बाजार पर निगाह बनी हुई है। श्रीमती सीतारमण आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की बजट पश्चात बैठक में भाग लेने के बाद संवाददाताओं को संबोधित कर रही थी। वित्त मंत्री ने कहा, 'आजकल अधिकांश देश, विशेष रूप से उनके केंद्रीय बैंक, सोना और चांदी खरीदकर भंडारित कर रहे हैं। जब आप भारतीय उपभोक्ता बाजार की बात करते हैं, तो यह एक प्रवृत्ति के रूप में दिखता है। हर केंद्रीय बैंक के पास कुछ न कुछ भंडार होता है, लेकिन हाल के दिनों में आपने देखा होगा कि कई अन्य देशों के केंद्रीय बैंक भी सोना खरीद रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ' कीमतों में जो उछाल आया है, वह मुख्य रूप से केंद्रीय बैंकों द्वारा सोना खरीदने और उसे संग्रहित करने के कारण है। श्रीमती सीतारमण ने घरेलू उपभोग के बारे में कहा कि यह हर मौसम और हर त्योहार के साथ जुड़ी एक सामान्य स्थिति रहती है। लेकिन सोनेऔर चांदी की वैश्विक कीमतों में जो असामान्य और सामान्य उतार-चढ़ाव से कहीं अधिक वृद्धि हुई है, उसका प्रभाव हर घरेलू खरीद पर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कीमती धातुओं के मामले में हमारी निर्भरता लगभग पूरी तरह बाहरी स्रोतों पर है। हमारे पास सोने की खोज और उसके खनन का पर्याप्त घरेलू स्रोत नहीं है। इस दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन वे हमारी मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत में सोना हमेशा से परिवारों के लिए एक पसंदीदा निवेश रहा है। घरेलू उपभोग की उच्च मांग में त्योहारों के मौसम के दौरान मौसमी उछाल भी देखने को मिलता है। उन्होंने कहा, ' हम इस स्थिति पर नजर रखे हुए हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह किसी चिंताजनक स्तर तक पहुंचा है। मेरा मानना है कि यह एक निश्चित सीमा से आगे नहीं गया है। हालांकि, भारतीय रिज़र्व बैंक भी इस पर निगरानी रखे हुए है।

# बिरला ने 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दुनिया के देशों के साथ भारत के संसदीय संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया है।

लोकसभा सचिवालय ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम इस बात का संकेत है कि भारत की संसद विश्व की विभिन्न संसदों के साथ प्रत्यक्ष और नियमित संवाद बढ़ाना चाहती है, ताकि पारंपरिक राजनय के साथ-साथ संसदीय स्तर पर भी मजबूत संबंध बने रहें ।

श्री बिरला ने कहा कि इन मैत्री समूहों में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के सांसद शामिल हैं। इनमें रवि शंकर प्रसाद, डॉ. एम. थंबीदुरई, पी. चिदंबरम, प्रो. राम गोपाल यादव, टी.आर. बालू, डॉ. काकोली घोष दस्तीदार, गौरव गोगोई, कनिमोझी करुणानिधि, मनीष तिवारी, डेरेक ओ' ब्रायन, अभिषेक बनर्जी, असादुद्दीन ओवैसी, अखिलेश यादव, के.सी. वेणुगोपाल, राजीव प्रताप रूडी, सुप्रिया सुले, संजय सिंह, बैजयंत पांडा, डॉ. शशि थरूर, डॉ. निशिकांत दुबे, अनुराग सिंह ठाकुर, भर्तृहरि महताब, डॉ. डी. पुरंदेश्वरी, संजय कुमार झा, हेमा मालिनी, श्री बिप्लब कुमार देब, डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, जगदंबिका पाल, डॉ. सस्मित पात्रा, अपराजिता सारंगी, श्रीकांत एकनाथ शिंदे, पी.वी. मिधुन रेड्डी और प्रफुल्ल पटेल सहित कई अन्य नेता शामिल हैं।

लोकसभा सचिवालय ने बताया कि जिन देशों के साथ ये मैत्री समूह बनाए गए हैं, उनमें श्रीलंका, जर्मनी, न्यूज़ीलैंड, स्विट्ज़रलैंड, दक्षिण अफ्रीका, भूटान, सऊदी अरब, इज़राइल, मालदीव, अमेरिका, रूस, यूरोपीय संसद, दक्षिण कोरिया, नेपाल, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जापान, इटली, ओमान, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, सिंगापुर, ब्राज़ील, वियतनाम, मेक्सिको, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य सांसदों को अपने विदेशी समकक्षों से सीधे बात करने का अवसर देना है। वे अपने अनुभव साझा करेंगे, एक-दूसरे से सीख सकेंगे और नियमित संपर्क के जरिए आपसी विश्वास बढ़ाएंगे। इससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिलेगी और आपसी समझ बेहतर होगी। इन समूहों के माध्यम से व्यापार, तकनीक, सामाजिक नीतियों, संस्कृति और आज की वैश्विक चुनौतियों जैसे विषयों पर भी चर्चा होगी।

# पेज एक का शेष

## यूपी विरासत, आस्था...

शुभकामनाएं भी दीं। विरासत और विकास का अद्भुत संगम बना उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का सर्वाधिक आबादी वाला राज्य उत्तर प्रदेश आज जिस परिवर्तन का साक्षी है, वह बीते नौ वर्षों की प्रतिबद्धता, सुशासन और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने स्मरण कराया कि कभी दंगे, असुरक्षा और अराजकता जिसकी पहचान बन गए थे, वही प्रदेश आज कानून-व्यवस्था, निवेश और विकास का मॉडल बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जमीनी धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करते हुए उत्तर प्रदेश ने 'विरासत और विकास' का संतुलित और प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक मर्यादा और आत्मगौरव का प्रतीक है। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास हमारी शाश्वत परंपरा को आधुनिक स्वरूप में स्थापित करता है, जबकि मथुरा-वृंदावन की पावन भूमि भारत की भक्ति और अध्यात्म की जीवंत अभिव्यक्ति है। समरसता का साक्षात दृश्य महाकुंभ में देखने को मिलता है, जहां करोड़ों श्रद्धालु संगम में एक साथ आस्था की डुबकी लगाते हैं, न कोई बड़ा, न छोटा। सब एक स्वर में 'हर-हर गंगे' का उद्घोष करते हैं। यही भारत की आत्मा है और यही उसकी शक्ति। नौ वर्ष में तीन गुना हुई यूपी की अर्थव्यवस्था मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी सोच और रणनीतिक क्रियान्वयन का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था बीते नौ वर्षों में तीन गुना हुई है तथा प्रति व्यक्ति आय में भी लगभग तीन गुना वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश में 34 से अधिक सेक्टोरल नीतियां लागू हैं। 75,000 एकड़ का लैंड बैंक उपलब्ध है। क्लस्टर आधारित औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए गए हैं। निर्बाध विद्युत आपूर्ति और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था निवेश के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान कर रही हैं। आज भारत में बनने वाले मोबाइल फोन का लगभग 55 प्रतिशत तथा इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स का करीब 60 प्रतिशत उत्पादन उत्तर प्रदेश में हो रहा है। अब प्रदेश का प्रत्येक नागरिक शांतिपूर्वक विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने निवेश, पर्यटन और औद्योगिक साझेदारी के लिए सभी को उत्तर प्रदेश आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि आने वाला समय प्रदेश के लिए और अधिक संभावनाओं से भरा है। भारतीय अपनी पहचान और मूल्यों से जुड़े रहते हैं मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व के किसी भी कोने में रह रहा भारतीय समुदाय अपनी मातृभूमि के प्रति जो अटूट लगाव और आत्मीयता रखता है, वह हम सभी को भारत के विकास में योगदान देने के लिए नई प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रवासी भारतीयों के उत्साह और समर्पण के लिए अभिनंदन करते हुए कहा कि भारत की सांस्कृतिक जड़ें इतनी गहरी हैं कि हजारों किलोमीटर दूर रहकर भी भारतीय अपनी पहचान और मूल्यों से जुड़े रहते हैं। वर्षों पूर्व एक ऋषि ने कहा था, ''दुर्लभं भारते जन्म, मानुषं तत्र दुर्लभम्'' अर्थात भारत की पवित्र भूमि पर जन्म लेना ही दुर्लभ है और उसमें भी मनुष्य के रूप में जन्म लेना अत्यंत सौभाग्य की बात है। यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय होना चाहिए कि उसके पूर्वजों की जड़ें भारत से जुड़ी हैं और वही जड़ें आज भी उसे मातृभूमि के प्रति आकर्षित करती हैं। ग्लोबल विलेज की अवधारणा भारत ने सदियों पहले ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' के रूप में दी मुख्यमंत्री ने कहा कि माता और मातृभूमि का ऋण जीवनभर बना रहता है। भारतीय संस्कृति हमें यह सिखाती है कि जिस धरती पर हम रहें, उसके प्रति पूर्ण कृतज्ञता और दायित्वबोध के साथ कार्य करें। यही भारतीय संस्कार हैं। उन्होंने सनातन परंपरा के सार्वभौमिक दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने सदियों पहले ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' का संदेश दिया। यह धरती एक परिवार है। आज 'ग्लोबल विलेज' की जो अवधारणा दुनिया में प्रचलित है, उसका मूल भाव भारत ने हजारों वर्ष पहले स्थापित कर दिया था। एक परिवार की तरह विविधता में एकता, भिन्नताओं के बावजूद समान सम्मान और सामूहिक प्रगति, यही भारत की पहचान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मंत्र ''सबका साथ, सबका विकास'' इसी भारतीय चिंतन की आधुनिक अभिव्यक्ति है। विकास तभी संभव है जब सामूहिकता और कृतज्ञता का भाव साथ हो। प्रत्येक नागरिक का योगदान महत्वपूर्ण है और उसी सहभागिता से नया भारत आगे बढ़ रहा है। जल्द ही भारत बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था उन्होंने कहा कि आज का भारत आत्मविश्वास के साथ विश्व मंच पर अपनी शक्ति और क्षमता का परिचय दे रहा है। शीघ्र ही भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित होगा। यह केवल लक्ष्य नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प है। डिजिटल क्रांति, स्टार्टअप संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में भारत ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे अभूतपूर्व हैं। मुख्यमंत्री ने हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' का उल्लेख करते हुए कहा कि 20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्षों और 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लेकर भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका को स्वीकार किया। विश्व के विकसित देशों ने भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत द्वारा 140 करोड़ देशवासियों और वैश्विक समुदाय के हित में उठाए जा रहे कदमों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त और एसीएस फाइनेंस दीपक कुमार, सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक एन अंबुले और ग्लोबल इंडियन स्कूल के संस्थापक अतुल समेत अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## टीएमसी...

आए। तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के बाद उन्होंने 2021 का विधानसभा चुनाव कृष्णानगर उत्तर से भाजपा के टिकट पर लड़ा और जीत हासिल की। बाद में वह तृणमूल कांग्रेस में लौट आए लेकिन उन्होंने अपने विधायक पद से इस्तीफ़ा नहीं दिया और रिकॉर्ड में भाजपा विधायक बने रहे। बाद में उन्हें लोक लेखा समिति (पीएसी) का अध्यक्ष बनाया गया। श्री रॉय की विधायकी को रद्द करने की कानूनी कार्रवाई अदालत तक पहुँची और कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इसे रद्द करने का आदेश दिया था, लेकिन उच्चतम न्यायालय ने इस फैसले पर रोक लगा दी। श्री रॉय ने तृणमूल कांग्रेस के संस्थापक सदस्य बनने से पहले कांग्रेस के साथ अपना राजनीतिक करियर शुरू किया था। उन्होंने राज्यसभा सदस्य के तौर पर काम किया और केंद्र में शिपिंग और बाद में रेलवे सहित अहम मंत्रालय संभाले थे।

## पहली आतंकवाद...

विषय है। गृह मंत्रालय ने सुझाव दिया कि प्राथमिकी दर्ज करने से लेकर मुकदमा चलाने तक, जांच के हर चरण में कानूनी विशेषज्ञों को शामिल किया जाए, ताकि अपराधियों के खिलाफ मजबूत मामले तैयार किए जा सकें। इसमें इस बात पर भी जोर दिया गया है कि राष्ट्रीय स्तर पर उपायों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहयोग जरूरी है, ताकि सीमा पार आतंकवाद से निपटा जा सके।

## इंडी अलायंस का...

था कि वह गांधियन, नेहरूवियन और राजीवियन हैं, लेकिन 'राहुलियन' नहीं हैं। मणिशंकर ने अपने पुराने बयान पर विवाद को स्पष्ट करते हुए कहा- राहुल गांधी मुझसे करीब 30 साल छोटे हैं। मुझे उनके साथ काम करने का मौका नहीं मिला। इसलिए मैं खुद को राहुलवादी कैसे कह सकता हूं? अय्यर की ये टिप्पणियां कांग्रेस के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच आई हैं। विवाद की शुरुआत 16 फरवरी को हुई जब उन्होंने एक मीडिया चैनल से बातचीत में कहा कि इंडिया ब्लॉक को मजबूत करने के लिए एमके स्टालिन सबसे सही नेता हैं, जबकि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन सकते हैं।

## राष्ट्रपति भवन...

समीप सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा की स्थापना तथा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का निर्माण शामिल है। उन्होंने राष्ट्रपति भवन में आरंभ की गई पहलों–जैसे उद्यानों को अमृत उद्यान के रूप में खोलना, दरबार हॉल का नाम बदलकर गणतंत्र मंडप करना तथा परम वीर चक्र विजेताओं के चित्र स्थापित करने का भी उल्लेख किया और कहा कि ये कदम भारत के सभ्यतागत आत्मविश्वास को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राज्यसभा उपसभापति हरिवंश, विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल, सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन, जलशक्ति राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्यमंत्री निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया और राजाजी के परिजनों सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राजाजी के प्रपौत्र एवं भाजपा नेता सीआर केसवन ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राजाजी की विरासत को सम्मानित किया जाना राष्ट्र के लिए गौरव का विषय है।

## तेजस विमान में तकनीकी...

प्रक्रिया के तहत इस मुद्दे का गहन विश्लेषण किया जा रहा है और एचएएल त्वरित समाधान के लिए वायु सेना के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ताजा घटना इस महीने के शुरू में वायु सेना के एक प्रमुख एयर बेस पर उस समय हुई जब यह विमान नियमित प्रशिक्षण उडान के बाद रनवे पर उतर रहा था। दुर्घटना में पायलट समय रहते पैराशूट की मदद से बच निकलने में सफल रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह तेजस की तीसरी बड़ी दुर्घटना है पहला तेजस जैसलमेर में एक फायरपावर में हिस्सा लेने के बाद लौटते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस घटना में भी पायलट पैराशूट की मदद से बच निकला था। दूसरी बड़ी दुर्घटना पिछले वर्ष नवम्बर में दुबई एयर शो में उस समय हुई जब तेजस विमान अपनी करतबबाजी दिखा रहा था। इस दुर्घटना में पायलट की भी मौत हो गयी थी। इस घटना की जांच की जा रही है। तेजस वायु सेना के लिए देश में ही बनाया गया पहला लड़ाकू विमान है। वायु सेना के लिए तेजस के उन्नत संस्करण तेजस मार्क -1 ए के 180 विमानों की खरीद के संबंध में एच ए एल के साथ एक अनुबंध किया गया है। इन विमानों की डिलीवरी की कई समय सीमा पहले ही जा चुकी हैं लेकिन अभी वायु सेना के लिए ये विमान मिलने शुरू नहीं हुए हैं।

# बजट सत्र : विधानसभा में विधायक निधि फंड बढ़ाने की मांग पर विधायकों ने खोला मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बिहार। बिहार विधानसभा में सोमवार को विधायक निधि फंड बढ़ाने की मांग पर सत्ताधारी दलों के विधायकों ने ही नीतीश सरकर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सभी सदस्यों ने एक साथ खड़े होकर अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की।

इस दौरान सत्ता और विपक्ष दोनों ओर के विधायक इस मुद्दे पर एकजुट हो गए। सदन में इसे लेकर काफी देर तक नारेबाजी होती रही जिसके बाद पहले मंत्री विजेंद्र यादव और फिर उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा को आश्वासन देना पड़ा। दरअसल, विधायक निधि की मौजूदा राशि को बढ़ाने की मांग से जुड़ा सवाल भाजपा के प्रमोद कुमार ने उठाया। इस पर मंत्री विजेंद्र यादव ने कहा कि फ़िलहाल राशि बढ़ाने का कोई विचार नहीं है। इस पर एक साथ कई विधायक अपनी जगह पर खड़े हो गए और इसे क्षेत्र के विकास में बाधक बताया। भाजपा के नीरज बबलू ने भी जोरदार तरीके से निधि बढ़ाने का मुद्दा उठाया। मंत्री विजेंद्र यादव ने फिर कहा कि अगर सांसद का फंड बढ़ेगा तो हम यहां भी बढ़ाएंगे। उनके इस जवाब से सत्ता और विपक्ष दोनों ओर के विधायक एक साथ सदन में खड़े होकर हंगामा करने लगे। सरकार की ओर से उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि सदस्यों की मांग पर मंत्री गम्भीरता से विचार करेंगे और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इस पर चर्चा की जाएगी। बिहार में मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना के तहत विधायकों को अभी हर साल 4 करोड़ रुपये अनुशंसा के लिए मिलता है। बिहार विधानसभा में जहरीली शराब से हो रही मौत का मामला राजद विधायक रणविजय साहू ने कार्य स्थगन के माध्यम से सदन में उठाया। कहा कि 2016 से अब तक बिहार में 300 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। सरकार को सदन में इस पर चर्चा करनी चाहिए और जवाब देनी चाहिए। बिहार में बिना धार्मिक न्यास परिषद से निबंध मठ मंदिरों के घेराबंदी और चार दिवारी निर्माण का सवाल सदन में उठा। पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने सरकार से सवाल पूछा। उन्होंने मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना से मठ मंदिरों के चार दिवारी और घेराबंदी के निर्माण करने की मांग की। इस पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि, बिना धार्मिक न्यास बोर्ड में निबंधित मठ मंदिरों की घेराबंदी का सरकारी तौर पर नहीं किया जा सकता है।

# पंजाब सरकार मेरी रसोई योजना के तहत 40 लाख परिवारों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराएगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 'मेरी रसोई' योजना शुरु करने की सोमवार को घोषणा की, जिसके तहत राज्य सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत 40 लाख परिवारों को आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराएगी। मान ने यहां मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि इस पहल का उद्देश्य गरीब परिवारों के बच्चों का पर्याप्त पोषण सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार पहले से ही इन लाभार्थियों को रियायती दरों पर गेहूं उपलब्ध करा रही है और वह राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिबद्ध है। नयी योजना के तहत, सरकार दो किलोग्राम दाल, दो किग्रा चीनी, एक किग्रा आयोडीन युक्त नमक, 200 ग्राम हल्दी और एक लीटर सरसों का तेल देगी। मान ने कहा कि यह पाया गया है कि गरीब परिवारों के कई बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्य सामग्री का वितरण तिमाही आधार पर किया जाएगा और वितरण का पहला चरण अप्रैल में शुरू होगा। उन्होंने बताया कि यह योजना मार्कफ़ेड और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित की जाएगी तथा मानकों को बनाए रखने के लिए खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच की जाएगी।

# जेएनयू में छात्रों के दो समूहों में झड़प, कुलपति के इस्तीफ़े को लेकर निकाला 'समता जुलूस'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में छात्रों के दो समूह ने सोमवार तड़के एक विरोध मार्च के दौरान एक-दूसरे पर हिंसा करने का आरोप लगाया। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने निष्कासन आदेश को वापस लेने और कुलपति शांतिश्री धुलीपुडी पंडित के इस्तीफ़े की मांग करते हुए पूर्वी गेट की ओर 'समता जुलूस' निकालने का आह्वान किया था। छात्रों के मुताबिक, कथित घटना रविवार देर रात करीब 1.30 बजे हुई, जहां छात्रों के बीच झड़प के बाद कथित पथराव में कई छात्र घायल हो गए। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में दो समूहों के बीच हुई कथित झड़प पर अभाविप के राज्य संयुक्त सचिव विकास पटेल ने कहा कि जेएनयू में कुलपति के खिलाफ एक मार्च निकाला गया जिसमें उनको घेरने की योजना बनाई थी, लेकिन उन्होंने पूरे मार्च को स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज की ओर मोड़ दिया, जहां उनका विरोध प्रदर्शन पिछले सात दिनों से चल रहा था। वहां से उन्होंने उन छात्रों से निपटने की योजना बनाई जो उनके विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं हो रहे थे। उन्होंने अपनी कक्षाएं और पुस्तकालय बंद कर दिए और वाचनालय में ताला लगा दिया। उन्होंने कहा कि जब वह लोग छात्रों को विरोध में शामिल होने के लिए मजबूर कर रहें थे छात्रों के न मानने पर उनके कैडर ने कुछ छात्रों के साथ मारपीट की। पुलिस को बुलाया और पुलिस के आने के बाद, गार्ड की मदद से कार्यकर्ताओं को बचाने में कामयाब रहे। जेएनयू प्रशासन से भी शिकायत की जाएगी गार्ड ऐसी घटनाओं को रोकने में असमर्थ हैं बिल्कुल भी कोई काम न करें और पुलिस बल पर्याप्त नहीं था। पुलिस यथासंभव बड़ी संख्या में आए, मानव श्रृंखला बनाए और हमें वहां से बचाए।

# फर्जी दवाओं के खिलाफ दिल्ली पुलिस का देशव्यापी अभियान, पटना में अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शांति सेवा न्याय
Delhi Police
SHANTI SEWA NYAYA

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने अंतरराज्यीय नशीले पदार्थों और स्प्यूरियस दवाओं के खिलाफ अभियान को तेज करते हुए एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने बिहार के पटना के पास चल रही तीसरी अवैध दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया है। मौके से भारी मात्रा में नकली दवाएं, ओपिओइड, मशीनरी और पैकिंग सामग्री बरामद की गई है। यह कार्रवाई एफआईआर संख्या 273/25, धारा 22 एनडीपीएस एक्ट, थाना क्राइम ब्रांच की जांच के दौरान की गई। पूरी कार्रवाई पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव के नेतृत्व में की गई। मामले में पहले गिरफ्तार आरोपित अरुण से पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि बृजेश नामक व्यक्ति पटना के पास अवैध रूप से नकली दवाओं और सिरप का निर्माण व री-पैकेजिंग कर बाजार में सप्लाई कर रहा है। अरुण बड़े पैमाने पर ओपिओइड की अवैध मैन्युफैक्चरिंग और वितरण का समन्वय कर रहा था। सूचना के आधार पर एएनटीएफ की टीम पटना पहुंची और ड्रग विभाग की टीम को साथ लेकर छापा मारा। जांच में पाया गया कि यूनिट बिना वैध लाइसेंस के चलाई जा रही थी और अनिवार्य मैन्युफैक्चरिंग व एनालिटिकल केमिस्ट भी मौजूद नहीं थे। ड्रग विभाग ने नियमानुसार कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त के अनुसार छापेमारी के दौरान पुलिस ने 590 स्ट्रिप क्लावम-25, 30,000 से अधिक एम-मॉक्सी टैबलेट, 53,000 से अधिक एम्बिसेट टैबलेट, 10,000 विक्स एक्शन टैबलेट, 8,000 ट्रिप्सिन टैबलेट, 8,000 एक्सपायर्ड ओमेज कैप्सूल, बिना लेबल के कोडीन सिरप, 20 से अधिक प्रकार की अन्य टैबलेट/सिरप, इंडस्ट्रियल स्टिरर, ड्रम, खाली पेट बोतलें व ढक्कन और पैकिंग और लेबलिंग सामग्री शामिल है। बरामद एक्सपायर्ड दवाओं की बड़ी खेप से आशंका है कि इन्हें दोबारा पैक कर बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा था। नकली मेडिकल स्टोर्स के माध्यम से इन दवाओं की सप्लाई की जा रही थी। पुलिस उपायुक्त के अनुसार इस पूरे ऑपरेशन में अब तक 9 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 13 किलोग्राम से अधिक ट्रामाडोल पाउडर और 500 ग्राम से अधिक अल्प्राजोलम सहित अन्य मनोदैहिक पदार्थ भी बरामद किए गए हैं। पुलिस टीम ने विभिन्न राज्यों में हजारों किलोमीटर की यात्रा कर अलग-अलग मॉड्यूल और फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई देश में फैले बड़े नशीले पदार्थ नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में अहम कदम है। एएनटीएफ/क्राइम ब्रांच अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और नेटवर्क के पूर्ण सफाए के लिए लगातार छानबीन कर रही है। डीसीपी एएनटीएफ संजीव कुमार यादव ने कहा कि जो लोग जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करेंगे, उनके खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाएगी। दिल्ली को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में अभियान जारी रहेगा।

## शाहबाद डेयरी में युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के बाहरी उत्तरी जिले के शाहबाद डेयरी इलाके में सोमवार को एक युवक को गोली मारने का मामला सामने आया है। घायल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। बाहरी उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी के अनुसार थाना शाहबाद डेयरी पुलिस को अस्पताल से सूचना मिली कि एक व्यक्ति को गोली लगने की हालत में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। जहां पता चला कि घायल को प्राथमिक उपचार के बाद दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। जांच में घायल की पहचान 36 वर्षीय राजेश पासवान के रूप में हुई है। वह शाहबाद डेयरी में रहता है और बैटरी रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। मेडिकल लीगल केस (एमएलसी) के अनुसार, शाहबाद डेयरी स्थित अखाड़ा के पास उसे गोली मारी गई। गोली उसके चेहरे के दाहिने हिस्से में लगी है। फिलहाल उसका इलाज जारी है।

## नशीले पदार्थों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस: मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 9वीं एपेक्स स्तरीय एनसीओआरडी की बैठक संपन्न

पटना। मुख्य सचिवालय स्थित सभागार में बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय एनसीओआरडी (नार्को कोऑर्डनैशन सेंटर )की 9वीं एपेक्स कमेटी (शीर्ष स्तरीय समिति) की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य राज्य में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध खेती और दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना था। बैठक की शुरुआत में गृह विभाग द्वारा राज्य में मादक पदार्थों की वर्तमान स्थिति और पिछले निर्णयों के अनुपालन पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि राज्य स्तर पर एनकॉर्ड की बैठक त्रैमासिक और जिला स्तर पर मासिक रूप से अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए।

# सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा के लिए बनेगी एसओपी: मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकारी कार्यालयों एवं कार्यस्थलों पर अधिकारी-कर्मचारियों और शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार को उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक मोर्चा के पदाधिकारियों ने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री धामी से भेंट की थी। इस दौरान पदाधिकारियों ने 21 फरवरी को प्राथमिक शिक्षा निदेशालय में हुई घटना सहित हाल में विभिन्न स्थानों पर सरकारी कर्मचारियों के साथ हुई घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कार्मिकों के मान-सम्मान और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने मुख्य सचिव को दूरभाष पर निर्देश देते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों की सुरक्षा के लिए शीघ्र एसओपी तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को भी निर्देश दिए कि सभी सरकारी कार्यालयों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं और इस प्रकार की घटनाओं पर त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून को शिक्षा निदेशालय की घटना में शामिल दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर राज्य औषधीय पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह पंवार, उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक मोर्चा के अध्यक्ष राम सिंह चौहान, महामंत्री मुकेश बहुगुणा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पटना सिविल कोर्ट ने आईजी एम. सुनील नायक की ट्रांजिट रिमांड अर्जी की खारिज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। राजधानी पटना की सिविल अदालत में सोमवार को हुई सुनवाई में बिहार होमगार्ड एवं अग्निशमन सेवा के महानिरीक्षक (आईजी) एम. सुनील कुमार नायक को राहत मिली है। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-12 (एसीजेएम-12) की अदालत ने आंध्र प्रदेश पुलिस की ओर से दायर ट्रांजिट रिमांड की अर्जी को खारिज कर दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि विधिसम्मत प्रक्रिया और पर्याप्त दस्तावेजों के अभाव में किसी भी अधिकारी को राज्य से बाहर ले जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। सुनवाई के दौरान अदालत ने आंध्र प्रदेश पुलिस की तैयारी पर कड़ी नाराजगी जताई और सीधे ट्रांजिट रिमांड देने से इनकार कर दिया। सुनवाई के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ पुलिसकर्मी बिना वर्दी अदालत में उपस्थित हुए थे। इस पर अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों को बैठा लिया। इनमें आंध्र प्रदेश पुलिस के तीन कर्मियों के शामिल होने की जानकारी दी गई है। दरअसल, आईजी सुनील कुमार नायक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 (हत्या के प्रयास), जो वर्तमान में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109 के समकक्ष प्रावधान से संबंधित है, के तहत मामला दर्ज है।

# स्कूल से निकले तीन नाबालिग हरिद्वार में मिले, नगर कोतवाली पुलिस ने किया रेस्क्यू

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। नगर कोतवाली पुलिस ने गुरुग्राम हरियाणा से स्कूल जाने के लिए घर से 20 फरवरी को निकले तीन नाबालिगों को रेस्क्यू किया है। तीनों बच्चे घूमने की योजना बनाकर रेल से हरिद्वार पहुंचे। पुलिस ने बच्चों के परिजनों को सूचना दे दी है। ऑपरेशन स्माइल के तहत लगातार पुलिस टीमें रेलवे स्टेशन, हर की पैड़ी व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भ्रमणशील रहकर बिना अभिभावकों के घूमते मिले बच्चों से पूछताछ एवं सत्यापन करती हैं। इसी क्रम में पुलिस टीम हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर चेकिंग पर थी। इसी दौरान तीन बालक संदिग्ध अवस्था में लावारिस घूमते मिले। प्रारंभिक पूछताछ में बच्चे संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए। पुलिस ने बच्चों की काउंसलिंग कर उन्हें बाल गृह ज्वालापुर में दाखिल कराया। पुनः काउंसलिंग के उपरांत बच्चों ने अपना नाम व पता बताया। परिजनों से संपर्क करने पर ज्ञात हुआ कि बच्चे स्कूल के लिए घर से निकले थे। बच्चों के न लौटने पर थाना, गुरुग्राम (हरियाणा) में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। तीनों बालक कक्षा 6 के छात्र हैं, जो कि हरिओम इंटरनेशनल स्कूल खेड़की के विद्यार्थी हैं। स्कूल की छुट्टी के बाद बिना परिजनों को बताए रेल के माध्यम से हरिद्वार आ गए थे। रेस्क्यू किए गए बालक आर्यन पुत्र रोहित, उम्र 11 वर्ष, दीपक पुत्र मिन्नत राज, उम्र 12 वर्ष व मयंक पुत्र सुनील, उम्र 12 वर्ष, निवासीगण ग्राम खेड़की डोला, गुरुग्राम, हरियाणा बताए गए हैं।

# नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में फैक्ट्री मालिक की हत्या का खुलासा, एक नाबालिग समेत तीन दबोचे

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में 28 वर्षीय फैक्ट्री मालिक की चाकू गोदकर हत्या के मामले का खुलासा करते हुए एक नाबालिग सहित तीन आरोपितों को पकड़ लिया है। वारदात में इस्तेमाल चाकू, स्प्लेंडर बाइक और घटना के समय पहने कपड़े भी बरामद कर लिए गए हैं। अन्य फरार आरोपितों की तलाश जारी है। बाहरी उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने सोमवार को बताया कि 20 फरवरी की रात करीब 8:30 बजे गौतम कॉलोनी निवासी रवि (28) अपनी फैक्ट्री 'चौधरी एंटरप्राइजेज' (डीएसआईआईडीसी), नरेला से मोटरसाइकिल पर घर लौट रहे थे। तभी कुछ हमलावरों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और गर्दन, कंधे व पीठ पर ताबड़तोड़ चाकू से वार कर दिए। गंभीर हालत में उन्हें नरेला के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई रणवीर सिंह की शिकायत पर थाना नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में एफआईआर संख्या 85/26 भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1)/3(5) के तहत दर्ज की गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि 19 फरवरी को रवि और फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर राहिद उर्फ राहिल के बीच काम को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद के दौरान रवि ने राहिद को थप्पड़ मार दिया था। इसी अपमान का बदला लेने के लिए राहिद ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। पुलिस उपायुक्त के अनुसार 22 फरवरी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मेट्रो विहार फ़ेज-2, होलंबी कलां निवासी अभय उर्फ हनुमान (19), रितिक (18) और एक किशोर को पकड़ लिया।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063